क्यारेक समस्यानी निराकरणमां आछुं स्मित आपे एवां कार्य-कारण आविष्कृत थतां होय छे. प्रश्नकर्ता कोई सामान्य परिस्थितिने उद्देशीने कोई प्रश्न पूछे छे, ने उत्तर आपनार पांडित्यथी ए सामान्य साथे विशेषने प्रयोजे छे. अहीं कथातत्त्व तो मात्र आछा पातळा तंतु जेवु ज रहे छे. ने एवा आछा-ओछां वार्तातत्त्वना अवलंबने विशिष्ट अर्थ के संदर्भनुं उमेरण चमत्कृत करे एवुं अर्थदर्शन क्वचित् हास्यना स्मित, हसित, विहसित, उपहसित, अपहसित अने अतिहसित जेवा हास्यप्रकारो पैकी स्मितने अवकाश आपे छे. प्रबंध-चिंतामणिमां भोज अने धनपालना संदर्भमां आवुं एक स्थान अहीं नोंधवा जेवुं छे. राजा भोजे प्रासादना द्वारमा

१२ शोध अने स्वाध्याय पृ० ३८५

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

गोखलामां रतिने हाथताळी दई हसतां कामदेवना हास्यनुं कारण पूछतां वनपाले कह्युं, 'त्रिभुवनमां जेनो संयम प्रख्यात छे एवा आ शंकर हवे विरहथी भय पामीने स्त्रीने पोताना शरीरमां धारण करे छे. तेथी–आ शंकरे मने जित्यो हतो– एम कहेतां हसवुं आव्युं छे एवो प्रियाना हाथमां पोताना हाथथी ताळी आपनार कामदेव जय पामे छे. (पृ०८६)

कोई एक परिस्थितिनुं कारण स्पष्ट करतां चमत्कारमूलक पद्य प्रश्नोत्तर समस्यानो एक प्रकार छे. शिवनी अर्धनारीश्वरनी मूर्ति अने कामदहनना प्रसंगना विरोधने एक साथे सांकळीने कामदेवना हास्यमां अन्य संप्रदाय प्रत्येनी प्रच्छन्न उपहासलीला होवा छतां सूक्ष्मताने कारणे स्मित फरकावे एवुं छे

नटपुत्र रोहक

बुद्धिप्रतिभाथी अशक्य लागता कार्यने कुनेहथी पूरुं करता चतुर पुरुषोनां पात्रोमां बौद्ध-धारामां महाउम्मगजातक (५४६) ना महौषधनुं तथा जैनधारामां नटपुत्र भरत रोहक अने अभयकुमारनुं पात्र नोंधवा जेवां छे. आवश्यकचूर्णी, निर्युक्ति, उपदेशपद इत्यादिमां भरत रोहकना अशक्यने बुद्धिबळे शक्य बनावतां कार्यो आलेखायां छे. सोंपेला घेटानुं वजन न वधवा देवुं के न घटवा देवुं, हाथी मृत्यु पामे तो पण मृत्यु पाम्यो छे एम क्यारेय न कहेवुं छतां एना साचा समाचार तो मोकलवा ज, न तडको न छांयो, न दिवस न रात, न वाहन न पगपाळा, न उडो न रस्तावगर प्रवास करी राजाने मळवा आववुं वगेरे शरतो रोहक बुद्धिबळे पाळे छ. आ कथाओमां अद्भुत आश्चर्यनो अहोभाव अनुभवाय छे एटलुं हास्य नथी.

धूर्तकथा

मूर्ख अने चतुर जेटलुं महत्त्व प्राचीन अने मध्यकालीन कथासाहित्यमां विट अने धूर्तोनुं छे. चोर, डाकू के लूंटारा करतां विट अने धूर्त विशिष्ट ए रीते छे के तेओ बहु सहेलाईथी संस्कारी सज्जन तरीके गोठवाईने गमे तेवाने छेतरी ले छे. अंग्रेजी राज्यअमल सुधी अस्तित्व धरावता फांसिया ठगनी संस्थाना पूर्वजो ते आ विट अने धूर्त. चतुर्भाणी अंतर्गत ईश्वरदत्तकृत 'धूर्तविटसंवाद'मां कहेवामां आव्युं छे के पाटलिपुत्रना राजमार्गो विटथी ऊभराता हता. भरतमुनिए विटने वेश्योपचार कुशल, मधुरभाषी, सभ्य, कवि, चतुर अने वाक्पटु कह्यो छे. तो क्षेमेन्द्र क्षीण, गुणहीन, सदोष कलासंपन्न अने कृष्णपक्षना चंद्र जेवो कुटिल कही नमस्कार करे छे. विट, चेट, डिंडिक ने धूर्त पैकी विटनो विशेष उपयोग संस्कृत भाणमां थयो छे. वेश्यावाडामां गयेलो विट आकाशभाषितथी अनेक व्यक्तिओ जोडे वेश्याओनी कामक्रीडानी वातो कहेतो होय छे. धूर्त अने चोरने आवुं महत्त्वनुं स्थान अने वहेण कथासाहित्यमां मळ्यां.

धूर्तकथाओनुं जूनामां जूनुं संपादन आचार्य हरिभद्रसूरि (ई. स. ७००–७८०) कृत प्राकृत धूर्ताख्यान छे. आ विषयनी सर्वप्रथम कृति आथी पण आगळ होवानुं डॉ. भायाणी[13] जणावे छे. संस्कृत, प्राकृत, पालि अने अपभ्रंश जेवी भाषाओमां प्रचलित कथानकोनां मूळ तो प्राचीन होय ज. इन्द्रसौभाग्यकृत (सं. १७१२) धूर्ताख्यान-प्रबंधनी नोंध श्री. मो. द. देसाइए[14] करेली छे.

---

१३ शोध अने स्वाध्याय, डॉ. भायाणी पृ० २८

१४ जैन गूर्जर कविओ भाग–३, खंड–२, पृ० ११९४

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

ધૂર્તનાયકના પૂર્વજો કે સૂરિ ગણાય છે આચાર્ય મૂલદેવ અને શશિ. ઘટ-કર્પર અને શશિ–મૂલદેવનાં કથાનકો કથાસરિત્સાગરમાં મળે છે.[૧૫] આવશ્યકચૂર્ણી, નિર્યુક્તિ અને ઉપદેશ-પદ ઉપરાંત અન્યત્ર પણ આ અંગેના કથાનકો મળે છે, જે હાસ્ય-રમૂજનાં છે.

શશિ અને મૂલદેવ જેવાં ધૂર્તશિરોમણિ પાત્રોની વિભાવના પ્રાકૃતકથામાં સાંબ-પ્રદ્યુમ્ન જેવાં પાત્રોમાં અને ગુજરાતીમાં વિક્રમચરિત્ર, ખાપરાચોર અને સહસ્રબુદ્ધિ જેવાં પાત્રોમાં પાંગરતી જોવા મળે છે. આ પ્રકારના પાત્રોની વિશેષતા એ છે કે પોતાના કોઈ અંગત સ્વાર્થ કે લાભને બદલે કેવળ મોજ કે ટીખળથી અન્યને છેતરવા પ્રવૃત્ત થતા હોય છે.

સંઘદાસ ગણિ કૃત પ્રાકૃત વસુદેવહિંડીમાં સાંબ અને પ્રદ્યુમ્નના તરકટો અને તોફાનો હાસ્યરમૂજનાં સુન્દર દષ્ટાંતો છે. પ્રજ્ઞપ્તિ વિદ્યાના જોરે વાયુ રૂપ ધારણ કરી પ્રદ્યુમ્ન કૃષ્ણ, રુક્મિણિ, વસુદેવ જેવાને પણ લાગમાં લે છે. સામસામી હજામત કરતાં હજામોનો પ્રસંગ ખડખડાટ હસાવે એવો છે. એક પ્રસંગે તો પ્રદ્યુમ્ન વસુદેવ બની દાદીઓના ઘેરામાં બેસી ગયો અને સાચા વસુદેવને બહુરૂપી ઠરાવી રાતાચોળ કરી મૂકે છે. નટખટ નંદકિશોરની બ્રાહ્મણધારાની વિભાવના જ જૈનધારાની કૃષ્ણકથામાં પ્રદ્યુમ્નના પાત્રમાં મૂર્ત થઈ છે.

પ્રદ્યુમ્નના પાત્રનું પ્રતિબિંબ મધ્યકાલીન ગુજરાતી કથાસાહિત્યમાં વિક્રમચરિત્રના પાત્રમાં ઝીલાયું લાગે છે. શુભશીલગણિકૃત 'વિક્રમચરિત્ર,' ઉદયભાનુરચિત 'વિક્રમચરિત્રરાસ' (૧૫૦૯), સાધુકીર્તિ રચિત વિક્રમચરિત્રરાસ, શામળે લખેલી બત્રીશીની ૧૨મી વાર્તા, વગેરેમાં વિક્રમચરિત્રનાં પરાક્રમો નિરૂપાયાં છે. ડૉ૦ ભાયાણી કહે છે તેમ[૧૬] વિક્રમચરિત્રના મૂળ કથાનકમાં મૂલદેવ અને શશિની, કેટલીક તો મૂળ પ્રાકૃત ધૂર્તાખ્યાન સુધી જતી, ધૂર્તકથાઓની સેળભેળ થયેલી છે.

ઉદયભાનુ રચિત વિક્રમચરિત્ર રાસમાં લીલાવતીને ભૂલી રાજયમાં લીલાલહેર કરતાં રાજા વિક્રમને એનો જ પુત્ર વિક્રમચરિત્ર પોતાના ધૂર્તતાપૂર્ણ મજાકિયા સાહસોવડે ધોળા દિવસે તારા દેખાડે છે. શેલૂત, શશિદેવ-મૂલદેવ, પુરોહિત, ગોગ્ગ વેશ્યા, ધોબી ને અંતે રાજાને પણ, ખડખડાટ હસવું આવે એ રીતે બનાવીને અંતે પોતાનો ઓળખ આપે છે.

સહસ્રબુદ્ધિ

શશિ મૂલદેવ, ઘટ-કર્પર, ખાપરાચોર કે વિક્રમચરિત્રને મળતું જ મધ્યકાલીન ગુજરાતી પાત્ર ચોર સહસ્રબુદ્ધિનું પંડિત પદ્મવિજયગણિએ રચેલા 'ગૌતમકુલક બાલાવબોધ'ની સોળમી કથામાં[૧૭] ખીલવ્યું છે. સહસ્રમલ રોજ રાતે નગરમાં ચોરી કરી ઘેરે આવી નિરાંતે ઊંઘી જાય છે. બીજે દિવસે નગરમાં ફરવા નીકળેલી એની માતા સમાચાર લાવે કે આજે અમુક માણસે ચોરને પકડવાની ડંફાશ મારી છે કે સહસ્રમલ્લ એ જ માણસના ઘરમાં ધાપ મારે. આ રીતે એણે કૌશાંબી નગરીમાં રત્નસાગર, પુરોહિત, હજામ, નગરશેઠ, પ્રધાન, કામપતાકા, કોટવાલ ને અંતે રાજાને ખુદને છેતર્યાં. એને પકડવા માટે વિદ્યા અજમાવવા નીકળેલા સાધુઓને પણ એણે ન છોડ્યા. વાણંદે રાજસભામાં કહ્યું; 'રત્નસાગર ને પુરોહિતના ઘરની સંપત્તિ મળવાથી ચોર મારી પાસે હજામત કરાવવા ને નખ કપાવવા આવશે ત્યારે હું એને પકડાવી દઈશ.' કાપડિયો બોલ્યો, 'ચોર કાપડ

૧૫ ઓશન ઓવ સ્ટોરીઝ–ટોની પેન્ઝર–ભાગ-૫ પૃ૦ ૧૪૨ પરથી નોંધ તથા હિંદી "આજકલ" ઓગષ્ટ ૧૯૭૦, ધૂર્તશિરોમણિ મૂલદેવ ઓર ધૂર્તવિધિ એ લેખ તથા ક્ષેમેન્દ્રકૃત કલાવિલાસ"

૧૬ શોધ અને સ્વાધ્યાય પૃ૦ ૧૦૩

૧૭ જૈન કથારત્નકોષ–ભાગ-૬, ભીમસિંહ માણક બીજી આવૃત્તિ, પૃ૦ ૨૯૫.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

खरीदवा आवशे, त्यारे हुं पकडीने केद करावीश.' सहस्त्रमल्ल बीजे दिवसे साच्चे ज ए हजाम पासे वाळ अने नख कपाववा गयो ने पैसा लेवा हजामना छोकराने साथे लई कापडियानी दुकाने आव्यो. किंमती कापड लई, 'पैसा मोकलाउं छुं ने थापण तरीके मारा छोकराने मूकतो जाउं छुं' कही वेपरीने छेतरी गयो. मर्दनियो बनी राजा पासे आव्यो ने मर्दनथी राजाने ऊंघाडी, आभूषणो ऊठावी आरामथी छटकी गयो.

बोले बांधनार

मूर्खकथानां बोलने वळगनार पात्रोथी तद्दन भिन्न प्रकार बुद्धिचातुर्यनां कथानकना धूर्तोना जोडिया भाई जेवा बोले बांधनारनो छे. बोलने वळगनार कोईना बोलने पकडी लई बीजाने मुश्केलीमां मुके छे ने पोते पण मुश्केलीमां मुकाय छे. ज्यारे बोले बांधनार पात्र तो बोलनार सामी व्यक्तिने ज आपत्तिमां मूके छे. डॉ० ह. चू. भायाणीए लोककथामां लंकाकांड (शब्दछलनो एक विशिष्ट प्रकार)[१८] मां बे बंगाळी लोककथा - कंगाळनी कथा अने भाग्यशाळी भामटानी कथा– अने एक मध्यकालीन गुजराती कथानी चर्चा करी छे. प्राकृतमां रचायेला 'आख्यानकमणिकोश' पर ई. स. ११३४मां आम्रसूरिए धोळकामां रही रचेली वृत्तिमां वेधुदत्तना मुखे लंकाकांडनी कथा मूकवामां आवी छे, आ प्रकारना कथानकनो नायक बोलनारना शब्दने पकडी एने आधारे ज सामी व्यक्तिने नुकशान पहोंचाडे छे. प्रवासनो मार्ग झघडो करीने खुटाडवानुं कहेती भरवाडणोने पगनी आंटी नाखी पछाडे छे. लंकाकांडने रूबरू जोवानी इच्छा दर्शावती डोशीना झूंपडा पाळेला वांदरानी पूछडीए गोदडा बींटी सळगावे छे. 'तेलना टीपे तो आयुष्य वधे' कहेनारनी तेलनी कोठी फोडे छे. ने 'बे कोडीमां तो पान खानारना होठ चाटवा मळे' कहेतां पानवाळाने बे कोडी आपी, एनी पान खाती पत्नीना होठ चाटे छे. आम अहीं बोलनारना बोलने वळगीने परेशानी, पजवणी के नुकशानी करवामां आवे छे, जे हास्य जन्मावे छे.

आ कथानकने मळतुं अन्य कथानक हरिभद्रसूरिए रचेला प्राकृत उपदेशपदमां निर्भागीना कथानकमां मळे छे.[१९] निर्भागी कोइना बळद मागी लाव्यो ने ए पाछा आपवा गयो त्यारे पेलो बळदनो मालिक जमतो होइ निर्भागीए 'आ तमारा बळद तमने पाछा सोंपुं छुं' एम न कह्युं. बळद वाडामांथो बहार नीकळी गया अने चोर चोरी जतां मालिक निर्भागीने लई राजदरबारे फरियाद करवा उपड्यो. रस्तामां घोडा परथी पडेला सवारे भागता घोडाने उद्देशतां 'मारो मारो' कह्युं. निर्भागीए घोडाने मार्युं ने घोडो मरी जतां घोडेसवार पण फरियादमां जोडायो. आ आपत्तिथी कंटाळी निर्भागी गळे फांसो खाई मरवा गयो परंतु दोरडुं तूटतां नीचे एक वृद्ध नट पर पड्यो ने एनुं मृत्यु थतां नटनो पुत्र पण फरियादमां जोडायो. आ कथानकनो नायक दुर्भागी बोलने वळगता मुग्ध जेवो नथी के नथी ए बोले बांधनार धूर्त. परंतु निर्भागीनी अपदशानी हारमाळामां स्पष्ट लंकाकांडीय माळखुं ज रहेलुं छे. लंकाकांडनी कथामां नायकनुं चातुर्य प्रसंगना मूळमां छे, अहीं दुर्भाग्य.

बोले बांधनारना अन्य कथानकोमां कोई निर्दोषने वचने बांधी धूती ले ने ए पछी कोई एने छोडाववा माटे एवी ज युक्ति रचे–ए प्रकारना कथानकोनो पण समावेश करी शकाय. प्राकृत कथाना गाडा-पोपट अने 'बिरबलनी खीचडी'ना मूळ जेवा प्राकृतना दाद अने दीवाना कथानकने अहीं जोवा जेवां छे. 'गाडा–पोपटनो भाव शुं' एवुं पूछी धूर्त शेठ पोपट

---

१८ अनुसंधान, डॉ ह. चू. भायाणी पृ० ४२थी ४९

१९ प्रा. उपदेशपद महाग्रंथनो गुर्जर अनुवाद–आ. हेमसागरसूरि पृ. १२२

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

સાથે ગાડું પણ ઉપાડી ગયો. આનું સાટું વાળવા ગામડિયાએ સપાત્રદાન માગ્યું ને સાથનું આપવા આવેલી એ ધૂર્ત શેઠનો પત્નીને પણ સાથે ખેંચી જવા લાગ્યો.[20] આવશ્યકચૂર્ણી (પૃ. ૫૫૧)માં આવી અન્ય કથા છે. બે મિત્રોને છૂંગે ખજાનો મળતાં એક સ્થાને છુપાવ્યો. એક જણની દાનત બગડતા ખજાનો કાઢી લીધો ને કોલસા ભરી કહ્યું, 'આપણા દુર્ભાગ્યે કોલસા થઈ ગયા.' પેલો મનમાં સમસમી ગયો ને 'જૈસે-કો તૈસા' જેવો તોડ કાઢ્યો. પેલાના પુત્રને જમવા બોલાવી છુપાવી દીધો અને કહ્યું, 'એ તો મૂર્તિ બની ગયો.' પેલો બોલ્યો, 'અરે માણસ તે કંઈ મૂર્તિ બને ?' 'હા' પેલાએ કહ્યું, 'જેમ ધનનો કોલસો બને.' આવશ્યકચૂર્ણી (પૃ. ૫૨૩-૨૪)માં એક કથાનક આ પ્રમાણે છે :

શરત પ્રમાણે એક માણસ આખી રાત ઠંડાપાણીમાં રહ્યો. એણે દીવો જોઈ ટાઢ ઉડાડી, એવું બહાનું આગળ કરી શરત પ્રમાણે પૈસા ન આપ્યા. છેતરાયેલા મિત્રે એને જમવા નિમંત્ર્યો ને પાણી માગતાં લોટો દેખાડ્યો. પેલો બોલ્યો, 'એમ કંઈ લોટો જોયે તરસ છીપે ?' 'હાસ્તો' છેતરાયેલાએ જવાબ આપ્યો, 'જેમ દીવો જોયે ટાઢ ઊડે.'

અહીં, ડૉ. હ. ચૂ. ભાયાણીએ 'ટગારું માગણું અને ટગારી ચૂકવણી'નાં કથાનકો ચર્ચ્યાં[21] છે. તે પણ સાંકળી શકાય.

ધૂતારાની વાતો એટલી તો વ્યાપક છે કે પ્રવાસે જતા પતિને પત્ની કે પુત્રને પિતા અમુક તમુક ગામમાં જતાં સાવધ રહેવાની સૂચના આપે. આ સલાહ સાથે પણ ધૂર્તની કોઈ કથા મળે અને પ્રવાસી પ્રવાસમાં ઠગાય ત્યારેય પાછી વાર્તા મળે. આ રીતે ફસાવનાર કોઈ ધૂર્ત હોય, વેશ્યા હોય કે પછી આખું ગામ પણ હોય. વસુદેવ જ્યારે ભદ્દિલપુર પહોંચ્યા ત્યારે અંશુમાને ઠગથી બચવા કહ્યું ને ધમ્મિલને પણ વંચકોથી બચવાની સલાહ મળી. અન્યથા તો બધાને છેતરતી ફરતી વેશ્યા પંદરમી સદીમાં રચાયેલા રત્નચૂડરાસમાં ધૂતારા નગરીમાં ફસાયેલા રત્નચૂડને ઉગારી લે છે.[22] શામળની સિં. બ. ની ૧૮મી વહાણની વાર્તામાં પણ ધૂતારા નગરી છે. ડૉ. ભાયાણી લખે છે, 'આગળ જતાં મધ્યકાલીન કથાસાહિત્યમાં કટાહદ્વીપ ધૂતારા નગરીનું પ્રતીક બની રહે છે. ધૂતારાનગરી એ લોકકથાની ઘણી જાણીતી કથાયુક્તિ છે. તેવી નગરીના બધા પ્રજાજનો, અધિકારીઓ, કોટવાલ, ન્યાયાધીશ, પ્રધાન અને રાજાઓ એ સૌ ઠગારા હોય અને યુક્તિ પ્રયુક્તિ અને કૂડકપટથી તેઓ પરદેશીઓને ફસાવે અને તેમનું બધું હરી લે. આ રીતનું નિરૂપણ ઘણી મધ્યકાલીન કથાઓમાં મળે છે. આવી નગરી તરીકે કેટલીક કથાઓમાં કટાહદ્વીપનો ઉપયોગ થયો છે અને તેનું નામ જ 'કૂડકટાહ' પડી ગયું છે.'[23]

સ્ત્રી-ચરિત્ર

પુરુષની અન્ય વ્યક્તિઓને છેતરવાની કુનેહ ધૂર્તકથામાં નિરૂપાય છે તેમ શિથિલ ચારિત્ર્ય-વાળી ને ચાતુર્યથી પતિને કે અન્યને છેતરનારી સ્ત્રીઓનાં કથાનકો સ્ત્રીચરિત્રમાં આલેખાયાં છે. કયું ચરિત ચડે-સ્ત્રીચરિત કે પુરુષચરિત્ર એવો પ્રશ્ન પણ કથાસાહિત્યની એક રાજસભામાં[24] ઉઠાવાયો છે ને એમાં સ્ત્રીચરિત્ર ચડિયાતું સિદ્ધ થાય છે. સંસ્કૃત શુકસપ્તતિ, શામળકૃત શુકબ-

૨૦ વસુદેવ હિંડી-ભાષાન્તરકાર ડૉ. સાંડેસરા પૃ. ૫૭-૫૮

૨૧ શોધ અને સ્વાધ્યાય-પૃ. ૨૨૪ થી ૨૩૪

૨૨-૨૩ અનુસંધાન પૃ૦૫૦-૫૨

૨૪ શ્રી નયસુંદર વિરચિત રૂપચંદ કુંવર રાસ-આ.કા.મ. ઔ. ૬ માં

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

होतेरी अने असंख्य रासकृतिओ, कथाकोषादिमां स्त्रीचरित्रना कथानको आलेखायां छे. भ्रष्ट चारित्र्यवाळी स्त्री पोताना प्रेमी साथे रंगरागमां डूबेली होय ए ज वखते पति, सासु, ससरो, दियर, नणंद के शोक्य आवी चडे ने ए घोबण, कोळण, काछण, रबारण, सुतारण, जाटण, कणबण के राजराणी कोई एवो अद्भुत तोड काढे के पोते ने जार तो बची जाय, पण जोई जनार जो ससरो होय ने नूपुर जेवी साबिती लई आव्यो होय तोय जूठो पडे,[२५] जेठ ने ससरो होय तो पेली स्त्री बधुं नणंद माथे ढोळे ने तेरी बी चूप और मेरी बी चूप थई जाय,[२६] सासु होय तो एने घरार सती थई मरवुं पडे[२७] ने जोनार पति होय तो धूणती पत्नी ने ज्वालामुखी मानी पूजवा लागे ने क्वचित आनंदविभोर बनी पत्नी ने पत्नीना प्रेमीने खाटलामां बेसाडी राखे, माथे खाटलो पण उपाडी ले.[२८]

स्त्रीनी कुटीलता अने कुनेहना आ किस्साओ मध्यकालना श्रोता माटे, नीति नाकनुं टेरवुं चडेलुं न होय एवा आजना श्रोता माटे पण, खडखडाट हसवानुं निमित्त पूरूं पाडे छे. क्वचित अपवादरूपे पति पत्नीनी चालचलगत पामी जतो होय छे ने पचावी पण जतो होय छे. 'कुमारपाल प्रतिबोध' नी एक कथामां पति नाग पत्नीना चारित्र्यनी कसोटी करवा मजूरना वेशमां पत्नी ने मळे छे. पत्नी एना सूळीए चडेला जारने हारतोरा करवा जतां पतिने मजूर तरीके राखी रूपियो आपवानुं ठरावे छे. राते एना बीजा जार जोडे झघडो थतां पत्नी जारनुं खून करी पेला मजूर पासे बीजो रूपियो ठरावी शबने वगे करवानुं ठरावे छे. काम पतावी मजूर चाल्यो जाय छे. ए पछी पती-पत्नी द्यूत रमे छे तेमां पति बे रूपिया हारे छे. पत्नी एनी मागणी करे छे त्यारे पति कहे छे, 'बे रुपिया वसूल–एक फूल उपाडवानो ने एक शब दाटवानो'.

मोटाभागनां कथानको नीति अने रुचिनी दृष्टिए चित्तने प्रसन्न करवाने बदले क्षुब्ध करे, डंखे एवां पण छे. केटलाकमां चित्तमां मधुरता ने हळवाश उभराय एवी निर्दोषता पण होय छे. एक युवान पत्नीना वृद्ध पतिना घरमां अचानक चोर आवी चडतां क्यारेय आवेशथी न भेटती पत्नी पतिने वळगी पडी. 'आलिंगनं तत्र दुर्लभं' ना लाभथी खुश थयेला वृद्ध पतिए चोरने बक्षीस आपी.[२९] आवुं एक अन्य कथानक ओ हेन्रीनी वार्ताना अंत जेवुं छे. पंचतंत्र अने शामळकृत शूकबहोतेरीमांनी दशमी वार्तामां नरभेकुंवर राजाना लवासने साथी राजानो पाळेलो मोर खाय छे. राजाए आनी तपास करी. मालणे राजाने वात करी ने राजाने छुपावी नरभेकुंवरने फुलावी एना मोढामांथी आखी वात कढावी. छेक छेल्ले नरभेकुंवरने दाळमां काळुं लागतां गुलांट मारी, 'ने पछी तो बाइ हुं जागी गई' 'जागी गइ एटले शुं ?' 'एटले शुं बीजुं ? मने स्वप्नु आव्युं'तुं, तेनी तने आ वात करी. बाकी मांकड मच्छरने मारतां अचकाईए एवा वाणिया ते कंइ मोर-कूकडां खातां हशे ?'

स्त्रीचरित्रनां कथानकोनी परंपरा अत्यन्त प्राचीन छे. संसारनी असारता दर्शाववा अने मोहमायाथी मुक्त करवानी मनोवैज्ञानिक ढबनी शोकट्रीटमेन्ट आपवा माटे बौद्ध अने जैन धारामां स्त्रीनी चंचलता अने शिथिलतानां निदर्शनरूप आवां पुष्कळ कथानको कहेवायां छे. बौद्ध

---

२५ नूपुरपंडिता–यशोविजयकृत जंबुस्वामीरास, शामळमां २२मी वार्ता

२६ शामळकृत सूडाबहोतेरीमां ७मी वार्ता

२७ एजन २७मी वार्ता

२८ एजन ३जी, पंचतंत्रमां पण छे

२९ पंचतंत्र-डॉ. सांडेसरा, पृ० ३०७, कथा.स.सा.-टोनी-पेन्झर भाग-५-पृ.१०६

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

धारामां कुणालजातक (५३६ तथा ६१-६६)मां स्त्रीचरित्रनां कथानको छे. जैनधारानां ग्रन्थोमां तो स्त्रीचरित्रनां असंख्य कथानको छे. आवश्यक चूर्णी अने कथा स. सा. (२.५.९२-१११) मां आवतुं आ कथानक जुओ :

कोई स्त्री प्रेमी के पतिनो पैसो लई भागी. रस्तामां चोर मळ्यो. पेली स्त्री बोली, 'धन तुं तारे लइ जा. मारे तो पति साथे कलह थयो होई मरवुं छे.' चोर भोळवाई स्त्रीने आपघात करवानो गाळियो करी आपे ने एमां माथुं केम मूकवुं ए देखाडे के स्त्री तक झडपी चोरने पूरो करे छे. थोडीवारे पति ने आवतो जोई स्त्री वृक्ष पर चडी गई. साथेनो नोकर स्त्रीने जोई गयो ने वृक्ष पर चड्यो. स्त्रीए एने नजीक बोलाव्यो, 'तुं केवो सुंदर छे!' ने चुंबनने बहाने एनी जीभ चावी गई.

शामळकृत बहोतेरीनी २२मी वार्तामां मळतुं चांपली मालणनुं ने एना ज अवतार जेवुं एरेबियन नाइट्सनी सिंदबादनी सफरमां आवतुं कथानक हास्यात्मक परिस्थिति माटे विशेष नोंधपात्र छे. जुदा जुदा प्रहरे आवी चडेलां प्रेमीओने चांपली घरमां जुदे जुदे स्थळे संताडे छे. ने छेवटे पति आवे छे. अश्लील के अरुचिकर गणाय एवा कारणे पतिने अन्यनी हाजरीनुं भान थाय छे ने संतायेला प्रेमीओनी भागंभाग थाय छे तोय चांपली, 'तारा पितृ रूठीने चाल्या गया' कही पोतानी जातने उगारी ले छे.

अश्लीलता ने हास्य

स्त्रीचरित्रनां कथानकोमां आवतुं हास्य क्वचित अश्लील अने अरुचि बनीने आवे छे. बुद्धि अने हास्य के मूर्खता अने हास्य जेम संकळायेलां छे तेम अश्लीलता, अपरुचि अने हास्यनो संबंध पण जूनो ने कंईक स्वाभाविक कही शकाय एवो छे. संस्कृत भाणनी रचनाओ, भवाईना वेशो ने स्त्री-चरित्रना कथानकोमां अश्लीलता अने अपरुचि छे. चांपली मालणना कथानकोमां अश्लीलता अने अपरुचि छे. चांपली मालणना कथानकमां खाटला नीचे छुपावेल प्रेमीनो अपान मुक्त थतां पति पूछे छे, खाटला नीचे शुं गंधाय छे ?' ने ए तक झडपी चांपली सडेला कोळाना बहाने प्रेमीने ऊंचकीने फेंकी दे छे. कोठीमां उपर संताडेलो प्रेमी कोठीमां नीचे न ऊतरे ए माटे चांपलीए एने कह्युं छे के 'नीचे साप छे'. पतिने लापसी खावानुं मन थतां चांपली लापसी रांधी ने तपेली कोठी पासे मूके छे. कोठीमां रहेलो प्रेमी दाझतां सुसकारे छे. उपर रहेलो प्रेमी माने छे के सापणे फूंफाडो मार्यो. एने पेशाब थई जाय छे ने चांपलीनो पति माने छे के लापशीमां घीनी धार पडी ! एरेबियन नाइटसनी कथामां पण पेटीना खानामां पुरायेला फोजदार, न्यायाधीश, सुलतान अने सुतारने एकबीजाना अस्तित्वनुं भान पेशाबने कारणे थाय छे. प्रेमीओने पूरवानी आवी कथायुक्ति शीलकथामां पण मळे छे. त्यां शील रक्षवा स्त्री पुरुषोने कूवामां उतारे छे. आ अरुचिकर निरूपण नथी.

अपानवायुनो हास्यार्थे उपयोग उपदेशपदना एक कथानकमां धारदार रीते थयो छे. राजाए विदुषकने कह्युं के एनी मानीती राणी क्यारेय अपान मुक्त करती नथी. विदुषके हसतां कह्युं के 'राणीजी ज्यारे आपने पुष्प के अन्य कोइ सुवासित पदार्थ आपे त्यारे खातरी करजो.' ने राजानी परीक्षाथी राणी विदुषक पर गुस्से थयां ने देशवटो आप्यो. चतुर विदुषक लांबा वांसडामां जोडानो हार भरावो नीकळ्यो. कहेवानी जरूर नथी के राणीए विदुषकनी सजा माफ करी. विदुषक आटला जोडा घसाय एटला प्रदेशोमां फरे ने बधे एने देशवटानुं कारण कहेवुं पडे-राणीने ए केम पोषाय ?

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वज्जालग्गनां प्राकृत पदोमां पण वैद्यादिनी जे शृंगारपूर्ण उक्तिओ छे. एमां पण अश्लीलता अने हास्यनी सहोपस्थिति छे.

घटको

केटलीक कथानां घटकरूप निरूपणोमां कथानक जेम हास्य निष्पन्न करवानी शक्ति छे. कोदाळी, नीसरणी अने दोरडानो घटक आ प्रकारनो छे. कोई ज्योतीष के विद्वाननी साथे कोदाळी, नीसरणी अने दोरडुं ए ज्यां जाय त्यां साथे होय ज. आवां साधनो राखवानुं कारण हास्य जन्मावे छे. राजा भोज अने गांगा तेलीनी कथामां आ प्रकारनुं निरूपण छे. त्रीश वर्ष सुधी विद्याभ्यास करी चूकेलो विद्वान प्रतिष्ठानमां आव्यो ठांसी ठांसीने भरेली विद्या ताळवेथी नीकळी न जाय माटे माथा पर अंकुश राख्यो ने पेट फाडी बहार नीकळी न जाय ए माटे पेटे तास बांध्यो. एनी साथे एना त्रण अनुचर शिष्यो नीसरणी, कोदाळी अने लडनो पूळो ऊचकीने साथे रहेता-जेथी प्रतिस्पर्धी पराजय पामी स्वर्गमां नाशी जाय तो नीसरणी मांडीने ने पाताळमां पेसी जाय तो कोदाळीथी धरती खोदीने पकडी लवाय. ने पराजय बदल एना दांतमां तरणुं पकडावी शकाय.[३०]

आने मळतुं ज निरूपण श्री पींगलशी गढवीए कहेली 'गांडा पाणी' कथामां मळे छे. ज्योतीषो पासे नीसरणी, कोदाळी अने दोरडुं छे—एटला माटे के मूरत आकाशमां गयुं होय तो नीसरणी वडे उपर जईने, पाताळमां प्रवेश्युं होय तो कोदाळीथी खोदीने पकडी, दोरडे बांधी लावी शकाय. ए जोशीए आगाही करी के मावठुं थशे ने पाणी पडशे. जे कोई ए पाणी पीशे ते गांडु थशे. ने पाणी पडयुं, राजाए पाणी न पीवानो ढोल वगडाव्यो. जिज्ञासाथी एके पीधुं, बीजाए पीधुं, ने आखी प्रजा थई गांडी. राजा कहे, 'हवे आनो उपाय शुं?' प्रधान बोल्यो, 'एक रस्तो छे बापु, पाणी पीवामां हुं ने तमे बे ज बाकी छीए'. ने राजा तथा प्रधाने पण ए पाणी पीधुं त्यारे सुखी थया.

सूक्ष्म हास्य

आ कथानकमां छे तेम केटलाक अन्य मध्यकालीन कथानकोमां पण आपणे जेने नर्म Wit अने मर्म Humour कहीए छीए एवां केटलांक कथानको मळे छे. जातकनुं आ कथानक जुओ : राजा महापिंगल अत्यंत दुष्ट हतो. एना मृत्युथी बधा खुश थया. मात्र द्वारपाल रडवा लाग्यो. बोधिसत्त्वे कारण पूछतां द्वारपाल बोल्यो; 'राजा रोज महेलमां जतां– आवतां मने आठ धुंबा मारतो. उपर यमराजाने मारशे ने यमराजा एने पाछो मोकलशे तो ?— आ विचार मने रडावे छे.'

कथा स. सा. अने पंचतंत्रनी वधारानी कथामां आवतुं आ कथानक नर्मनो सुंदर नमूनो छे : कोई शेठने वीणावादके खुश करतां शेठे कोठारीने बे हजार पण आपवा कह्युं. कोठारीए पैसा न आपतां वीणावादके फरियाद करी. शेठ बोल्यो; 'पैसा शु काम आपे ? तें जेम मने श्रवणसुख आप्युं एम में पण तने श्रवणसुख आप्युं.'

आवुं ज कथा स. सा (३, १०३) ने पंचतंत्रनो वधारानी कथामा आवतुं चांडालकन्यानुं कथानक जुओ :

कोई सुंदर चांडाल कन्या उत्तम वर वरवानी इच्छाए कोई राजा पाछळ गई. राजाए रस्तामां एक साधुने वंदन कर्याथी साधुने राजा करतां चढियातो मानी साधुने अनुसरी. रस्तामां

३० शोध अने स्वाध्याय पृ० ४४९

Jain Education International　　For Personal & Private Use Only　　www.jainelibrary.org

साधुए शिवलिंग पासे मस्तक नमावतां शिवने साधुथी मोटो मानी मंदिरमां रोकाई. एटलामां एक कूतराए आवी लिंग पर पेशाब कर्यो, छतां शिवे एने कह्युं न करतां कन्या कूतराने उत्तम मानती एनी पाछळ गई. कूतरो एना मालिक कोई चांडाल युवानना पग चाटवा लाग्यो. कूतराथी उत्तम पात्र मानी चांडालकन्या अंते चांडाल युवानने वरी.

वा वायो ने नळियुं खस्युं

मध्यकालीन वार्ताकारोए बुद्धिशक्ति के चातुर्य अने मूर्खतानां अतिरेकभर्या आलेखने हास्य सिद्ध कर्युं छे तेम क्वचित मानवसहज लोभ, लालच, स्वार्थ, ईर्ष्या जेवी वृत्तिने पण निमित्त बनावी छे. लोकनी गतानुगतिक वृत्तिनुं हास्यमय चित्र श्रीगोकुलदास रायचुराए नोंधेल 'वांकोजीनुं शरामण'[31] मां जोवा मळे छे. कोई कुंभारे गधेडाना बच्चाने पुत्र मानी उछेर्यो ने नाम राख्युं वांकोजी गधेडानुं मृत्यु थतां भोळा कुंभारे जोशीना कह्या प्रमाणे वांकोजीनुं शरामणुं कर्युं ने मूछो मुंडावी. हजामने थयुं के वांकोजी कोई राजपुत के भायात हशे, एथी एणे पण मूछो मुंडावी. हजाम पहोंच्यो तलाटी पासे. तलाटीए पण मूछ मुंडावी. ए क्रमे नगरशेठ, दिवान ने छेल्ले राजाए पण मूछ मुंडावी. छेल्ले राणीना प्रश्ने भंडो फूट्यो.

लोलेलोलमां केवुं चाल्युं जाय एनुं अन्य कथानक राणीना साळानुं छे. राजानी सवारी नीकळतां एक माणसे चिठ्ठी लखी राजानी पालखीमां फेंकी.

'राजा तारा राजमां ज्यां जुओ त्यां पोल पोल' राजाए नीचे लख्युं: 'पोल जो, त्यां पेसी जा' ने चिट्ठी पेला माणस तरफ फेंकी. पेला माणसे चिट्ठी उपाडी, वांची ने साचवी राखी. एणे मसाण पासे कोटडो बनावी मडदा पर कर लेवानुं शरू कर्युं. कोई पूछे तो कहेतो; 'राणीनो साळो छुं ने मने आ अधिकार मळ्यो छे.' लोको कह्युं पूछ्या गाछ्या वगर कर आपवा लाग्या. एटलामां राजकुटुंबमां मरण थयुं ने पेशाए कर माग्यो. आ वात राजाना काने आवी. राजाए कह्युं, 'अरे कोई होय तो मारो साळो होय. राणीनो साळो शी रीते?' पेला माणसने राजा पासे हाजर करवामां आव्यो. एणे राजाने पेली चिट्ठी दर्शावी. पोलनी साबिती मळतां राजाए खुश थई इनाम आप्युं.

वांकोजीनुं शरामण अने राणीना साळानां कथानकमां एक तरफ लोकोनी गतानुगतिक वृत्ति परत्वे सूक्ष्म उपहास छे तो बीजी तरफ राजा प्रत्येनी भयवृत्ति केटली दृढ अने व्यापक होय छे के कोई प्रजाजन एनो कोई तपास करवा के आगळ पाछळनो, शक्याशक्यनो विचार करवा पण नथी रहेतुं, एनो पण निर्देश छे.

प्रसंगनी हारमाळा

खापरोचोर, विक्रमचरित्र, लंकाकांडीय कथानक, वांकोजीनुं शरामण जेवां कथानकोमां एक साम्य नोंधपात्र छे ते ए के आ प्रकारनां कथानको प्रसंग के परिस्थिति वच्चे सपडायेलां पात्रोनी लांबी हारमाळा होय छे. कोई एक पात्रना कारणे अन्य कोई पात्र अमुक परिस्थितिमां मुकाय ने ए कंइ करे ए रीते अनेक पात्रोनी हारमाळा सर्जाय. समान परिस्थितिमां मुकायेला पात्रोनी गुंथाती आवी प्रसंगमाळा हास्यने जमावे छे. आवुं खडखडाट हसावे एवुं लोककथानुं आ छेल्लुं दृष्टांत:

३१ दालचिवडानो दायरो ले. गो. रायचुरा पृ० ५थी १५

६

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कोइ एक शेठने रस्तामांथी सोनामहोर भरेलो चरु मळ्यो. खुशखुशाल शेठ चरुने मांजवा नदीमां पेठा. नदीमां पूर आव्युं ने चरु तणाइ गयो. शेठनुं फटकी गयुं, 'माया आवी एवी गइ. आवी एवी गइ' शेठ घेर आवी वारे वारे बोलवा लागतां शेठाणीए कारण पूछ्युं. शेठे वात करतां शेठाणीनुं फटक्युं, 'माया आवी एवी गइ. आवी एवी गइ'. एटलामां छोकरो आव्यो. छोकराए माताने पूछ्युं. माताए चरुनी वात करतां छोकरानुं पण छटक्युं, 'माया आवी एवी गइ, आवी एवी गई.'

संस्कृत, प्राकृत-पालिथी ते जूनी गुजराती सुधी विस्तरेलां मध्यकालीन कथासाहित्यनां कथानकोना हास्यमां नर्म, मर्म, हास्य, कटाक्ष, भांडण एम लगभग बधां ज प्रकारो छे, एम कहेवामां कोई अत्युक्ति लागे खरी ?

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जैन कवि का कुमारसम्भव

सत्यव्रत

मेघदूत की तरह कालिदास के कुमारसम्भव ने किसी अभिनव साहित्यविधा का प्रवर्तन तो नहीं किया किन्तु उक्त काव्य से प्रेरणा ग्रहण कर जिन तीन-चार कुमारसम्भव संज्ञक कृतियों की रचना हुई है, उनमें जैन कवि जयशेखरसूरि का कुमारसम्भव अपने काव्यात्मक गुणों तथा महाकाव्य-परम्परा के सम्यक् निर्वाह के कारण सम्मानित पद का अधिकारी है। कालिदास कृत कुमारसम्भव की भाँति जैन कुमारसम्भव[1] का उद्देश्य कुमार (भरत) के जन्म का वर्णन करना है। लेकिन जैसे कुमारसम्भव के प्रामाणिक अंश (प्रथम आठ सर्ग) में कार्त्तिकेय का जन्म वर्णित नहीं है, वैसे ही जैन कवि के महाकाव्य में भरतकुमार के जन्म का कहीं उल्लेख नहीं हुआ है। और इस तरह दोनों काव्यों के शीर्षक उनके प्रतिपादित विषय पर पूर्णतया चरितार्थ नहीं होते। परन्तु जहाँ कालिदास ने अष्टम सर्ग में शिव-पार्वती के संभोग के द्वारा कुमार कार्त्तिकेय के भावी जन्म की व्यंजना कर काव्य को समाप्त कर दिया है, वहाँ जैन कुमारसम्भव में सुमंगला के गर्भाधान का निर्देश करने के पश्चात् भी (६।७४) काव्य को पांच अतिरिक्त सर्गों में घसीटा गया है। यह अनावश्यक विस्तार कवि की वर्णनप्रियता के अनुरूप अवश्य है पर इससे काव्य की अन्विति नष्ट हो गयी है, कथा का विकासक्रम विशृंखलित हो गया है और काव्य का अन्त अतीव आकस्मिक ढंग से हुआ है।

कविपरिचय तथा रचनाकाल

कुमारसम्भव से इसके कर्त्ता जयशेखर सूरि के जीवनवृत्त अथवा मुनि-परम्परा की कोई सूचना प्राप्त नहीं। काव्य का रचनाकाल निश्चित करने के लिये भी इससे कोई सूत्र हस्तगत नहीं होता। काव्य में प्रान्त-प्रशस्ति के अभाव का यह दुःखद परिणाम है।

अन्य स्रोतों से ज्ञात होता है कि जयशेखर अंचलगच्छ के छप्पनवें पट्टधर महेन्द्रप्रभसूरि के शिष्य, बहुश्रुत विद्वान् तथा प्रतिभाशाली कवि थे। संस्कृत, प्राकृत आदि भाषाओं में निर्मित उनकी विभिन्न कृतियाँ उनकी विद्वत्ता तथा कवित्व की प्रतीक हैं। जयशेखर की उपदेश-चिन्तामणि की रचना सम्वत् १४३६ में हुई थी। प्रबोधचिन्तामणि तथा धम्मिलचरित एक ही वर्ष सम्वत् १४६२, में लिखे गये[2]। कुमारसम्भव इन तीनों के बाद की रचना है। जयशेखर की यही चार कृतियाँ प्रख्यात है। कुमारसम्भव उनकी सर्वोत्तम रचना है, उनकी कीर्त्ति का आधारस्तम्भ !

जयशेखर के शिष्य धर्मशेखर ने कुमारसम्भव पर टीका सम्वत् १४८२ में अजमेर मण्डल के पद्यर (?) नगर में लिखी थी, यह टीका-प्रशस्ति से स्पष्ट है।

देशे सपादलक्षे सुखलक्ष्ये पद्यरे पुरप्रवरे।
नयनवसुवाधिचन्द्रे वर्षे हर्षेण निर्मिता सेयम् ॥

अतः सं. १४८२ कुमारसम्भव के रचनाकाल की उत्तरी सीमा निश्चित है। धम्मिल-चरित की पश्चाद्वर्ती रचना होने के कारण इसका प्रणयन स्पष्टतः सम्वत् १४६२ के उपरांत

---

१. आर्यरक्षित पुस्तकोद्धार संस्था, जामनगर से प्रकाशित, सम्वत् २०००

२. हीरालाल कापड़िया : जैन संस्कृत साहित्य नो इतिहास, भाग २, पृ० १६३.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

हुआ होगा। इन दो सीमा-रेखाओं का मध्यवर्ती भाग, सम्वत् १४६२-१४८२ (सन् १४०५-१४२५) कुमारसम्भव का रचनाकाल है।

कथानक

कुमारसम्भव के ग्यारह सर्गों में आदि जैन तीर्थंकर ऋषभदेव के विवाह तथा उनके पुत्र-जन्म का वर्णन करना कवि को अभीष्ट है। काव्य का आरम्भ अयोध्या के वर्णन से होता है, जिसका निर्माण धनपति कुबेर ने अपनी प्रिय नगरी अलका की सहचरी के रूप में किया था। इस नगरी के निवेश से पूर्व, जब यह देश इक्ष्वाकुभूमि के नाम से ख्यात था, आदिदेव ऋषभ युग्मिपति नाभि के पुत्र के रूप में उत्पन्न हुए थे। सर्ग के शेषांश में उनके शैशव, यौवन, रूप-सम्पदा तथा विभूति का चारु चित्रण है। देवगायक तुम्बरु तथा नारद से यह जानकर कि ऋषभ अभी कुमार हैं, सुरपति इन्द्र उन्हें वैवाहिक जीवन में प्रवृत्त करने के लिये तुरन्त प्रस्थान करते हैं। तृतीय सर्ग में इन्द्र नाना युक्तियां देकर ऋषभदेव को उनकी सगी बहनों—सुमंगला तथा सुनन्दा—से विवाह करने को प्रेरित करते हैं। उनके मौन को स्वीकृति का द्योतक मानकर इन्द्र ने तत्काल देवताओं को विवाह की तैय्यारी करने का आदेश दिया। इसी सर्ग में सुमंगला तथा सुनन्दा के विवाहपूर्व अलंकरण का विस्तृत वर्णन है। पाणिग्रहणोत्सव में भाग लेने के लिये समूचा देवमण्डल भूमि पर उतर आया, मानो स्वर्ग ही धरा का अतिथि बन गया होगा। स्नान-सज्जा के उपरान्त आदिदेव जंगम प्रासाद तुल्य ऐरावत पर बैठ कर वधूगृह को प्रस्थान करते हैं। चौथे तथा पांचवे सर्ग में तत्कालीन विवाह-परम्पराओं का सजीव चित्रण है। पाणिग्रहण सम्पन्न होने पर ऋषभ विजयी सम्राट् की भाँति घर लौट आते हैं। यहीं दस पद्यों में उन्हें देखने को लालायित पुरसुन्दरियों के सम्भ्रम का रोचक वर्णन है। छठा सर्ग रात्रि, चन्द्रोदय, षड्ऋतु आदि वर्णनात्मक प्रसंगों से भरपूर है। ऋषभदेव नवोढा वधुओं के साथ शयनगृह में प्रविष्ट हुए जैसे तत्त्वान्वेषी मति-स्मृति के साथ शास्त्र में प्रवेश करता है। इसी सर्ग के अन्त में सुमंगला के गर्भाधान का उल्लेख है। सातवें सर्ग में सुमंगला को चौदह स्वप्न दिखाई देते हैं। वह उनका फल जानने के लिये पति के वासगृह में जाती है। आठवें सर्ग में ऋषभ तथा सुमंगला का संवाद है। सुमंगला के अपने आगमन का कारण बतलाने पर ऋषभदेव का मन-प्रतिहारी समस्त स्वप्नों को बुद्धिबाहु से पकड़ कर विचार-सभा में ले गया और विचार-पयोधि का मन्थन कर उन्हें फल रूपी मोती समर्पित किया। नवें सर्ग में ऋषभ स्वप्नों का फल बतलाते हैं। यह जानकर कि इन स्वप्नों के दर्शन से मुझे चौदह विद्याओं से सम्पन्न चक्रवर्ती पुत्र की प्राप्ति होगी, सुमंगला आनन्दविभोर हो जाती है। दसवें सर्ग में वह अपने वासगृह में आती है तथा सखियों को समूचे वृत्तान्त से अवगत करती है। ग्यारहवें सर्ग में इन्द्र सुमंगला के भाग्य की सराहना करता है और उसे बताता है कि अवधि पूर्ण होने पर तुम्हें पुत्र-रत्न की प्राप्ति होगी। तुम्हारे पति का वचन मिथ्या नहीं हो सकता। तुम्हारे पुत्र के नाम से (भरत) से यह भूमि 'भारत' तथा वाणी 'भारती' कहलाएगी। मध्याह्न-वर्णन के साथ काव्य सहसा समाप्त हो जाता है।

जयशेखर को प्राप्त कालिदास का दाय :

कालिदास के महाकाव्यों तथा जैन कुमारसम्भव के तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट है कि जैन कवि की कविता, कालिदास के काव्यों विशेषतः कुमारसम्भव से बहुत प्रभावित है। कालि-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

दास-कृत कुमारसम्भव तथा जैन कुमार-सम्भव की परिकल्पना, कथानक के संयोजन, घटनाओं के प्रस्तुतीकरण तथा काव्यरूढियों के परिपालन में पर्याप्त साम्य है। यह बात अलग है कि कालिदास का मनोविज्ञानवेत्ता ध्वनिवादी कवि वस्तुव्यापारों की योजना करके भी कथानक को समन्वित बनाए रखने में सफल हुआ है जब कि जयशेखर महाकवि के प्रबल आकर्षण के आवेग में अपनी कथावस्तु को न संभाल सका। कालिदास के कुमारसम्भव का प्रारम्भ हिमालय के हृदयग्राही वर्णन से होता है, जैन कुमारसम्भव के आरम्भ में अयोध्या का वर्णन है। कालिदास के हिमालय वर्णन के बिम्ब-वैविध्य, यथार्थता तथा सरस शैली का प्रभाव होते हुए भी अयोध्या का वर्णन कवि की कवित्वशक्ति का परिचायक है। महाकवि के काव्य तथा जैन कुमारसम्भव के प्रथम सर्ग में क्रमशः पार्वती तथा ऋषभ देव के जन्म, शैशव, यौवन तथा तज्जन्य सौन्दर्य का वर्णन हैं। कुमारसम्भव के द्वितीय सर्ग में तारक के आतंक से पीडित देवताओं का एक प्रतिनिधि-मण्डल ब्रह्मा की सेवा में जाकर उनसे कष्टनिवारण की प्रार्थना करता है। जयशेखर के काव्य में स्वयं इन्द्र ऋषभ को विवाहार्थ प्रेरित करने आता है, और प्रकारान्तर से उस कर्म की पूर्ति करता है जिसका सम्पादन कुमारसम्भव के षष्ठ सर्ग में सप्तर्षि ओषधिप्रस्थ जाकर करते हैं। दोनों काव्यों के इस सर्ग में एक स्तोत्र का समावेश किया गया है। किन्तु जहाँ ब्रह्मा की स्तुति में निहित दर्शन की अन्तर्धारा उसे दर्शन के उच्च धरातल पर प्रतिष्ठित करती है, वहाँ जैन कुमारसम्भव में ऋषभदेव के पूर्व भवों तथा सुकृत्यों की गणना मात्र कर दी गयी है। फलतः कालिदास के स्तोत्र के समक्ष जयशेखर का प्रशस्तिगान शुष्क तथा नीरस प्रतीत होता हैं।

महाकविकृत कुमारसम्भव के तृतीय सर्ग में इन्द्र तथा वसन्त का संवाद पात्रों की व्यावहारिकता, आत्मविश्वास, शिष्टाचार तथा काव्यमत्ता के कारण उल्लेखनीय है। जैन कवि ने भी इसी सर्ग में इन्द्र-ऋषभ के वार्तालाप की योजना की है, जो उस कोटि का न होता हुआ भी रोचकता से परिपूर्ण है। इसी सर्ग में सुमंगला तथा सुनन्दा की और चतुर्थ सर्ग में ऋषभदेव की विवाह पूर्व सज्जा का विस्तृत वर्णन सप्तम सर्ग के शिव-पार्वती के अलंकरण पर आधारित है। कालिदास का वर्णन संक्षिप्त होता हुआ भी यथार्थ एवं मार्मिक है, जबकि जैन कुमारसम्भव का वरवधू के प्रसाधन का चित्रण अपने विस्तार के कारण सौन्दर्य के नखशिख निरूपण की सीमा तक पहुँच गया है। कालिदास की अपेक्षा वह अलंकृत भी है, कृत्रिम भी, यद्यपि दोनों में कहीं-कहीं भावसाम्य अवश्य दिखाई देता है[३]। कालिदास के काव्य में सूर्य, ब्रह्मा, विष्णु आदि देव तथा लोकपाल शंकर की सेवा में उपस्थित होते हैं[४]। जैन कुमारसम्भव में लक्ष्मी, सरस्वती, मन्दाकिनी तथा दिक्कुमारियाँ वधूओं के अलंकरण के लिये प्रसाधन-सामग्री भेंट करती हैं[५]। जैन कुमारसम्भव के पंचम सर्ग में पुरसुन्दरियों की चेष्टाओं का वर्णन रघुवंश तथा कुमारसम्भव के सप्तम सर्ग में अज तथा शिव को देखने को लालायित स्त्रियों के वर्णन से प्रभावित है। यह यहाँ कहना अप्रासंगिक न होगा कि 'पौर ललनाओं का

३. कुमारसम्भव, ७।९, ११, १४, २१ तथा जैन कुमारसम्भव, ४।१५, १७, ३।६४, ४।३१ आदि

४. कुमारसम्भव, ७।४३-४५.

५. जैन कुमारसम्भव, ३।५१-५५.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सम्भ्रम-चित्रण' संस्कृत महाकाव्य की वह रूढि है जिसका जैन कवियों ने साग्रह तथा मनोयोग-पूर्वक निर्वाह किया है यद्यपि कुछ काव्यों में वह स्पष्टतः हठात् ठूँसी गयी प्रतीत होती है[६]।

दोनों कुमारसम्भवों में वर्ण्य विषयों के अन्तर्गत रात्रि, चन्द्रोदय तथा ऋतुवर्णन को स्थान मिला है[७]। यद्यपि जैन कवि के वर्णनों में कालिदास की-सी मार्मिकता ढूंढना निरर्थक है तथापि ये जैनकुमारसम्भव के वे स्थल हैं जिनमें उत्कृष्ट काव्य का उन्मेष हुआ है। दोनों काव्यो में दैवी नायकों को मानवरूप में प्रस्तुत किया गया है भले ही जैन कवि ऋषभ-चरित की पौराणिकता से कुछ अधिक अभिभूत हो। कालिदास के कुमारसम्भव के अष्टम सर्ग का स्वच्छन्द सम्भोगवर्णन पवित्रतावादी जैन यति को ग्राह्य नहीं हो सकता था, अतः उसने नायक-नायिका के शयनगृह में प्रवेश तथा सुमंगला के गर्भाधान के द्वारा इस ओर संयत संकेत मात्र किया है[८]। यह स्मरणीय है कि दोनों काव्यों में पुत्रजन्म का अभाव है, फलतः उनके शीर्षक कथानक पर पूर्णतः घटित नहीं होते।

नायक-नायिका के संवाद की योजना दोनों काव्यों में की गयी है। परन्तु कालिदास के उमा-बटु-संवाद की गणना, उसकी नाटकीयता एवं सजीवता के कारण, संस्कृत-काव्य के सर्वोत्तम अंशों में होती है जबकि सुमंगला तथा ऋषभ का वार्त्तालाप साधारणता के धरातल से ऊपर नहीं उठ सका है। पाणिग्रहण सम्पन्न होने के उपरान्त कुमारसम्भव में हिमालय के पुरोहित ने पार्वती को पति के साथ धर्माचरण का उपदेश केवल एक पद्य (७।८३) में दिया है। जैन कुमारसम्भव में इन्द्र तथा शची क्रमशः वरवधू को पति-पत्नी के पारस्परिक सम्बन्धों तथा कर्त्तव्यों का विस्तृत बोध देते हैं[९]। दोनों काव्यों में विवाह के अवसर पर प्रचलित आचारों का निरूपण किया गया है। जैन कुमारसम्भव में उनका वर्णन बहुत विस्तृत है। कृत्रिमता तथा अलंकृति-प्रियता के युग में भी जयशेखर की शैली में जो प्रसाद तथा आकर्षण है, उस पर भी कालिदास की शैली की सहजता एवं प्राञ्जलता की छाप है।

समीक्षात्मक विश्लेषण

जैन कुमारसम्भव के कथानक की परिकल्पना तथा विनियोग (Conception and treatment) निर्दोष नहीं कहा जा सकता ! फलागम के चरम बिन्दु से आगे कथानक के विस्तार तथा मूल भाग में अनुपातहीन वर्णनों का समावेश करने के पीछे समवर्ती काव्य परिपाटी का प्रभाव हो सकता है किन्तु यह पद्धति निश्चित रूप से कथावस्तुके संयोजन में कवि के अकौशल की द्योतक है। जयशेखर के लिये कथा-वस्तु का महत्त्व आधारभूत तन्तु से बढ़ कर नहीं, जिसके चारों ओर उसकी वर्णनात्मकता ने ऐसा जाल बुन दिया है कि कथासूत्र यदा कदा ही दीख पड़ता है। जैन कुमारसम्भव का कथानक इतना स्वल्प है कि यदि निरी कथात्मकता को लेकर चला जाए तो यह तीन-चार सर्गों से अधिक की सामग्री सिद्ध नहीं हो सकती। किन्तु जयशेखर ने उसे वस्तुव्यापार के विविध वर्णनों, संवादों तथा स्तोत्रों से

६. हम्मीर महाकाव्य, ९।५४-७१, सुमतिसम्भव (अप्रकाशित), ४।२५-३२, हीर-सौभाग्य आदि.

७. जैन कुमार. ६।१-२२, ५२-७१., कुमारसम्भव, ७।५३-७४, ३।२५-३४

८. जैन कुमारसम्भव, ६।२३, ७४

९. वही, ५।५८-८३.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पुष्ट-पूरित कर ग्यारह सर्गों का विशाल वितान खड़ा कर दिया है। वर्णनप्रियताकी यह प्रवृत्ति काव्य में आद्यन्त विद्यमान है। प्रथम छह सर्ग अयोध्या, काव्यनायक के शैशव एवं यौवन, वधुओं के अलंकरण, वैवाहिक रीतियों, रात्रि, चन्द्रोदय, षड् ऋतु के वर्णनों से भरे पड़े है। यह ज्ञातव्य है कि काव्य के यत्किंचित् कथानक का मुख्य भाग यहीं समाप्त हो जाता है। शेष पांच सर्गों में से स्वप्नदर्शन (सप्तम सर्ग) तथा उनके फल-कथन (नवम सर्ग) का ही मुख्य कथा से सम्बन्ध है। आठवें तथा नवें सर्गों की विषयवस्तु को एक सर्ग में आसानी से समेटा जा सकता था। दसवां तथा ग्यारहवां सर्ग तो सर्वथा अनावश्यक हैं। यदि काव्य को नौ सर्गों में ही समाप्त कर दिया जाता तो शायद यह अधिक अन्वितिपूर्ण बन सकता। ऋषभदेव के स्वप्नफल बताने के पश्चात् इन्द्र द्वारा उसकी पुष्टि करना न केवल निरर्थक है, इससें देवतुल्य नायक की गरिमा भी आहत होती है। इस प्रकार काव्यकथा का सूक्ष्म तन्तु वर्णन-स्फीति के भार से पूर्णतः दब गया है। वस्तुतः काव्य में इन प्रासंगिक-अप्रासंगिक वर्णनों की ही प्रधानता है। मूल कथा के निर्वाह की ओर कवि ने बहुत कम ध्यान दिया है। उसके लिये वर्ण्य विषय की अपेक्षा वर्णन शैली प्रमुख है!

मानव-हृदय की विविध अनुभूतियों का रसात्मक चित्रण करने में जयशेखर सिद्धहस्त है, जिसके फलस्वरूप कुमारसम्भव सरसता से आर्द्र है। शास्त्रीय परम्परा के अनुसार शृंगार को इसका प्रमुख रस माना जा सकता है यद्यपि अंगी रस के रूप में इसका परिणाम नहीं हुआ है। जैन कुमारसम्भव में शृंगार के कई सरस चित्र देखने को मिलते हैं। काव्य में शृंगार की मधुरता का परित्याग न करना पवित्रतावादी जैन कवि की बौद्धिक ईमानदारी है।

ऋषभदेव के विवाह में आते समय प्रियतम का स्पर्श पाकर किसी देवांगना की मैथुनेच्छा जाग्रत हो गयी। भावोच्छ्वास से उसकी कंचुकी टूट गयी। वह कामवेग के कारण विह्वल हो गयी, फलतः वह प्रिय को मनाने के लिये उसकी चाटुता करने लगी!

उपात्तपाणिस्त्रिदशेन वल्लभा श्रमाकुला काचिदुदंचिकंचुका!
वृषस्यया चाटुशतानि तन्वती जगाम तस्यैव गतस्य विघ्नताम् ।।४।१०

नवविवाहित ऋषभकुमार को देखने को उत्सुक एक पुर-युवति की अधबंधी नीवी, दौड़ने के कारण खुल गयी। उसका अधोवस्त्र नीचे खिसक पड़ा, किन्तु उसे इसका भान भी नहीं हुआ। वह प्रेम पगी नायक की झलक पाने के लिए दौड़ती गयी और जन समुदाय में मिल गयी!

कापि नार्धयमितश्लथनीवी प्रक्षरन्निवसनापि ललज्जे।
नायकाननिवेशितनेत्रे जन्यलोकनिकरेऽपि समेता ।।५।३९.

काव्य में वात्सल्य, भयानक तथा हास्य रस शृंगार के पोषक बन कर आए हैं। ऋषभ के शैशव के चित्रण में वात्सल्य रस की छटा दर्शनीय है। शिशु ऋषभ दौड़ कर पिता को चिपट जाता है। उसके अंगस्पर्श से पिता विभोर हो जाते हैं। हर्षातिरेक से उनकी आँखें बन्द हो जाती हैं और वे 'तात तात' की गुहार करने लगते हैं।

दूराद् समाहूय हृदोपपीडं माद्यन्मुदा मीलितनेत्रपत्रः।
अथांगजं स्नेहविमोहितात्मा यं तात तातेति जगाद नाभिः ।।१।२८

पौर युवतियों के सम्भ्रम-चित्रण के अन्तर्गत, निम्नोक्त पद्य में हास्य रस की रोचक अभिव्यक्ति हुई है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

तूर्णिमूद्दृगपास्य रुदन्तं पोतमोतुमधिरोप्य कटीरे ।
कापि भावितवती नहि जज्ञे हस्यमानमपि जन्यजनैः स्वम् ॥५।४१

विभिन्न रसों के चित्रण में निपुण होते हुए भी जयशेखर अपने काव्य में किसी रस का प्रधान रस के रूप में पल्लवन करने में असफल रहे यह आश्चर्य की बात है ।

जैनकुमारसम्भव के वर्णन-बाहुल्य में प्राकृतिक दृश्यों के चित्रण को पर्याप्त स्थान मिला है। जयशेखर का प्रकृति-चित्रण भारवि, माघ आदि की कोटि का है, जिसमें उक्ति-वैचित्र्य के द्वारा प्रकृति के अलंकृत चित्र अंकित करने पर अधिक बल दिया गया है। परन्तु जैन-कुमार सम्भव के प्रकृतिचित्रण की विशेषता यह कि वह यमक आदि की दुरूहता से आक्रान्त नहीं है और न ही उसमें कुरुचिपूर्ण शृंगारिकता का समावेश हुआ है। इसलिये जयशेखर के रात्रि, चन्द्रोदय, प्रभात आदि के वर्णनों का अपना आकर्षण है। प्रकृति के ललित कल्पना-पूर्ण चित्र अंकित करने में कवि को अद्भुत सफलता मिली है। रात्रि कहीं गजचर्मावृत तथा मुण्डमालाधारी महादेव की विभूति से विभूषित है, तो कहीं वर्णव्यवस्था के कृत्रिम भेद को मिटानेवाली क्रान्तिकारी योगिनी है।

अभुक्त भूतेशतनोर्विभूतिं भौती तमोभिः स्फुटतारकौघा ।
विभिन्नकालच्छविदन्तिदैत्यचर्मावृतेर्भूरिनरास्थिभाजः ॥६।३
किं योगिनीयं धृतनीलकन्था तमस्विनी तारकशंखभूषा ।
वर्णव्यवस्थामवधूय सर्वामभेदवादं जगतस्ततान ॥६।८

रात्रि वस्तुतः गौरवर्ण थी। वह सहसा काली क्यों हो गयी है। इसकी कमनीय कल्पना निम्नोक्त पद्य में की गयी है। यह अनाथ सतियों को सताने का फल है कि उनके शाप की ज्वाला में दह कर रात्रि की काया काली पड़ गयी है।

हरिद्रेयं यदभिन्ननामा बभूव गौर्येव निशा ततः प्राक् ।
सन्तापयन्ती तु सतीरनाथास्तच्छापदग्धाजनि कालकाया ॥६।७

प्रौढोक्ति के प्रति अधिक प्रवृत्ति होते हुए भी जयशेखर प्रकृति के सहज रूप से परा-ङ्मुख नहीं है। कुमारसम्भव में प्रकृति के स्वाभाविक चित्र भी प्रस्तुत किए गये हैं। किन्तु यह स्वीकार करने में हिचक नहीं होनी चाहिए कि प्रकृति के आलम्बन पक्ष की ओर उसका रुझान अधिक नहीं है! षड् ऋतु,[10] प्रभात तथा सूर्योदय[11] के वर्णन में प्रकृति के सहज पक्ष के कतिपय चित्र दृष्टिगत होते हैं। प्रातःकालीन समीर का प्रस्तुत वर्णन अपनी स्वाभाविकता के कारण उल्लेखनीय है!

दिनवदनविनिद्रीभूतराजीवराजी-
परमपरिमलश्रीतस्करोऽयं समीरः ।
सरिदपहृतशैत्यः किञ्चिदाधूय वल्ली-
र्भ्रमति भुवि किमेष्यच्छूर भीत्याऽव्यवस्थम् ॥१०।८१

कुमारसम्भव की प्रकृति मानव के सुख-दुःख से निरपेक्ष जड़ प्रकृति नहीं है। उसमें मानवीय भावनाओं एवं क्रियाकलापों का स्पन्दन है। प्रकृति पर सप्राणता आरोपित करके जय-

---

१० जैन कुमारसम्भव, ६।५३,५९,६३
११. वही, ११।१,१०,१२

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

शेखर ने उसे मानव जगत् की भाँति विविध चेष्टाओं में रत अंकित किया है। प्रभात वर्णन के प्रस्तुत पद्य में कमल को मन्त्रसाधक के रूप में चित्रित किया है जो गहरे पानी में खड़ा होकर मन्त्रजाप के द्वारा प्रतिनायक चन्द्रमा से लक्ष्मी को छीन कर उसे पत्रशय्या पर ले जाता है।

गम्भीराम्भःस्थितमथ जपन्मुद्रितास्यं निशाया–
मन्तर्गुञ्जन्मधुकरमिषान्नूनमाकृष्टिमन्त्रम्।
प्रातर्जातस्फुरणमरुणस्योदये चन्द्रबिम्बा–
दाकृष्याब्जं सपदि कमलां स्वांकतल्पीचकार ।।१०।८४

कुमारसम्भव में नर-नारी के कायिक सौन्दर्य का भी विस्तृत वर्णन हुआ है। सौन्दर्य-चित्रण में कवि ने दो प्रणालियों का आश्रय लिया है। एक ओर विविध उपमानों की योजना के द्वारा नखशिख विधि से वर्ण्य पात्र के विभिन्न अवयवों का सौन्दर्य प्रस्फुटित किया गया है, तो दूसरी ओर प्रसाधन सामग्री से पात्रों के सहज सौन्दर्य को वृद्धिगत किया गया है। कवि की उक्ति-वैचित्र्य की वृत्ति तथा सादृश्यविधान को कुशलता के कारण उसका सौन्दर्यचित्रण रोचकता तथा सरलता से मुखर है। जहाँ कवि ने नवीन उपमानों की योजना की है, वहाँ वर्ण्य अंगों का सौन्दर्य साकार हो गया है और कवि-कल्पना का मनोरम विलास भी दृष्टिगत होता है। सुमंगला तथा सुनन्दा की शरीर-यष्टि की तुलना स्वर्ण-कटारो से करके कवि ने उनकी कान्ति की नैसर्गिकता तथा वेधकता का सहज भान करा दिया है।

तनूस्तदीया ददृशेऽमरीभिः संवेतशुभ्रामलमंजुवासा।
परिस्फुटस्फाटिककोशवासा हैमीकृपाणीव मनोभवस्य ।।३।६८

कुमारसम्भव की कथावस्तु में केवल चार पात्र हैं। उनमें से सुनन्दा की चर्चा तो समूचे काव्य में एक-दो बार ही हुई है। शेष पात्रों की चरित्रगत विशेषताओं का भी मुक्त विकास नहीं हो सका है। इन्द्र यद्यपि काव्य कथा में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता है पर उसके चरित्र की रेखाएँ धूमिल ही हैं। वह लोकविद् तथा व्यवहारकुशल है। उसकी व्यवहार-कुशलता का ही यह फल है कि वीतराग ऋषभ उसकी नीतिपुष्ट युक्तियों से वैवाहिक जीवन अंगीकार करने को तैयार हो जाते हैं।

ऋषभदेव काव्य के नायक हैं। उनका चरित्र पौराणिकता से इस प्रकार आक्रान्त है कि उसका स्वतन्त्र चित्रण सम्भव नहीं। पौराणिक नायक की भांति वे नाना अतिशयों तथा विभूतियों से भूषित हैं। लोकस्थिति के परिपालन के लिये उन्होंने विवाह तो किया, किन्तु काम उनके मन को जीत नहीं सका। उनमें आकर्षण और विकर्षण का अद्भुत मिश्रण है। काव्य की नायिका सुमंगला उनके व्यक्तित्व के प्रकाश पुंज से हतप्रभ निष्प्राण जीव है। काव्य में उसके द्वारा की गयी नारी-निन्दा उसके अवचेतन में छिपी हीनता को प्रकट करती है।

जैन कुमारसम्भव की प्रमुख विशेषता इसकी उदात्त एवं प्रौढ़ भाषाशैली है। संस्कृत महाकाव्य के ह्रासकाल की रचना होने पर भी इसकी भाषा माघ अथवा मेघविजयगणि की भाषा की भाँति विकट समासान्त अथवा कष्टसाध्य नहीं है। काव्य में बहुधा प्रसादपूर्ण तथा भावानुकूल पदावली का प्रयोग हुआ है। यद्यपि काव्य में विभिन्न कोटि की स्थितियाँ

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अधिक नहीं है किन्तु विषय एवं प्रसंग के अनुरूप उपयुक्त पदावली प्रयुक्त करने में कवि की क्षमता सन्देह से परे है। उसका व्याकरणज्ञान असन्दिग्ध है। विद्वत्ता प्रदर्शित करने का कवि का आग्रह नहीं किन्तु लुङ् तथा लिट्, विशेषकर कर्मवाच्य में, के प्रति उसका पक्षपात स्पष्ट है [12]। काव्य में कुछ ऐसे शब्द भी प्रयुक्त किए गये हैं जो नितान्त अप्रचलित हैं। कतिपय सामान्य शब्दों का प्रयोग असाधारण अर्थ में हुआ है [13]। कुमारसम्भव सुमधुर तथा भावपूर्ण सूक्तियों का विशाल कोश है। अवश्य ही इनमें से कुछ लोक में प्रचलित रही होंगी [14]!

अलंकारों की सुरुचिपूर्ण योजना काव्य शैली को समृद्ध बनाती है तथा उसके सौन्दर्य में वृद्धि करती है। हेमचन्द्र, वाग्भट आदि जैनाचार्यों के विधान का उल्लंघन करके काव्य में चित्रबन्ध का समावेश न करना जयशेखर की भाषात्मक सुरुचि का प्रमाण है। कुमारसम्भव में अलंकार इस सहजता से आए हैं कि उनसे काव्य-सौन्दर्य स्वतः प्रस्फुटित होता जाता है तथा भाव प्रकाशन को समर्थता तथा सम्पन्नता मिलती है। जयशेखर के यमक और श्लेष में भी दुरूहता नहीं है। दसवें सर्ग में सुमंगला की सखियों के नृत्य तथा विभिन्न दार्शनिक मतों के श्लिष्ट वर्णन में श्लेष ने काव्यत्व को अवश्य दबोच लिया है। जयशेखर ने भावोद्बोध के लिये प्रायः सभी मुख्य अलंकारों का प्रयोग किया है। श्लेष और अर्थान्तरन्यास उसके प्रिय अलंकार हैं।

छन्दों की योजना में कवि ने शास्त्रीय विधान का पालन किया है। प्रत्येक सर्ग में एक छन्द प्रयुक्त हुआ है जो सर्गान्त में बदल जाता है। काव्य में उपजाति का प्राधान्य है। सब मिलाकर कुमारसम्भव में अठारह छन्दों का प्रयोग किया गया है।

---

१२ अधरैर्धरैर्बभूवे ।२.१७, पराभिराभिर्नवरं जिजीवे-३.५४, विबुधै फलं जगे-४.२५, सुखं सिषेवे किमु रत्नराशिना-९.७१, कैश्चिद् जगदे तदेति-११.५, दृगध्वनावामि -२.६, महीमहीनत्वमुपासिष्ठषीष्ट ताम्-२.६७, आलम्भि रोलम्बगणैर्विलम्बः ३.४५, विभूषणं तैस्तदमानि दूषणम्-४.३०, युवाक्षिभृगैस्तदरामि-६.२१, हारि मा तदिदमद्य निद्रया-१०.५२, अवेदि नेदीयसि देवराजे ११.५९.

१३. द्रोणी-नौका, अनालम्-सम्यक्, वज्रमुखः-गरुड, पुलाकी-वृक्ष, महाबलम्-वायु, तृणध्वजः-बांस, वृषः-पुण्य, विज्जुल-कलुषित, खण्डम्-वन, उद्वेग-सुपारी, स्मरध्वज-वादित्र, सेवर-शरीर, प्रान्तर-मार्ग, आदीनवः-दोष, कुलम्-आवास, भौती-रात्रि, विरोकः-किरण, अवग्रहः-विघ्न, अन्तर्गडु-निरर्थक, निन्द्यदिक्-दक्षिण दिशा, प्रशलतु-हेमन्त, चूणि-अन्न, तोयाद्री-तौलिया, पिण्डोल-झूठन, निविरीस-निविड, रजनी-हरिद्रा, ताविषः-स्वर्ग, स्तानवम्-गतिलाघव, प्रमद्वरा-प्रमादिनी, महानादः-सिंह, मार्जिता-रस,भोजन, शुचिः-सूर्य, अंहति-दान!

१४ कतिपय सूक्तियाँ---१. यदुद्भवो यः स तदाभचेष्टितः-२.९.,२. त्रपा हि तातोनतया सुसूनुषु-२.६३, ३. स्याद् यत्र शक्तेरवकाशनाशः श्रीयेत शूरैरपि तत्र साम-३.१५, ४. न कोऽथवा स्वेऽवसरे प्रभूयते-४.६९, ५. रागमेधयति रागिषु सर्वम्-९.१६, ६. कालेन विना क्व शक्तिः-६.५,७. शक्तौ सहना हि सन्तः-६.२९, ८. जात्यरत्नपरीक्षायां बालाः किमधिकारिणः-७. ६८, ९. अतित्वरी विघ्नकरीष्टसिद्धेः-८.६२, १०. अहो कथं हृदयानुयायि कलानिधीनामपि भाग्यलभ्यम्-९.९. ११. अहो यशो भाग्यवशोपलभ्यम्-११.११.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जैन कुमारसम्भव का वास्तविक सौन्दर्य तथा महत्त्व उसके वर्णनों में निहित है। इनमें एक ओर कवि का सच्चा कवित्व मुखरित है और दूसरी ओर जीवन के विभिन्न पक्षों तथा व्यापारों से सम्बन्धित होने के कारण इनमें समसामयिक समाज की चेतना का स्पन्दन है। इन वर्णनों के माध्यम से ही काव्य में समाज का व्यापक चित्र समाहित हो सका है जो महाकाव्य के एक बहु-अपेक्षित तत्त्व की पूर्ति करता है। इसीलिये जैन कुमारसम्भव से तत्कालीन वैवाहिक परम्पराओं, राजनीति तथा भोजन विधि से लेकर प्रसाधन सामग्री, आभूषणों, वाद्ययन्त्रों, समुद्री व्यापार, अभिनय, सामाजिक मान्यताओं, मदिरापान आदि कुरीतियों के विषय में महत्त्वपूर्ण सामग्री उपलब्ध होती है। इस प्रकार जैन कुमारसम्भव साहित्यिक दृष्टि से उत्तम काव्य है और इसमें युगजीवन की व्यापक अभिव्यक्ति हुई है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जैन दर्शन के 'तर्क प्रमाण' का आधुनिक सन्दर्भों में मूल्यांकन*

सागरमल जैन

तर्क की प्रमाण के रूप में प्रतिस्थापना का परिप्रेक्ष्य

भारतीय दर्शनों में केवल जैन दर्शन की ही यह विशेषता है, कि वह प्रमाण विवेचन में तर्क को एक स्वतंत्र प्रमाण मानता है, फिर भी हमें इतना ध्यान अवश्य ही रखना होगा कि प्रमाण के रूप में तर्क की प्रतिस्थापना जैन न्याय की विकास यात्रा का एक परवर्ती चरण है। तत्त्वार्थसूत्र और श्वे० आगम नन्दिसूत्र में तो हमें ज्ञान और प्रमाण के बीच भी कोई विभाजक रेखा ही नहीं मिलती है, उनमें पांचों ज्ञानों को ही प्रमाण मान लिया गया है (मतिश्रुतावधिमनःपर्यायकेवलानि ज्ञानम्। तत् प्रमाणे तत्त्वार्थ० १।९–१०) किन्तु श्वे० आगम भगवती, स्थानांग और अनुयोगद्वार में प्रमाणों का स्वतंत्र विवेचन उपलब्ध है। उनमें कहीं प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम इन तीन प्रमाणों की और कहीं प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और आगम इन चार प्रमाणों की चर्चा मिलती है। सम्भवतः प्रमाणों का यह स्वतंत्र विवेचन आगम साहित्य में सर्व प्रथम अनुयोग द्वार में किया गया हो, क्योंकि भगवती सूत्र में केवल उनका नाम निर्देश करके यह कह दिया गया है कि 'जहा अणुओगद्दारे' अर्थात् अनुयोगद्वार सूत्र के समान ही इन्हें यहां भी समझ लेना चाहिए [1]। यद्यपि इन आधारों पर नन्दिसूत्र, अनुयोगद्वार, स्थानांग और भगवती, के वर्तमान पाठों की पूर्वापरता के प्रश्न को एक नये सन्दर्भ में विचारा जा सकता है, किन्तु प्रस्तुत चर्चा के लिए यह आवश्यक नहीं है। एक विशेषता यह भी देखने को मिलती है कि स्थानांग सूत्र में इनके लिए प्रमाण शब्द का प्रयोग न होकर हेतु और व्यवसाय शब्दों का प्रयोग हुआ है। मुझे ऐसा लगता है कि यहां 'हेतु' का तात्पर्य प्रामाणिक ज्ञान के साधनों से और 'व्यवसाय' का तात्पर्य ज्ञानात्मक व्यापार के स्वरूप से है। जो कि अपने लाक्षणिक अर्थ में प्रमाण चर्चा से भिन्न नहीं है। ध्यान देने योग्य दूसरी बात यह है कि स्थानांग सूत्र में व्यवसाय के अन्तर्गत केवल तीन प्रमाणों[2] की और हेतु के अन्तर्गत चार प्रमाणों[3] की चर्चा उपलब्ध है। इस प्रकार हम देखते हैं कि जैन न्याय में प्रमाणचर्चा के प्रसंग में भी आगम युग तक तर्क को स्वतंत्र प्रमाण के रूप में स्थापित करने का कोई प्रयास नहीं किया गया था। यद्यपि इसकी सम्भावना के बीज आगम साहित्य में तथा तत्त्वार्थसूत्र में अवश्य ही उपस्थित थे। क्योंकि नन्दीसूत्र और विशेषावश्यक भाष्य में ईहा, अपोह, विमर्श, मार्गणा, गवेषणा, स्मृति, संज्ञा, प्रज्ञा और मति को पर्यायवाची मान लिया गया था। इसी प्रकार उमास्वाति के तत्त्वार्थसूत्र एवं उसके भाष्य में भी मति, स्मृति, संज्ञा, चिन्ता और अभिनिबोध को एक ही अर्थ के वाचक माना था[4]। मेरी दृष्टि में यहां इन्हें पर्यायवाची या एकार्थवाचक कहने का तात्पर्य मात्र इतना ही है कि ये सब मतिज्ञान के ही विभिन्न रूप हैं। उमास्वाति के तत्त्वार्थ भाष्य में ईहा के पर्याय के रूप में भी तर्क और ऊह इन दोनों शब्दों का स्पष्ट उल्लेख है।[5] क्योंकि ईहा अवग्रहीत अर्थ (पदार्थ) के विशेष स्वरूप

---

* ओल इण्डिया ओरिएण्टल कान्फरन्स, २९ वें पूना अधिवेशन में पठित।

१–से किं तं पमाणं १ पमाणे चउव्विहे पण्णत्ते तं जहा पच्चक्खे, अणुमाणे, ओवम्मे, आगमे, जहा अणुओगद्दारे। –भगवती ५।४।१९१–१९२

२–तिविहे ववसाए पण्णत्ते तं जहा–पच्चक्खे, पच्चइए, अनुगामिए। –स्थानांग १८५

३–अहवा हेउ चउव्विहे पण्णत्ते तं जहा पच्चक्खं, अणुमाणे, ओवम्मे, आगमे। स्थानांग ३३८

४– मतिः स्मृतिः संज्ञा चिंताऽभिनिबोध इत्यनर्थान्तरम्–तत्त्वार्थ १।१३॥

५– तत्त्वार्थभाष्य १।१५

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

को जानने की आकांक्षा के रूप में गुण-दोष-विचारात्मक ज्ञान व्यापार ही है, अतः उसका पर्याय तर्क या ऊह हो सकता है। फिर भी यहां तर्क को ईहासे पृथक् एक स्वतंत्र प्रमाण नहीं माना गया है। साथ ही 'तर्क प्रमाण' में 'तर्क' शब्दका जो अर्थ गृहीत है वह भी यहां अनुपस्थित ही है। इससे प्रमाण चर्चा के प्रसंग में तर्क शब्द का जो अर्थ-विकास हुआ है वह एक परवर्ती घटना ही सिद्ध होती है। फिर भी ये सब बातें एक ऐसी आधारभूमि तो अवश्य प्रस्तुत कर रही थी, जिसके सहारे अकलंक के द्वारा ७वीं शती में तर्क को प्रमाण के पद पर प्रतिष्ठित किया जा सका। वस्तुतः तर्क को स्वतंत्र रूप से प्रमाण मानना इसलिए आवश्यक हो गया कि उसके बिना व्याप्ति-ग्रहण की समस्या का सही हल प्रस्तुत कर पाना सम्भव नहीं था, क्योंकि प्रत्यक्ष चाहे वह इन्द्रिय प्रत्यक्ष हो या अतीन्द्रिय मानस-प्रत्यक्ष हो, त्रैकालिक एवं सार्वलौकिक व्याप्ति का ग्रहण नहीं कर सकता था। दूसरी ओर अनुमान तो स्वयं व्याप्ति पर निर्भर था, अतः प्रत्यक्ष और अनुमान के बीच एक सेतु की आवश्यता थी जिसे तर्क को प्रमाण मानकर पूरा किया गया। 'तर्क' को प्रमाण के पद पर प्रतिष्ठित करने के साथ ही अकलंक के सामने दूसरी महत्त्वपूर्ण समस्या यह थी कि उसे सांव्यावहारिक प्रत्यक्ष एवं परोक्ष में से किस प्रमाण के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जावे? चूंकि तत्त्वार्थसूत्र भाष्य में ईहा का अन्तर्भाव सांव्यावहारिक प्रत्यक्ष में होता था अतः सूत्रकार के मत की रक्षा करने हेतु उसका समावेश सांव्यावहारिक प्रत्यक्ष में ही होना था किन्तु प्रत्यक्ष का ही एक भेद होने की स्थिति में तर्क व्याप्ति का ग्राहक नहीं बन सकता था-इस हेतु उसके बौद्धिक, विमर्शात्मक एवं सामान्यज्ञानात्मक स्वरूप पर बल देना भी जरूरी था और यह तभी सम्भव था जबकि उसे शब्द संसर्ग से युक्त एवं ऐन्द्रिक तथा मानसिक प्रत्यक्ष से भिन्न स्वतंत्र प्रमाण माना जावे। किन्तु ऐसी स्थिति में उसे परोक्ष प्रमाण में वर्गीकृत करना जरूरी था। अकलंक ने दोनों ही दृष्टिकोणों की रक्षा की, रक्षा हेतु यह माना कि 'तर्क' आदि जब शब्द संसर्ग से रहित हो तो उनका समावेश सांव्यावहारिक प्रत्यक्ष में और शब्द संसर्ग से युक्त हो तो उनका समावेश परोक्ष श्रुतज्ञान में करना चाहिए। लेकिन परम्परा की रक्षा करने का उनका यह प्रयास सफल नहीं हुआ और उत्तरकालीन अनन्तवीर्य, विद्यानन्द आदि सभी जैन तार्किकों ने तर्क का समावेश परोक्ष प्रमाण में ही किया। जैन तार्किकों का प्रमाणों का निम्न सर्वमान्य वर्गीकरण तर्क का अन्तर्भाव परोक्ष प्रमाण में ही करता है—



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सभी जैन तार्किकों ने परोक्ष प्रमाण के स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान और आगम ऐसे पांच भेद किये है, केवल एक अपवाद है न्यायविनिश्चय के टीकाकार वादीराज सूरि। उन्होंने पहले परोक्ष के दो भेद किये—१. अनुमान और २. आगम, और फिर अनुमान के मुख्य और गौण ऐसे दो भेद करके स्मृति, प्रत्यभिज्ञान और तर्क का अन्तर्भाव गौण अनुमान में किया है। जैन दर्शन द्वारा स्वीकृत इस प्रमाण-योजना का अतीन्द्रिय आत्मिक प्रत्यक्ष न्याय दर्शन में योगज प्रत्यक्ष के रूप में स्वीकृत है। जहाँ तक सांव्यावहारिक प्रत्यक्ष या इन्द्रिय प्रत्यक्ष का प्रश्न है उसे सभी भारतीय दर्शनों ने प्रमाण माना है, चाहे उसके स्वरूप आदि के सम्बन्ध में थोड़ा मतभेद रहा हो। परोक्ष प्रमाणों में अनुमान और आगम को भी अधिकांश भारतीय दर्शनों ने प्रमाण की कोटि में माना है। प्रत्यभिज्ञा को भी न्याय दर्शन प्रत्यक्ष प्रमाण के एक भेद के रूप में स्वीकार करता है, मात्र अन्तर यही है कि जहाँ जैन दार्शनिक उसे परोक्ष प्रमाण का भेद मानते हैं, वहाँ न्याय दर्शन उसे प्रत्यक्ष प्रमाण का एक भेद मानता है। यद्यपि यह अन्तर अधिक महत्त्वपूर्ण नहीं है, क्योंकि अकलंक ने तो उसे शब्दसंसर्ग से रहित होने पर सांव्यावहारिक प्रत्यक्ष के अन्तर्गत मान ही लिया था। अपने स्वरूप की दृष्टि से भी प्रत्यभिज्ञान में ऐन्द्रिक प्रत्यक्ष और स्मृति दोनों का योग होता है अतः वह आंशिक रूप से प्रत्यक्ष और आंशिक रूप से परोक्ष सिद्ध होता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि जैन दार्शनिकों द्वारा स्वीकृत प्रमाणों में केवल स्मृति और तर्क ही ऐसे है जिन्हें अन्य दर्शनों में प्रमाण की कोटि में वर्गीकृत नहीं किया गया है। न्याय दर्शन प्रमा और अप्रमा के वर्गीकरण में स्मृति और तर्क दोनों को ही अप्रमा अथवा अयथार्थ ज्ञान मानता है। यद्यपि अन्नंभट्ट का वर्गीकरण थोड़ा भिन्न है। वे पहले ज्ञान को स्मृति और अनुभव इन दो भागों में वर्गीकृत करते हैं और बाद में अनुभव को यथार्थ और अयथार्थ इन दो भागों में बाँट देते हैं। इस प्रकार वे स्पष्ट रूप से स्मृति को अयथार्थ ज्ञान नहीं मानते है, तथापि जहाँ तक तर्क का प्रश्न है वे भी उसे अयथार्थ ज्ञान में ही वर्गीकृत करते हैं। यद्यपि वे उसे संशय और विपर्यय से भिन्न अवश्य मानते है। उन्होंने अयथार्थ ज्ञान के तीन भेद किये हैं—१. संशय २. विपर्यय और ३. तर्क। इस प्रकार हम देखते है कि न्याय दर्शन तर्क को प्रमाण की कोटि में नहीं रखता है। यद्यपि यह स्वतंत्र प्रश्न है कि क्या संशय, विपर्यय और तर्क एक ही स्तर के ज्ञान है या भिन्न भिन्न स्तर के ज्ञान है? क्या अयथार्थ ज्ञान का अर्थ भ्रमयुक्त या मिथ्या ज्ञान है? जिन पर आगे विचार करेंगे। चाहे न्याय दर्शन ने तर्क को प्रमाण नहीं माना हो फिर भी वह अपने षोडश पदार्थों में तर्क को एक स्वतंत्र स्थान तो देता ही है तथा व्याप्ति स्थापना में तर्क की उपयोगिता को भी निर्विवाद रूप से स्वीकार करता है। यद्यपि भारतीय दर्शनों में सांख्य-योग तथा मीमांसा दर्शन तर्क को 'प्रमाण' मानते हैं किन्तु उनके तर्क को प्रमाण मानने के सन्दर्भ बिलकुल भिन्न है। वह सन्दर्भ ज्ञान मीमांसा के न होकर भाषाशास्त्रीय एवं कर्मकाण्डीय है। ज्ञान मीमांसा के क्षेत्र में तो वे भी अपनी अपनी प्रमाणों की मान्यता में तर्क को कोई स्वतंत्र स्थान नहीं देते हैं। मात्र यही नहीं, मीमांसा दर्शन तो व्याप्ति निश्चय में भी तर्क की उपादेयता को स्वीकार नहीं करता है। इस प्रकार हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि भारतीय दर्शन में एक मात्र जैन दर्शन ही ऐसा दर्शन है जो तर्क को स्वतंत्र रूप से प्रमाण की कोटि में रखता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

तर्क शब्द का अर्थ :

सर्व प्रथम प्रमाण के पद पर प्रतिष्ठित होने के पूर्व तर्क के अर्थों की जो विकास यात्रा है, उस पर भी यहां विचार कर लेना अपेक्षित है। प्राचीन भारतीय साहित्य में तर्क शब्द का प्रयोग विविध अर्थों में होता रहा है और अर्थों की यह विविधता ही भारतीय दर्शन में तर्क के स्वरूप के सम्बन्ध में भिन्न भिन्न धारणाओं के निर्माण के लिए उत्तरदायी भी है। यह द्रष्टव्य है कि शब्दों का अनियत एवं विविध अर्थों में प्रयोग ही उनके सम्बन्ध में गलत धारणाओं को जन्म देता है। इसलिए डॉ० बारलिंगे न्याय दर्शन के तर्क स्वरूप की समीक्षा करते हुए यह कहते हैं कि--It is such a loose use of words which has been responsible for mis-carriage of the true import of words and concepts (A Modern Introduction to Indian Logic p. 121) अतः तर्क प्रमाण की चर्चा प्रसंग में हमें यह भी देख लेना होगा कि तर्क शब्द के अर्थों में किस प्रकार का परिवर्तन होता रहा है। अपने व्यापक अर्थ में तर्क शब्द उस बुद्धि-व्यापार का सूचक है जिसे विमर्शात्मक चिन्तन (Speculative Thinking) भी कहा जा सकता है। अभिधान राजेन्द्र कोष में तर्क के तर्कणा पर्यवलोचना, विमर्श, विचार आदि पर्यायवाची शब्द दिये गये हैं।। इस प्रसंग में उसका अंग्रेजी पर्याय रीजनींग (Reasoning) है। कठोपनिषद् के 'नैषा तर्केण मतिरापनेया' आचारांग के 'तक्का जत्थ न विज्जइ मइ तत्थ न गाहिया' अथवा महाभारत के 'तर्कोऽप्रतिष्ठः' आदि प्रसंगों में तर्क शब्द का प्रयोग इसी व्यापक अर्थ में हुआ है। तर्क का एक दूसरा अर्थ भी है--जिसके अनुसार आनुभविक एवं बौद्धिक आधारों पर किसी बात को सिद्ध करने, पुष्ट करने या खण्डित करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया को भी तर्क कहा जाता है। तर्क शास्त्र, तर्क विज्ञान आदि में तर्क शब्द इसी अर्थ का सूचक है, इसे आन्वीक्षिकी भी कहा जाता है। यहाँ उसका अंग्रेजी पर्याय 'लाजिक' (logic) है। इस प्रसंग में तर्क शब्द सामान्य रूप से सभी प्रमाणों को अपने में समाविष्ट कर लेता है। न्याय दर्शन में तर्क शब्द का प्रयोग एक तीसरे अर्थ में हुआ है; यहाँ वह चिन्तन की ऐसी अवस्था है, जो संशयजनित दोलन में निर्णयाभिमुख है। इस प्रकार वह संशय और निर्णय के मध्य निर्णयाभिमुख ज्ञान है। सांख्य, योग और मीमांसा दर्शन में उसके लिए जिस ऊह शब्द का प्रयोग हुआ, उसे भाषायी-विवेक कहा जा सकता है। किन्तु जैन दर्शन के तर्क प्रमाण के प्रसंग में तर्क शब्द का प्रयोग एक चौथे अत्यन्त सीमित और निश्चित अर्थ में हुआ है। यहाँ तर्क एक अन्तःप्रज्ञात्मक (Intuitive) सुनिश्चित ज्ञान है। उसे 'सामान्य' का ज्ञान (knowledge of universals) भी कहा जा सकता है। वस्तुतः वह इन्द्रिय ज्ञान के माध्यम से अतीन्द्रिय ज्ञान के क्षेत्र में प्रवेश है। ज्ञात से अज्ञात की खोज है। यहाँ वह पाश्चात्य तर्कशास्त्र की आगमनात्मक कूदान (Inductive leap) का सूचक है। वह उन त्रैकालिक एवं सार्वलौकिक सम्बन्धों का ज्ञान है, जिन्हें हम व्याप्ति सम्बन्ध या कार्यकारण सम्बन्ध के रूप में जानते हैं और जिनके आधार पर कोई अनुमान निकाला जा सकता है। यह अनुमान की एक अनिवार्य पूर्व शर्त है, उसे हम विशेष से सामान्य की ओर प्रत्यक्ष से अनुमान की ओर अथवा आगमन से निगमन की ओर जाने का सेतु या प्रवेश द्वार कह सकते हैं। प्रमाण मीमांसा में तर्क के उपरोक्त स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहा गया है--

उपलम्भानुपलम्भनिमित्तं व्याप्तिज्ञानमूहः--२।५

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अर्थात् उपलम्भ अर्थात् यह होने पर यह होता है और अनुपलम्भ अर्थात् यह नहीं होने पर यह नहीं होता है के निमित्त से जो व्याप्ति का ज्ञान होता है वही तर्क है। दूसरे शब्दों में प्रत्यक्षादि के निमित्त से जिसके द्वारा अविनाभाव सम्बन्ध या कार्यकारण-सम्बन्ध को जान लिया गया है, वही तर्क है। यह अविनाभाव सम्बन्ध तथा कार्यकारण-सम्बन्ध सार्वकालिक और सार्वलौकिक होता है, अतः इसका ग्रहण इन्द्रिय ज्ञान से नहीं होता है अपितु अतीन्द्रिय प्रज्ञा से होता है, अतः तर्क ऐन्द्रिक ज्ञान नहीं अपितु अतीन्द्रिय प्रज्ञा है जिसे हम अन्तःप्रज्ञा या अन्तर्बोध कह सकते हैं। तर्क के इस अतीन्द्रीय स्वरूप का समर्थन प्रमाण मीमांसा की स्वोपज्ञ वृत्ति में स्वयं हेमचन्द्र ने किया है। वे कहते हैं 'व्याप्तिग्रहणकाले योगीव प्रमाता' (२।५-वृत्ति) अर्थात् व्याप्ति ग्रहण के समय ज्ञाता योगी के समान हो जाता है। तर्क अविनाभाव को अपने ज्ञान का विषय बनाता है और यह अविनाभाव एक प्रकार का सम्बन्ध है अतः तर्क सम्बन्धों का ज्ञान है। पुनः यह अविनाभाव सम्बन्ध सार्वकालिक एवं सार्वलौकिक होता है, अतः तर्क का स्वरूप सामान्य ज्ञानात्मक होता है। अविनाभाव क्या है और उसका तर्क से क्या सम्बन्ध है इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि–

'सहक्रमभाविनोः सहक्रमभावनियमोऽविनाभावः, ऊहात् तन्निश्चयः– (प्रमाणमीमांसा २।१०।११।)अर्थात् सहभावियों का सहभाव नियम और क्रमभावियों का क्रमभाव नियम ही अविनाभाव है और इसका निश्चय तर्क (ऊह) से होता है। ये सहभाव एवं क्रमभाव भी दो दो प्रकार के हैं। सहभाव के दो भेद हैं–१ सहकारी सम्बन्ध से युक्त जैसे रस और रूप तथा २ व्याप्य–व्यापक या व्यक्तिजाति सम्बन्ध से युक्त जैसे वटत्व और वृक्षत्व। इसी प्रकार क्रमभाव के भी दो भेद हैं १–पूर्ववर्ती और परवर्ती सम्बन्ध जैसे ग्रीष्म ऋतु और वर्षा ऋतु तथा २–कार्यकारण सम्बन्ध जैसे धूम और अग्नि। इस प्रकार सहचार सम्बन्ध, व्याप्य-व्यापक सम्बन्ध, व्यक्तिजाति सम्बन्ध, पूर्वापर सम्बन्ध और कार्यकारण सम्बन्ध रूप नियम अविनाभाव है और जिनका निश्चय तर्क के द्वारा होता है। इस प्रकार तर्क सम्बन्धों और सम्बन्ध–नियमों का ज्ञान है। चूंकि ये सम्बन्ध पदों के आपादन (Implication) को सूचित करते हैं, अतः तर्क आपादन का निश्चय करता है और यह आपादन व्याप्ति की अनिवार्य शर्त है, अतः तर्क व्याप्ति का ग्राहक है, इसीलिए जैन दार्शनिकों ने कहा 'व्याप्तिज्ञानमूहः, ऊहात् तन्निश्चयः।' अर्थात् व्याप्तिज्ञान ही तर्क है और तर्क से ही व्याप्ति (अविनाभाव आपादन) का निश्चय होता है। जैन दर्शन में तर्क प्रमाण के इन लक्षणों की पुष्टि डा० बारलिंगे ने न्याय दर्शन के तर्क स्वरूप की समीक्षा करते हुए अनजाने में ही कर दी है। उनकी विवेचना के कुछ अंश है – "Tarka is something non-empirical. Tarka is that argument which goes to the root of Anumāna and so is its presupposition or condition....It gives the relation between Āpādya and Āpādaka in its anvaya or vyatireka form. It is clearly the knowledge of the implication which is evidently pre-supposed by any vyāpti. Tarka indicates the relation which is pre-supposed by vyāpti." (see : A Modern Introduction to Indian

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

Logic pp 123–125) वस्तुतः तर्क को अन्तर्बोधात्मक या अन्तःप्रज्ञात्मक प्रातिभ ज्ञान कहना इसलिए आवश्यक है कि उसकी प्रकृति इन्द्रियानुभवात्मक ज्ञान अर्थात् लौकिक प्रत्यक्ष (Empirical knowledge or perception) से और बौद्धिक निगमनात्मक अनुमान (Deductive inference) दोनों से भिन्न है। तर्क अतीन्द्रिय (Non-empirical) और अति-बौद्धिक (Super rational) है, क्योंकि वह अतीन्द्रिय एवं अमूर्त सम्बन्धों (Non–empirical relations) को अपने ज्ञान का विषय बनाता है। उसका विषय है—जाति-उपजाति सम्बन्ध, सामान्य–विशेष सम्बन्ध, कार्यकारण सम्बन्ध आदि। वह आपादन (Implication), अनुवर्तिता (Entailment), वर्ग सदस्यता (Class membership), कार्यकारणता (Causaltiy) और सामान्यता ((Universaltiy) का ज्ञान है। वह वस्तुओं को ही नहीं, अपितु उनके तात्त्विक स्वरूप एवं सम्बन्धों को भी जानता है, इसलिए उसे आपादान का ज्ञान (Knowledge of implication) भी कहा जा सकता है। तर्क उन नियमों का द्रष्टा (यहां मैं द्रष्टा शब्द का प्रयोग जानबूझकर कर रहा हूँ) है, जिनके द्वारा विश्व की वस्तुएं परस्पर सम्बन्धित या असम्बन्धित हैं, जिनके आधार पर सामान्य वाक्यों की स्थापना कर उनसे अनुमान निकाले जाते हैं और जिन्हें पाश्चात्य आगमनात्मक तर्कशास्त्र में कार्य-कारण और प्रकृति की समरूपता के नियमों के रूप में, तथा निगमनात्मक तर्कशास्त्र में विचार के नियमों के रूपमें जाना जाता है और जो क्रमशः आगमन और निगमन की पूर्व-मान्यता के रूप में स्वीकृत है। इस प्रकार तर्क प्रमाण की विषय वस्तु तर्क शास्त्र की अधिमान्यतायें (postulates of Logic and Reasoning) है, वह प्रत्यक्ष और अनुमान से तथा आगमन और निगमन से विलक्षण है। वह सम्पूर्ण तर्क शास्त्र का आधार है, क्योंकि वह उस आपादान (Implication) या व्याप्ति के ज्ञान को प्रदान करता है जिस पर निगमनात्मक तर्कशास्त्र टिका हुआ है और जो आगमनात्मक तर्क शास्त्र का साध्य है। तर्क का यही विलक्षण स्वरूप एक ओर उसे प्रत्यक्ष और अनुमान प्रमाणों से भिन्न एक स्वतंत्र प्रमाण के रूप में स्थापित करता है, दूसरी ओर उसे आगमन और निगमन के बीच एक योजक कड़ी के रूप में प्रस्तुत करता है। सम्भवतः यह न्याय शास्त्र के इतिहास में जैन तार्किकों का स्याद्वाद और सप्तभंगी के सिद्धान्तों के बाद एक और मौलिक योगदान है। जैन दार्शनिकों के इस योगदान का सम्यक् प्रकार से मूल्यांकन करने के लिए यह आवश्यक है कि हम विभिन्न भारतीय दर्शनों में प्रस्तुत तर्क के स्वरूप की समीक्षा करके यह देखें कि जैन दर्शन के द्वारा प्रस्तुत तर्क के स्वरूप की उनसे किस अर्थ में विशेषता है।

अन्य भारतीय दर्शनों में तर्क का स्वरूप :

भारतीय दर्शनों में 'तर्क' की प्रमाणता को स्वीकार करने वालों में जैन दर्शन के साथ साथ सांख्य-योग एवं मीमांसा दर्शन का भी नाम आता है, किन्तु इन दर्शनों ने जिन प्रसंगों में तर्क की प्रमाणता को स्वीकार किया वे प्रसंग बिलकुल भिन्न हैं। सांख्य दर्शन के लिए ऊह या तर्क, वाक्यों के अर्थ निर्धारण में भाषागत नियमों के उपयोग की प्रक्रिया है। डा० सुरेन्द्रनाथ दास गुप्ता लिखते हैं 'सांख्य के लिए ऊह शब्दों अथवा वाक्यों के अर्थ को निर्धारित करने के लिए मान्य भाषागत नियमो के प्रयोग की प्रक्रिया है (युक्त्या प्रयोग-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

निर्णयमूहः-न्यायमंजरी, पृ० ५८८)[6] । पतंजलि ने भी व्याकरण शास्त्र के प्रयोजन हेतु ऊह की प्रमाणता को स्वीकार किया है । क्योंकि वेदादि में सभी लिंगों और विभक्तियों में मन्त्रों का कथन नहीं हुआ है अतः देवता द्रव्य का ध्यान रख कर उनमें परिणमन कर लेना चाहिए (महाभाष्य १।१११) । यहां ऊह भाषायी विवेक और भाषायी नियमों के पालन से अधिक कुछ नहीं है । भाषीय नियमों के आधारपर स्वरूप एवं अर्थ निर्धारित करने की प्रक्रिया वस्तुतः अनुमान का ही एक रूप है, अतः तर्क अनुमान के ही अन्तर्गत है; उसका स्वतंत्र स्थान नहीं है । इस प्रकार इन दोनों दर्शनों में तर्क का प्रसंग ज्ञान मीमांसीय न हो कर भाषाशास्त्रीय ही है । मीमांसा दर्शन में भी तर्क की प्रमाणता को स्वीकार किया गया है किन्तु उसका सन्दर्भ भी प्रमाण मीमांसा का न होकर विशुद्ध रूप से कर्मकाण्ड सम्बन्धी भाषा का ही है। मीमांसा कोष में ऊह के स्वरूप के सम्बन्ध में लिखा है –'अन्यथा श्रुतस्य शब्दस्य अन्यथा लिंगवचनादिभेदेन विपरिणमनम् ऊहः ।' अर्थात् मन्त्र आदि में दिये गये मूल पाठ में विनियोग के अनुसार लिंग वचन आदि में परिवर्तन करना ऊह कहा जाता है । मीमांसा शास्त्र के सम्पूर्ण नवम अध्याय के चार पादों के २२४ सूत्रों में ऊह पर विस्तार से विचार किया गया है किन्तु सारा प्रसंग कर्मकाण्डीय भाषा शास्त्र का ही है । उसमें तीन प्रकार के ऊह माने गये हैं– १ मन्त्र–विषयक ऊह, २–साम विषयक ऊह और ३–संस्कार विषयक ऊह । किन्तु तीनों के सन्दर्भ कर्मकाण्डीय भाषा से सम्बन्धित है। भाट्ट-दीपिकाकार का कथन है कि प्रकृति याग (अर्थात् जिसके लिए वह मंत्र रचा गया है) में पठित मंत्र का विकृति याग में उसके अनुरूप परिवर्तन कर लेना ही ऊह है।[8] उदाहरण के लिए यज्ञ कर्म में जहाँ व्रीहि (चावल) द्रव्य है वहां अवहनन व्रीहि में किया जाता है । यही यज्ञ कर्म अगर नीवार (जंगली चावल) से किया जावे तो अवहनन नीवार में सम्पन्न होगा, यह द्रव्य विषयक ऊह है। इसी प्रकार अग्नि देवता के लिए चरु निर्वपन करते समय 'अग्नये त्वा जुष्टं निर्वपामि' मन्त्र का प्रयोग प्रकृत है किन्तु जब अग्नि के स्थान पर सूर्य देवता के लिये चरु निर्वपन करना हो तो चतुर्थी विभक्त्यन्त सूर्य शब्द का प्रयोग करते हुए 'सूर्याय त्वा जुष्टं निर्वपामि' मन्त्र का प्रयोग होता है । यह मन्त्र श्रुति में पठित नहीं है किन्तु ऊह-सिद्ध है[9] । संक्षेप में यज्ञ एवं संस्कार आदि को सम्पन्न करते समय देवता, द्रव्य, यजमान आदि का ध्यान रखते हुए परिस्थिति के अनुरूप मंत्रों के शब्दों तथा लिंग, वचन एवं विभक्ति आदि में परिवर्तन कर लेना ऊह या तर्क है । इस प्रकार मीमांसा दर्शन में ऊह या तर्क का अर्थ कर्मकाण्डीय भाषा के विवेक से अधिक कुछ नहीं है ।

संक्षेप में उपर्युक्त तीनों दर्शनों में तर्क का कार्य या तो व्याकरण सम्बन्धी नियमों का ध्यान रखते शब्द एवं वाक्य के अर्थ का निर्धारण करना है या यज्ञ–याग आदि कर्मों को सम्पन्न करते भाषायी–विवेक का उपयोग है, चाहे इन दर्शनों ने तर्क की प्रमाणता को स्वीकार किया हो किन्तु न तो वे उसे स्वतंत्र प्रमाण मानते हैं और न व्याप्ति ग्रहण में उसके योगदान को ही स्वीकार करते हैं ।

६. भारतीयदर्शन का इतिहास भाग ४, पृ. १९०–१९१

७– मीमांसा कोष, पृष्ट १६३८

८– तत्रोहो नाम प्रकृतावन्यथा दृष्टस्य विकृतावन्यथा भावः ।

९– मीमांसा दर्शन ९–२, १–१

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

न्याय दर्शन में तर्क का स्वरूप : तुलनात्मक विवेचन

न्याय दर्शन यद्यपि तर्क को स्वतंत्र रूप से प्रमाण नहीं मानता है, फिर भी वह उसे प्रमाण-ज्ञान एवं व्याप्ति ग्रहण में सहयोगी अवश्य मानता है। वात्स्यायन कहते हैं कि—

तर्को न प्रमाणसंगृहीतो न प्रमाणान्तरम् ।
प्रमाणानामनुग्राहकस्तत्वज्ञानाय परिकल्प्यते ।।[१०]

अर्थात् तर्क न तो स्वीकृत प्रमाणों में समाविष्ट किया जाता है और न वह पृथक् प्रमाण ही है किन्तु वह एक ऐसा व्यापार है जो प्रमाणों के सत्य ज्ञान को निर्धारित करने में सहायता देता है। विश्वनाथ कहते हैं कि तर्क हेतु के व्यभिचार के सम्भाव्य उदाहरणों के सम्बन्ध में संशय का निवारण करता है और इस प्रकार व्याप्ति ज्ञान को अचूक बना देता है अर्थात् परोक्ष रूप से व्याप्ति ग्रहण में सहायक होता है। इस प्रकार लगभग सभी न्याय-दार्शनिक व्याप्ति ग्रहण में तर्क की उपयोगिता को स्वीकार करते हैं।

न्याय सूत्र के भाष्य में वात्स्यायन[११] तर्क के स्वरूप को स्पष्ट करते लिखते हैं कि जिस वस्तु का यथार्थ स्वरूप ज्ञात नहीं है उस विषय को यथार्थतः जानने के लिए स्वाभाविक रूप से जो इच्छा उत्पन्न होती है उसे जिज्ञासा कहा जाता है, जिज्ञासा के पश्चात् यह विचार उठता है कि इसका कारण यह है या वह ? इस प्रकार यहां परस्पर भिन्न दो कोटियां उपस्थित हो जाती हैं, इन दो कोटियों में कौन सी ठीक है यह संशय या विमर्श है ? दोनों कोटियों में से यथार्थ कोटि को जानने के लिए एवं उक्त संशय से मुक्ति पाने के लिए उन संदिग्ध पक्षों में जिस ओर भी कारण की उपपत्ति दृष्टिगोचर होती है उसी सम्भावना को तर्क कहा जाता है, अतः तार्किक ज्ञान निर्णयात्मक 'यह ऐसा ही है' इस प्रकार का न होकर 'इसे ऐसा होना चाहिए' या 'यह ऐसा हो सकता है' इस प्रकार का होता है। अतः तर्क एक सम्भावनामूलक ज्ञान है। उदयन का कथन है कि 'एव' शब्दार्थ अर्थात् 'यह ऐसा ही है' को विषय करती हुई किन्तु 'एव' शब्द से विहीन कारण की उपपत्ति द्वारा एक पक्ष का बोधन करती हुई संशय तथा निर्णय के मध्य में होने वाली सम्भावनामूलक प्रतीति तर्क कहलाती है।' न्याय दर्शन में तर्क संशय और निर्णय के बीच दोलन की अवस्था है। यद्यपि वह निर्णयाभिमुख अवश्य होती है। संशय में प्रतीति उभय पक्ष अवगाहिनी होती है 'जैसे यह स्तम्भ है या पुरुष'। जबकि निर्णय में वह निश्चित रूप से एक ही पक्ष को ग्रहण करती है। जैसे 'यह पुरुष ही है।' तर्क में वह निर्णयोन्मुख तो होती है किन्तु निश्चयात्मक नहीं जैसे 'यह पुरुष होगा या यह पुरुष हो सकता है।' इस प्रकार हम देखते हैं कि तर्क शब्द को न्याय दर्शन जिस अर्थ में ग्रहण करता है वह उसके जैन दर्शन में गृहीत अर्थ से भिन्न है। वस्तुतः न्याय दर्शन के तर्क का स्वरूप जैन दर्शन के ईहा शब्द के समान है। जैन दार्शनिकों ने ईहा शब्द की जो व्याख्या प्रस्तुत की है वह भी ठीक ऐसी ही है। प्रमाणनयतत्वालोक में ईहा की परिभाषा निम्न प्रकार दी गई है—'अवगृहीतार्थविशेषाकांक्षण-

१०- न्याय सूत्र पर वात्स्यायन भाष्य १।१।१। पृष्ठ ५३
न्यायसूत्र पर विश्वनाथ वृत्ति, १।१।४०
न्यायसूत्र पर वात्स्यायन भाष्य, पृष्ठ ३२०-२१

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मीहा' (२।८) अर्थात् अवग्रह में जिस विषय का ज्ञान होता है उसका ही विशिष्ट ज्ञान प्राप्त करना ईहा है। मान लीजिये कि मुझे कोई शब्द सुनाई दिया है—वह अवग्रह है किन्तु शब्द सुनने पर हम यह सोचते हैं कि वह किसका शब्द है, पुरुष का या स्त्री का ? यह संशय है—इस संशय से हम उस स्वर की विभिन्न स्वरों से तुलना करते हैं और यह पाते हैं कि यह स्वर पुरुष का नहीं हो सकता, क्योंकि इसमें माधुर्य है, अतः इसे स्त्री का स्वर होना चाहिए। संशय में दोनों पलड़े बराबर रहते हैं किन्तु ईहा में अन्य साधक प्रमाणों के कारण ज्ञान का झुकाव उस ओर हो जाता है, जिसका निश्चय हम अवाय (निर्णय) में करते हैं। अतः यदि हम अवाय को निर्णय कहें तो ईहा निर्णय की पूर्वावस्था होगी। चूंकि जैन दर्शन की ईहा और न्याय दर्शन का तर्क दोनों निर्णय के पूर्व की अवस्था है अतः दोनों समान है। दोनों में ही ज्ञान का स्वरूप निर्णायक न होकर निर्णयोन्मुख ही होता है। ऐसा लगता है कि प्रमाण युग के पूर्व तक जैन दार्शनिक भी तर्क के निश्चयात्मक स्वरूप की स्थापना नहीं कर पाये थे। उमास्वाति ने तत्त्वार्थभाष्य में ईहा के पर्यायवाची शब्दों में ऊह और तर्क दोनों का प्रयोग किया है। इससे हम सहज ही इस निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं कि प्रमाण युग के पूर्व तक न्याय दर्शन के तर्क और जैन दर्शन के ईहा के स्वरूप में कोई अन्तर नहीं था। सम्भवतः यह प्रश्न तब उपस्थित हुआ होगा जबकि व्याप्ति के ग्रहण की समस्या उपस्थित हुई होगी। व्याप्ति का ग्रहण केवल निश्चयात्मक ज्ञान से ही सम्भव था। और इसलिए जहाँ जैन दार्शनिकों को ईहा से स्वतंत्र तर्क की प्रमाण के रूप में स्थापना करनी पड़ी, वहीं न्याय दार्शनिकों को सामान्यलक्षणा प्रत्यासत्ति के रूप में प्रत्यक्ष के ही एक नवीन प्रकार की कल्पना करनी पड़ी। जिस पर हम आगे चर्चा करेंगे। वात्स्यायन ने तर्क की जो परिभाषा प्रस्तुत की थी और जैन दार्शनिकों ने ईहा का जो स्वरूप स्पष्ट किया था, वह पाश्चात्य आगमनात्मक तर्क शास्त्र में स्वीकृत परिकल्पना (Hypothesis) के समान है।

जैन दर्शन की ईहा, न्याय दर्शन का तर्क और पाश्चात्य आगमनात्मक तर्कशास्त्र की प्राक्कल्पना—तीनों ही निर्णयाभिमुख एवं निर्णय के सम्बन्ध में सुझाव देने वाली निर्णय के पूर्व की अवस्थायें हैं और इस रूप में तीनों में समानता परिलक्षित होती है। पाश्चात्य तर्क शास्त्रियों ने वैज्ञानिक प्राक्कल्पना की व्याख्या भी इसी रूप में की है। प्राक्कल्पना वह कल्पना है जिसके सत्य होने की सर्वाधिक सम्भावना होती है। यह बात प्राक्कल्पना के एक उदाहरण से स्पष्ट हो जाती है। मान लीजिये हम किसी जिले में अधिक चोरियां होने की घटना की व्याख्या करना चाहते है। हम सोचते है कि यदि इस जिले में अधिक चोरियां होती है तो या तो यहां के निवासी आपराधिक प्रवृत्ति के है, या यहां की पुलिस सजग नहीं है या लोगों में गरीबी बढ़ गई है। हम यह पाते हैं कि यहां के लोग आपराधिक प्रवृत्ति के नहीं है अन्यथा पूर्व वर्षों में भी चोरियां अधिक होती थी किन्तु ऐसी बात नहीं है। अतः यह विकल्प निरस्त हो जाता है। दूसरा विकल्प पुलिस सजग नहीं इसलिए निरस्त हो जाता है कि चोरी के लगभग सभी केस पकड़े जा रहे हैं अतः हम इस निश्चय की ओर अभिमुख होते हैं कि सम्भावना यही हो सकती है कि यहां के लोगों में गरीबी बढ़ी होना चाहिये। यही सम्भावित कारण की कल्पना प्राक्कल्पना है। प्रतीकात्मक दृष्टि से इन्हें इस प्रकार रखा जा सकता है—

Jain Education International　For Personal & Private Use Only　www.jainelibrary.org

त^1 ⊃ सं (क^1 v क^2 v क^3)	–विकल्प
(∽क^1 ∽ क^2)	–विकल्प निषेध
त^1 ⊃ सं. (क^3)	–सम्भावित निर्णय (प्राक्कल्पना)

जबकि

त=तथ्य, कार्य या घटना (परवर्ती)

सं=सम्भावना

क=कारण या पूर्ववर्ती

⊃ =कारण सम्बन्ध आपादन

v=विकल्प

∽ =निषेध

इसकी व्याख्या इस प्रकार होगी – किसी तथ्य, कार्य अथवा घटना के सम्बन्ध में कुछ सम्भावित विकल्प परिलक्षित होते हैं, एक को छोड़कर शेष सम्भावित विकल्प आनुभविक या तार्किक आधार पर निरस्त हो जाते हैं अतः हम इस निर्णय की ओर अभिमुख होते हैं कि वह तथ्य, कार्य या घटना उस अवशिष्ट विकल्प से सम्बन्धित हो सकती है ।

इस प्रकार हम देखते हैं कि ईहा, तर्क (न्याय-दर्शन) और प्राक्कल्पना तीनों ही हमें संशय के विभिन्न विकल्प का निरसन करते हुए किसी सर्वाधिक सम्भावित सत्य की ओर पहुंचाने का प्रयास करती है । तीनों का निर्णय सम्भावित और सुझावात्मक होता है । उसका भाषायी रूप होता है—'इसे ऐसा होना चाहिये' या 'यह ऐसा हो सकता है' । किन्तु निष्कर्ष के इस भाषायी स्वरूप की एकरूपता के आधार पर हमें इन्हें एक मानने की भूल नहीं करना चाहिए । गम्भीरता से विचार करने पर यह बात स्पष्ट हो जाती है कि ये तीनों एक नहीं है । प्रथम तो यह कि इनकी विचार की विषय वस्तु भिन्न भिन्न है । दूसरे यह कि, ईहा, प्राक्कल्पना और तर्क का प्रतीकात्मक स्वरूप भी एक नहीं है । सम्भवतः न्याय दार्शनिक इसी भ्रान्ति के कारण तर्क को सीधे सीधे व्याप्ति ग्राहक नहीं मान कर मात्र सहयोगी मानते रहे । यदि तर्क का भी वास्तविक रूप सम्भावनामूलक ही है तो निश्चय ही न्याय दार्शनिकों की यह धारणा सत्य होती कि इस पद्धति से व्याप्ति ग्रहण नहीं हो सकता है । प्रथम तो यह कि सम्भावित विकल्पों का निरसन करते हुए हमारे पास जो अवशिष्ट विकल्प रह जावेगा वह भी सम्भावित ही होगा निर्णायक नहीं । दूसरे यह कि संभावित विकल्पों के निरसन की इस पद्धति के द्वारा अविनाभाव या व्याप्ति ग्रहण कभी भी सम्भव नहीं है । क्योंकि इस बात की क्या गारन्टी है कि सभी सम्भावित विकल्पों को जान लिया गया है और उस तथ्यकी व्याख्या के सम्बन्ध में जितने भी विकल्प हो सकते हैं उनमें एक को छोड़कर शेष सभी निरस्त हो गये । जब तक हम इस सम्बन्ध में आश्वस्त नहीं हो जाते (जोकि सम्भव नहीं है) व्याप्ति या अविनाभाव को नहीं जान सकते । तीसरे यदि यह विधि ऐन्द्रिक अनुभव पर आधारित है तो केवल जो कारण नहीं है उनके निरसन में ही सहायक हो सकती है, व्याप्ति ग्राहक नहीं । जैन दार्शनिकों का यह मानना कि चाहे ईहात्मक ज्ञान प्रामाणिक हो किन्तु उससे व्याप्ति ग्रहण नहीं होता, उचित ही है । पाश्चात्य तार्किकों के द्वारा कारण सम्बन्ध की खोज में प्राक्कल्पना की सुझावात्मक भूमिका मानना भी सही है और यदि तर्क का यही स्वरूप

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

होता तो नैयायिकों का यह मानना भी सही होता कि तर्क व्याप्ति ग्रहण में मात्र सहयोगी है। किन्तु मेरी दृष्टि में तर्क का वास्तविक स्वरूप ऐसा नहीं है जैसा कि वात्स्यायन एवं जयंत आदि टीकाकारों ने मान लिया है। स्वयं डा० बारलिंगे ने भी तर्क स्वरूप के सम्बन्ध में उनके इस दृष्टिकोण को समुचित नहीं माना है। वे लिखते हैं–

It appears to me that this particular function of Tarka has been overlooked by commentators of Nyāya sūtra and by many other Logicians-(A Modern Introduction to Indian Logic p. 123)

सर्वप्रथम तो हमें यह जान लेना चाहिए कि तर्क का विषय वस्तु का गुणों का ज्ञान या विधेय ज्ञान नहीं है, अपितु कार्यकारणसम्बन्ध, अविनाभाव सम्बन्ध या आपादान सम्बन्ध का ज्ञान है। 'यह पुरुष हो सकता' इस प्रकार के ज्ञान का तर्क से कोई लेना देना नहीं है। यह प्रत्यक्षात्मक ज्ञान है। इस समस्त भ्रान्ति के पीछे न्याय सूत्र में दी गई तर्क की परिभाषा की गलत व्याख्या है। न्याय सूत्र में तर्क की निम्न परिभाषा दी गई है–

अविज्ञातेत्वर्थे कारणोपपत्तितः तत्त्वज्ञानार्थम् ऊहा तर्कः। न्याय सूत्र १।१।४०

वस्तुतः यहां तर्क का तात्पर्य मात्र अविज्ञात वस्तु के यथार्थ स्वरूप के ज्ञान के लिए की गई ऊहा (बौद्धिक कल्पना) से नहीं है। अपितु इसमें महत्त्वपूर्ण शब्द है–'कारणोपपत्तितः' वह कारण सम्बन्ध को युक्ति द्वारा होने वाला तत्त्वज्ञान है या दो तथ्यों के बीच कार्यकारणसम्बन्ध का ज्ञान है। जब तर्क कार्यकारण सम्बन्ध सूचित करता है तो फिर तर्क सम्भावना मूलक एवं अनिश्चित ज्ञान है यह कहने का क्या आधार है? उपपत्तितः शब्द सिद्ध होने (To be proved) का सूचक है और जब कार्यकारणभाव सिद्ध हो गया तो फिर वह सम्भावना मूलक एवं अनिश्चित ज्ञान कैसे कहा जा सकता है। दूसरे मूल सूत्र में कहीं ऐसा संकेत नहीं है कि जिससे यह कहा जा सके कि तर्क सम्भावनात्मक या अनिश्चित ज्ञान है। अतः नैयायिकों की यह धारणा कि तर्क सम्भावना मूलक ज्ञान है स्वतः खण्डित हो जाती है। साथ ही सूत्र में रखा गया 'तत्त्वज्ञानार्थम्' शब्द भी इस बात को सिद्ध करता है कि तर्क वस्तु के मूर्त या बाह्य स्वरूप का ज्ञान नहीं अपितु अमूर्त (Non-empirical) स्वरूप का ज्ञान है। वह वस्तु-ज्ञान (Material knowledge) नहीं, तत्त्व-ज्ञान (Metaphysical knowledge) है।

जैसा कि हमने पूर्व में बताया तर्क का विषय अविनाभाव सम्बन्ध, कार्य-कारण सम्बन्ध, जाति-जाति सम्बन्ध, वर्ग सदस्यता सम्बन्ध आदि है। तर्क किसी धूम विशेष या अग्नि विशेष को नहीं अपितु धूम जाति और अग्नि जाति को अपना विषय बनाता है। क्योंकि धूम विशेष या अग्नि विशेष के हजारों उदाहरण भी व्याप्ति सम्बन्ध का ज्ञान नहीं दे सकते हैं। यद्यपि यह सत्य है कि इसके लिए विशेष का प्रत्यक्षीकरण आवश्यक है क्योंकि जैन दर्शन के अनुसार सामान्य विशेष से पृथक् नहीं पाया जाता है। फिर व्याप्ति या अविनाभाव सम्बन्ध की सिद्धि सामान्य के ज्ञान से होगी, विशेष के ज्ञान से नहीं। तर्क सामान्य का ज्ञान है। न्याय दार्शनिक तर्क की इस प्रकृति को स्पष्ट नहीं कर सके। अतः व्याप्ति ग्रहण की इस समस्या को सुल-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जाने हेतु उन्हें सामान्यलक्षणा प्रत्यासत्ति के नाम से प्रत्यक्ष के एक नये प्रकार की कल्पना करनी पड़ी। तुलनात्मक दृष्टि से जैन दर्शन का तर्क न्याय दर्शन के तर्क और सामान्यलक्षणा प्रत्यासत्ति के योग के बराबर है। मात्र यही नहीं जैन दार्शनिकों ने तर्क की जो व्याख्या प्रस्तुत की है वह इतनी व्यापक है कि उसमें व्याप्ति ग्रहण के इतर साधनों का भी समावेश हो जाता है। स्याद्वादमंजरी में तर्क की निम्न परिभाषा दी गई है—

उपलम्भानुपलम्भसम्भवं त्रिकालीकलितसाध्यसाधनसम्बन्धाद्यालम्बनमिदमस्मिन् सत्येव भवतीत्याद्याकारं संवेदनमूहस्तर्कापरपर्यायः यथा यावान् कश्चिद् धूमः स सर्वो वह्नौ सत्येव भवतीति तस्मिन्नसति असौ न भवेत्येवेति वा।

स्याद्वादमञ्जरी २८.

उपलम्भ अर्थात् सहचार दर्शन और अनुपलम्भ अर्थात् व्यभिचार अदर्शन से फलित साध्य साधन के त्रैकालिक सम्बन्ध आदि के ज्ञान का आधार तथा 'इसके होने पर ही यह होगा' जैसे यदि कोई धुआं है तो वह अग्नि के होने पर ही होता है और अग्नि के नहीं होने पर नहीं होता है इस आकार वाला जो (मानसिक) संवेदन है वह ऊह है, उसका ही दूसरा नाम तर्क है। सभी जैन दार्शनिकों ने तर्क की अपनी व्याख्याओं में उपलम्भ और अनुपलम्भ शब्दों का प्रयोग किया है। सामान्यतया उपलम्भ का अर्थ उपलब्ध होता है। लाक्षणिक दृष्टि से उपलम्भ का अर्थ है एक की उपलब्धि पर दूसरे की उपलब्धि अर्थात् अन्वय या सहचार और अनुपलम्भ का अर्थ है एक की अनुपलब्धि (अभाव) पर दूसरे की अनुपलब्धि (अभाव) अर्थात् व्यतिरेक। किन्तु अनुपलम्भ का एक दूसरा भी अर्थ है व्याघात के उदाहरण की अनुपलब्धि अर्थात् व्यभिचार अदर्शन। इस प्रकार जैन दर्शन के अनुसार अन्वय, व्यतिरेक रूप सहचार दर्शन और व्यभिचार अदर्शन के निमित्त से तर्क के द्वारा व्याप्ति ज्ञान होता है। यहां यह ध्यान रखना चाहिए कि अन्वय और व्यतिरेक दोनों सहचार के ही रूप है। एक उपस्थिति में सहचार है और दूसरा अनुपस्थिति में सहचार है। फिर भी ये तीनों सीधे व्याप्ति के ग्राहक नहीं हैं क्योंकि आनुभविक तथ्य प्रत्यक्ष के ही रूप हैं (जैन दार्शनिक अनुपलब्धि या अभाव का समावेश भी प्रत्यक्ष में ही करते हैं) अतः इनसे व्याप्ति ग्रहण सम्भव नहीं है। कोई भी अनुभविक पद्धति चाहे वह अन्वय व्यतिरेक हो या उनका ही मिला जुला कोई अन्य रूप हो, व्याप्ति सम्बन्ध का ज्ञान नहीं कर सकती है। पाश्चात्य दार्शनिक ह्यूम ने भी इस बात को स्पष्ट करने का प्रयास किया है कि अनुभववाद या प्रत्यक्ष के माध्यम से कार्यकारण ज्ञान अर्थात् व्याप्तिज्ञान सम्भव नहीं है। प्रत्यक्षाधारित आगमन कभी भी सार्वकालिक और सार्वदेशिक सामान्य वाक्य की स्थापना नहीं कर सकता है। इसलिए जैन दार्शनिकों ने तर्क की परिभाषा में अन्वय व व्यतिरेक एवं व्यभिचार अदर्शन रूप प्रत्यक्ष के तथ्यों को केवल व्याप्ति का निमित्त या सहयोगी मात्र माना। उनके अनुसार वस्तुतः व्याप्ति का ग्रहण उस आकारिक (मानसिक) संवेदन से होता है जो त्रैकालिक साध्य-साधन सम्बन्ध को अपना विषय बनाकर यह निर्णय देता है कि 'इसके होने पर यह होगा'। तर्क की उपरोक्त परिभाषा में महत्त्वपूर्ण शब्द है—'इति आकारं संवेदनं ऊहः तर्कापरपर्यायः'।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार व्याप्ति ज्ञान के ग्राहक तर्क में एक अन्तःप्रज्ञात्मक तत्त्व होता है जो प्रत्यक्ष के अनुभवों को अपना आधार बनाकर अपना त्रैकालिक निर्णय देता है या सामान्य की स्थापना करता है।

तर्क तथा आगमन की प्रकृति को लेकर अभी काफी विवाद चल रहा है। डा० बारलिंगे तर्क को आपादन (Implication) या निगमनात्मक मानते हैं। उन्होंने बड़ी गम्भीरता के साथ इस मत का प्रतिपादन अपने ग्रन्थ Modern Introduction to Indian Logic में किया है। इसके विपरीत डा० भारद्वाज ने विश्व दर्शन कांग्रेस के देहली अधिवेशन में पठित अपने निबन्ध में न्याय सूत्र के टीकाकारों के मत की रक्षा करते हुए तर्क को व्यभिचारशंका प्रतिबन्धक (Tarka as contrafactual conditional) माना है जो कि उसके आगमनात्मक पक्ष पर बल देता है। किन्तु ऐसा तर्क व्याप्ति ग्राहक नहीं बन सकता केवल सहयोगी बन सकता अतः उसमें अन्तःप्रज्ञात्मक पक्ष को स्वीकार करना आवश्यक है। स्वयं डा० बारलिंगे ने तर्क को अनानुभविक (Non-empirical) माना है। वस्तुतः व्याप्तिग्रहण के लिए एक अनानुभविक पद्धति चाहिए। इसीलिए न्याय दार्शनिकों ने व्याप्ति ग्रहण का अन्तिम एवं सीधा उपाय सामान्यलक्षणा प्रत्यासत्ति को माना जो कि अनानुभविक एवं अन्तःप्रज्ञात्मक है। डा० बारलिंगे ने भी स्वयं इस बात को स्वीकार किया है। वे लिखते हैं- It is not also ordinary perception because there is no Indriya sannikarsha with smoke in all the cases. उन्होंने इस बात को भी स्पष्ट किया है कि अमूर्त जाति सम्बन्ध के ज्ञान के लिए ऐसी ही अनानुभविक पद्धति आवश्यक है। जैन दार्शनिकों ने तर्क को एक अतीन्द्रिय अर्थात् ऐन्द्रिक अनुभवों पर आधारित किन्तु उनसे पार जाने वाला, उनका अतिक्रमण करने वाला मानकर इस आवश्यकता की पूर्ति कर ली है। डा० प्रणवकुमार सेन ने विश्व दर्शन परिषद् के देहली अधिवेशन में प्रस्तुत अपने लेख में इस बात का स्पष्ट संकेत किया है कि समस्या चाहे आगमन की हो या निगमन की, बिना अन्तःप्रज्ञात्मक आधार के सुलझाया नहीं जा सकता है (देखिये Knowledge, Culture and Value pp. 41-50) जैन दार्शनिकों के अनुसार व्यक्ति और जाति में कथंचित् अभेद है अतः तर्क अपनी अन्तःप्रज्ञात्मक शक्ति के द्वारा विशेष के प्रत्यक्षीकरण के समय ही सामान्य को भी जान लेता है और इस प्रकार विशेषों के प्रत्यक्ष के आधार पर सामान्य वाक्य की स्थापना कर सकता है। यह कार्य अन्तःप्रज्ञा या तर्क के अतिरिक्त प्रत्यक्ष अनुमान आदि किसी भी अन्य प्रमाण के द्वारा सम्भव नहीं है।

ईहा का स्वरूप और तर्क से उसकी भिन्नता :

यह सत्य है कि जैन दार्शनिकों ने प्रारम्भ में ईहा और तर्क को पर्यायवाची माना था किन्तु प्रमाण युग में ईहा और तर्क दोनों स्वतन्त्र प्रमाण मान लिये गये थे। यद्यपि यह प्रश्न स्वतन्त्र रूप से विचारणीय अवश्य है, कि जैन दार्शनिकों ने ईहा के स्वरूप को, जिस रूप में प्रस्तुत किया है, उस रूप में क्या उसे प्रमाण माना जा सकता है ? क्योंकि ईहा निर्णयात्मक ज्ञान न होकर मात्र ज्ञान प्रक्रिया (process of knowledge) है। जैन दर्शन में प्रत्यक्ष से अनुमान तक की ज्ञान प्रक्रिया का क्रम इस प्रकार है-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

ऐन्द्रिक संवेदन---अवग्रह---संशय---ईहा---अवाय---
धारणा---स्मृति---प्रत्यभिज्ञा---तर्क---अनुमान

इसमें संशय और धारणा को छोड़कर शेष सभी को प्रमाण माना है- यद्यपि ये किस अर्थ में प्रमाण है यह एक अलग प्रश्न है- जिस पर किसी स्वतन्त्र निबन्ध में विचार किया जा सकता है, किन्तु मैं अभी इस प्रश्न को हाथ में लेना नहीं चाहूँगा। यहाँ मूल प्रश्न यह है कि ईहा से स्वतंत्र तर्क को प्रमाण क्यों मानना पड़ा- मेरी दृष्टि में इसका मूल आधार व्याप्ति ग्रहण की समस्या ही रहा होगा। अनुमान के लिए व्याप्ति ग्रहण एक अनिवार्य पूर्व शर्त (Precondition) है और ईहा से व्याप्ति ग्रहण सम्भव नहीं था। प्रमाण मीमांसा में ईहा की चर्चा के प्रसंग में यह प्रश्न उठाया गया था कि यदि ईहा और तर्क एक ही अर्थ के द्योतक हैं तो फिर ईहा से पृथक् तर्क को पृथक् प्रमाण क्यों माना गया? इसके उत्तर में कहा गया कि ईहा वर्तमान में उपस्थित अर्थ को ही अपना विषय बनाती है, अतः उसके आधार पर त्रैकालिक व्याप्ति सम्बन्ध का ज्ञान सम्भव नहीं है। पुनः ईहा प्रत्यक्ष के विषय को अर्थात् मूर्त वस्तुकों ज्ञान का विषय बनाती है, किन्तु व्याप्ति ज्ञान या कार्य-कारणभाव या जाति के प्रत्यय अमूर्त है, अतः वे ऐन्द्रिक ज्ञान के विषय नहीं बनते। तर्क एवं ईहा के स्वरूप में भी अन्तर है- (१) सर्वप्रथम ईहा विशेष का ज्ञान है जबकि तर्क सामान्य का ज्ञान है, (२) दूसरे ईहा वस्तुके गुण धर्मों का ज्ञान है जबकि तर्क सम्बन्धों का ज्ञान है, (३) तीसरे ईहा निर्णय के पूर्व की या संशय और निर्णय के मध्य निर्णयोन्मुख दोलन की अवस्था है जबकि तर्क निर्णयात्मक है, (४) चौथे ईहा ऐन्द्रिक और बौद्धिक ज्ञान है जबकि तर्क में अन्तःप्रज्ञा का तत्त्व होता है, (५) पांचवे ईहा वर्तमान कालिक ज्ञान है जबकि तर्क त्रैकालिक ज्ञान है। इस प्रकार ईहा और तर्क में पर्याप्त अन्तर है, क्योंकि जहाँ तर्क व्याप्ति-ग्राहक है वहाँ ईहा व्याप्ति-ग्राहक नहीं है। अतः तर्क को ईहा से स्वतन्त्र प्रमाण इसलिये मानना पड़ा कि ईहा का अन्तर्भाव तो लौकिक प्रत्यक्ष में होता है, जबकि तर्क का अन्तर्भाव परोक्ष ज्ञान में किया गया है। अतः दोनों को अलग अलग प्रमाण मानना आवश्यक हैं।

ईहा का प्रतीकात्मक स्वरूप भी तर्क से भिन्न है। ईहा के पूर्व जो संशय होता है वह कार्य-कारण, अविनाभाव या आपादन के सम्बन्ध में नहीं होकर केवल विधेय के सम्बन्ध में होता है। जैसे 'यह स्वर स्त्री का है या पुरुष का?' 'यह स्तम्भ है या पुरुष?' ऐसे वाक्यों में संशय इस बारे में भी होता है कि विधेय के इन वैकल्पिक वर्गों में उद्देश्य किस वर्ग का सदस्य है? अतः ईहा का जो सुझावात्मक निर्णय होता है वह आपादान के बारे में न होकर वर्ग-सदस्यता या विधेय-सम्बन्ध के बारे में होता है। उसका प्रतीकात्मक रूप होता है-

उ$_1$ $\subset$सं. (वि$_1$ V वि$_2$)— संशय
$\sim$ वि$_2$ –विकल्प निषेध

$\therefore$ उ $\subset$सं. (वि$_1$) –सम्भावित निर्णय (ईहा)

जबकि-
उ = उद्देश्य
वि = विधेय

१.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सं = सम्भावना

$\subset$ = विधेय–सम्बन्ध या वर्ग-सदस्यता

$\backsim$ = निषेध

इस प्रकार प्रतीकात्मक दृष्टि से विचार करने पर तीनों की भिन्नता स्पष्ट हो जाती है।

तर्क का संशय–निवर्तक स्वरूप :

न्याय दार्शनिक तर्क को संशय निवर्तक मानते हैं, किन्तु जैन दार्शनिकों ने स्पष्ट रूप से तर्क के इस स्वरूप पर प्रकाश नहीं डाला है। इसका कारण यह हो सकता है कि उनके अनुसार तर्क व्याप्ति ग्राहक है, अतः संशय का निवर्तन उसकी पूर्व अवस्था ही हो सकती है, स्वरूप नहीं। उन्होंने इस प्रक्रिया का अन्तर्भाव अनुपलम्भ में कर लिया है। सहचार दर्शन के पश्चात् जो विकल्प या संशय बनते हैं उनका निरसन व्यभिचार अदर्शन से हो जाता है। जहाँ तक न्याय दार्शनिकों का प्रश्न है वे स्पष्ट रूप से तर्क को 'क्वचिच्छङ्का-निवर्तक' कहते है अतः इस सम्बन्ध में विचार करना अपेक्षित है कि तर्क किस प्रकार के संशय को छिन्न करता है। यह स्पष्ट किया जा चुका है कि तर्क विधेय सम्बन्ध का ज्ञान नहीं है, अतः उसके द्वारा जिन संशयों को छिन्न किया जाना है वे इस रूप में नहीं होते कि यह स्तम्भ है या पुरुष? अथवा यह स्वर स्त्री का है या पुरुष का? अतः तर्क में संशय का प्रतीकात्मक स्वरूप त, $\subset$सं (क$_1$ Vक$_2$) ऐसा नहीं है। यहां संशय वस्तु के स्वरूप के बारे में न होकर आपादन, अविनाभाव और कार्य-कारण आदि के सम्बन्धों के बारे में होते हैं। जब संशय सम्बन्ध के बारे में ही होता है उसका प्रतीकात्मक स्वरूप निम्न होगा (हे $\supset$ सा) V$\backsim$(हे $\supset$ सा)। यहाँ विकल्प व्याप्ति के होने या नहीं होने के बारे में ही होता है। इस संशय का निवर्तन तभी हो सकता है जब हेतु (धूम) साध्य (अग्नि) के अभाव में भी कहीं उपलब्ध हो। प्रत्यक्ष में ऐसा उदाहरण नहीं मिलने से अर्थात् व्यभिचार के अदर्शन से संशय छिन्न हो जाता है। क्योंकि यदि धूम और अग्नि में अविनाभाव नहीं होता तो अग्नि के अभाव में भी कहीं धूम उपलब्ध होता अर्थात् 'हे. $\backsim$सा' अथवा '$\backsim$सा. हे' का उदाहरण मिलना था चूंकि ऐसा उदाहरण नहीं मिला है अतः उनमें व्याप्ति है। न्याय दर्शन तर्क को केवल संशय छेदक मानता है किन्तु जैन दर्शन व्याप्ति ग्राहक के रूप में उसके निश्चयात्मक एवं विधायक कार्य को भी स्पष्ट कर देता है। जैन दार्शनिक यह मानते हैं कि अनुपलब्धि अर्थात् व्यभिचार अदर्शन से संदेह का निवर्तन हो जाने पर जो ज्ञान होगा वह निश्चयात्मक ही होगा। अतः यदि तर्क संशय निवर्तक है तो वह उसी समय व्याप्ति ग्राहक भी है।

तर्क का प्रतीकात्मक स्वरूप

तर्क का कोई प्रतीकात्मक स्वरूप निश्चित कर पाना इसलिए कठिन है कि वह एक कुदान (leap) की अवस्था है। विशेषों के ज्ञान के आधार पर हम सामान्य वाक्य की स्थापना अवश्य करते हैं। किन्तु इसका कोई नियम नहीं बताया जा सकता है, यह अन्तःप्रज्ञा की आश्वस्ति है। पाश्चात्य तर्क शास्त्र में जिन कार्य-कारण सम्बन्ध के ज्ञान के आधार पर या प्रकृति समरूपता के नियम के आधार पर सामान्य के ज्ञान का दावा किया जाता है, वह भी आनुभविक आधार पर तो सिद्ध नहीं होता है। ह्यूम ने इसीलिए उसे एक विश्वास (Belief) मात्र कहा था, फिर भी यह न तो अन्ध विश्वास है

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

और न साधारण विश्वास ही, अपितु वह हमारी अन्तःप्रज्ञा की आश्वस्ति है। एक विवेक पूर्ण बौद्धिक अवस्था है। जिसकी सत्यता के बारे में हमें कोई अनिश्चय नहीं। यदि हम तर्क के इस स्वरूप को मान्य करते हैं तो उसे कोई प्रतीकात्मक रूप देना कठिन है– किन्तु जैन दार्शनिकों ने 'व्याप्तिज्ञानमूहः' कहकर प्रमाण और प्रमाणफल में अभेद मानते हुए तर्क का तादात्म्य व्याप्ति ज्ञान से किया है अतः व्याप्ति ज्ञान की जो प्रक्रिया है उसी आधार पर तर्क के प्रतीकात्मक स्वरूप का निर्धारण किया जा सकता है—

१–हे. सा – सहभाव एवं क्रम भाव का अन्वय दृष्टान्त – भावात्मक उपलम्भ

२–∽सा. ∽हे – सहभाव एवं क्रम भाव का अन्वय व्यतिरेक दृष्टान्त—
अभावात्मक उपलम्भ

३–∽(हे.∽सा). ∽(∽सा. हे)—व्यभिचार अदर्शन – अनुपलम्भ

४–∴सं(हे⊃सा) – व्याप्ति सुझाव

५–(हे⊃सा)v∽(हे ⊃सा) – संशय

६–∽(∽सा.हे) संशय निरसन – व्यभिचार अदर्शन के आधार पर

७–∴∽सा⊃∽हे व्याप्ति(अभावात्मक)

८–हे⊃सा व्याप्ति(भावात्मक)

जबकि—

हे–हेतु

सा–साध्य

· –सहभाव,और

⊃ –आपादन

∽ –निषेध

∽⊃ =–आपादान निषेध, व्याप्ति निषेध

इसे निम्न ठोस उदाहरण से भी स्पष्ट किया जा सकता है–यदि हम वह परम्परागत उदाहरण लें जिसमें धुआं हेतु है और अग्नि साध्य है तो सर्वप्रथम (१) धुआं के साथ अग्नि का सहचार देखा जाता है (यत्सत्त्वे यत्सत्त्वं इत्यन्वयः) फिर (२) अग्नि के अभाव में धुएँ का भी अभाव देखा जाता है (यदभावे यदभावः इति व्यतिरेकः)। इस प्रकार अन्वय और व्यतिरेक दोनों में सहचार देखा जाता है पुनः(३) ऐसा कोई भी उदाहरण नहीं देखा जाता है कि धुआं है किन्तु अग्नि नहीं है अथवा अग्नि नहीं है और धुआं है। अर्थात् व्यभिचार का कोई भी उदाहरण नहीं मिलता है (४) इसलिए सम्भावना यह प्रतीत होती है कि धूम और अग्नि में व्याप्ति सम्बन्ध या अविनाभाव सम्बन्ध होना चाहिए। (५) पुनः यह संशय हो सकता है कि धुएँ और अग्नि में व्याप्ति सम्बन्ध होगा या नहीं होगा। (६) किन्तु यह दूसरा विकल्प सत्य नहीं है क्यों कि अग्नि के अभाव मे धूम की उपस्थिति का एक भी व्यभिचारी उदाहरण नही मिला है (७)अतः निष्कर्ष यह है कि अग्नि के अभाव और धुएँ के अभाव में व्याप्ति सम्बन्ध या अविनाभाव सम्बन्ध है। (८) इसी आधार पर धूम के सद्भाव और अग्नि के सद्भाव में

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

भी व्याप्ति सम्बन्ध सिद्ध हो जायेगा। यहां हमे यह ध्यान रखना होगा कि जहां न्याय दर्शन केवल '∼ सा ⊃ ∼ हे' को तर्क का प्रतीक मानता है वहां जैन दर्शन '∼ सा ⊃ ∼ हे' और 'हे ⊃ सा' दोनों को ही स्वीकार करता है। डा० बारलिंगे ने भी माना है कि '∼ सा ⊃ ∼ हे' से हम 'हे ⊃ सा' के निष्कर्ष पर निर्दोष रूप से पहुँच सकते हैं। इस प्रकार जैन दर्शन न्याय दर्शन से एक कदम आगे बढ़कर यह निर्णय देता है कि हे ⊃ सा अर्थात् धूम का सद्भाव अग्नि के सद्भाव का सूचक है। धूम के सद्भाव और अग्नि सद्भाव में व्याप्ति सम्बन्ध है। जैन दर्शन के इस दृष्टिकोण का समर्थन नव्य न्याय में हमें मिलता है। वह तर्क के व्याप्ति परिशोधक तर्क और व्याप्ति ग्राहक तर्क ऐसे दो विभाग करता है। उपरोक्त उदाहरण में छठा चरण व्याप्ति परिशोधक तर्क का और सातवां तथा आठवां चरण व्याप्ति ग्राहक तर्क का है यद्यपि इस सब में तर्क का मुख्य कार्य तो वहां है जहाँ हम सहभाव एवं क्रमभाव के अन्वय और व्यतिरेक के साधक दृष्टान्तों तथा व्यभिचार दर्शन रूप बाधक दृष्टान्त के अभाव में व्याप्ति सम्बन्ध का निश्चय करते हैं। यह विशेष के दृष्टान्तों से सामान्य नियम की ओर अथवा सहभाव एवं क्रमभाव से आपादन का (implication) कार्य-कारण सम्बन्ध की ओर जो छलांग है तर्क उसी का प्रतीक है। यद्यपि तर्क के इस प्रतीकात्मक स्वरूप के बारे में अभी काफी विचार और संशोधन की आवश्यकता है, क्योंकि सहभाव (·) से व्याप्ति (⊃) पर कैसे पहुंचा जाता है यह स्पष्ट नहीं है किन्तु फिर भी इसे मान्य करना इसलिए आवश्यक है कि हम भाषा सम्बन्धी कुछ सम्भावित भ्रान्तिओं से बच सके। उदाहरण के लिए जैन न्याय के अद्वितीय विद्वान पं० कैलाशचन्द जी 'जैन न्याय' नामक ग्रन्थ में तर्क की परिभाषा की व्याख्या करते हुए लिखते हैं, 'उपलम्भ–साध्य के होने पर ही साधन का होना और अनुपलम्भ–साध्य के अभाव में साधन का न होना, के निमित्त से होने वाले व्याप्ति ज्ञान को तर्क कहते हैं' (जैन न्याय पृ० २०९) किन्तु क्या साध्य (अग्नि) के सद्भाव से साधन या हेतु (धुएँ) का सद्भाव सिद्ध हो सकता है? कदापि नहीं। वस्तुतः यहां साध्य के होने पर ही साधन का होना इस कथन का अर्थ भावात्मक न होकर अभावात्मक ही है अर्थात् यह साध्य के अभाव में साधन के अभाव का द्योतक है न कि साध्य के सद्भाव में साधन के सद्भाव का। क्योंकि धूम ही अग्नि से नियत है; अग्नि धूम से नियत नहीं है। इसका नियम है साधन (हेतु) का सद्भाव साध्य के सद्भाव का और साध्य का अभाव साधन या हेतु के अभाव का सूचक है, जिसका प्रतिकात्मक रूप होगा 'हे ⊃ सा' तथा '∼ सा ⊃ ∼ हे'। अतः इस नियम का कोई भी व्यतिक्रम असत्य निष्कर्ष की ओर ले जावेगा। हम साध्य की उपस्थिति से हेतु की उपस्थिति या अनुपस्थिति के सम्बन्ध में कोई भी निर्णय नहीं ले सकते हैं। भावात्मक दृष्टान्तों में व्याप्ति हेतु और साध्य अर्थात् धूम के सद्भाव और अग्नि के सद्भाव के बीच होती है किन्तु अभावात्मक दृष्टांत में वह साध्य और हेतु अर्थात् अग्नि के अभाव और धूम के अभाव के बीच होती है। इसका निर्देश हमारे प्राचीन आचार्यों ने भी व्याप्य-व्यापक भाव या गम्य-गमकभाव के रूप में किया है। उन्होने यह बताया है कि धूम की उपस्थिति से अग्नि की उपस्थिति का और अग्नि की अनुपस्थिति से धूम की अनुपस्थिति का निश्चय किया जा सकता है किन्तु नियम का कोई भी व्यतिक्रम सत्य नहीं होगा। क्योंकि धूम व्याप्य है और अग्नि

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

व्यापक है। प्रतीकात्मकता से यह बात अधिक स्पष्ट हो जाती है। वर्ग सदस्यता का निम्न चित्र रेखाँकन भी इसे स्पष्ट कर देता है।





वर्ग सदस्य सम्बन्ध के इन चित्र से निम्न फलित निकलते हैं-

(१) सब धूमयुक्त वस्तुऐं अग्नियुक्त वस्तुएं हैं, क्योंकि धूम युक्त वस्तुओं के वर्ग का प्रत्येक सदस्य अग्नियुक्त वस्तुओं के वर्ग का सदस्य है। धूम युक्त वस्तुओं का वर्तुल अग्नियुक्त वस्तुओं के वर्तुलमें समाविष्ट है। अर्थात् धूम व्याप्य है और अग्नि व्यापक है। अतः धूम और अग्नि में व्याप्ति सम्बन्ध है किन्तु इसके विपरीत अग्नि और धूम में व्याप्ति सम्बन्ध नहीं बनता है क्योंकि अग्नियुक्त वस्तुओं की जाति (वर्ग) के सभी सदस्य धूमयुक्त वस्तुओं की जाति (वर्ग) के सदस्य नहीं हैं। क्योंकि

हे (धू) ⊃ सा (अ) – सत्य
सा (अ) ⊃ हे (धू) – असत्य

(२) सब अग्नि रहित वस्तुऐं धूम रहित वस्तुएं हैं क्योंकि अग्निरहित वस्तुओं के वर्ग का प्रत्येक सदस्य धूमरहित वस्तुओं के वर्तुल में समाविष्ट है अर्थात् अग्नि रहित वस्तुऐं व्याप्य हैं और धूमरहित वस्तुऐं व्यापक हैं। अतः अग्नि रहित वस्तु और धूमरहित वस्तु में व्याप्ति सम्बन्ध हैं किन्तु इसके विपरीत धूमरहित और अग्नि रहित वस्तु में व्याप्ति सम्बन्ध नहीं बनता है क्योंकि धूमरहित वस्तुयें व्याप्य नहीं हैं, इसमें व्यभिचार हो सकता है क्योंकि धूमरहित वस्तुओं की जाति के सभी सदस्य अग्निरहित वस्तुओं की जाति के सदस्य नहीं हैं।

हे (∽अ) ⊃ सा (∽धू) – सत्य
सा (∽धू) ⊃ हे (∽अ) – असत्य

यहां प्रथम उदाहरण में धूम हेतु है और अग्नि साध्य है जबकि दूसरे उदाहरण में 'अग्नि रहित' हेतु है और 'धूम रहित' साध्य है।

(३) कोई भी धूमयुक्त वस्तु अग्नि रहित नहीं है क्योंकि धूमयुक्त वस्तुओं का वर्तुल अग्नि रहित वस्तुओं के वर्तुल से पृथक् है अतः धूमयुक्त और अग्नि रहित में व्याप्ति निषेध या अविनाभाव निषेध सम्बन्ध है अर्थात् जहां एक होगा वहां दूसरा नहीं है, जो धूमयुक्त है वह अग्नि रहित नहीं हो सकता और जो अग्नि रहित है वह धूमयुक्त नहीं हो सकता।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

हे (धू) ⊃ ∼ सा (∼ अ) – सत्य
सा (∼ अ) ∼ ⊃ हे (धू) – सत्य
हे (∼ अ) ∼ ⊃ सा (धू) – सत्य
सा (धू) हे (∼ अ) – सत्य

अर्थात् निषेधात्मक व्याप्ति में दोनों ही रूप सत्य है ।

तर्क को व्याप्तिग्रहण का साधन और स्वतंत्र प्रमाण क्यों माने

जैन तार्किकों ने तर्क को स्वतंत्र प्रमाण इसीलिए माना था कि तर्क प्रमाण माने बिना व्याप्ति ज्ञान की प्रमाणिकता सम्भव नहीं है । यदि हम अनुमान को प्रमाण मानते हैं तो हमें तर्क को भी प्रमाण मानना होगा क्योंकि अनुमान की प्रमाणिकता व्याप्ति ज्ञान की प्रमाणिकता पर निर्भर है और व्याप्तिज्ञान की प्रमाणिकता स्वयं उसके ग्राहक साधन तर्क की प्रमाणिकता पर निर्भर होगी । यदि व्याप्ति का निश्चय करने वाला साधन तर्क ही प्रमाण नहीं है तो व्याप्ति ज्ञान भी प्रमाणिक नहीं होगा और फिर उसी व्याप्ति सम्बन्ध के ज्ञान पर आश्रित अनुमान प्रमाण कैसे होगा ? अतः तर्क को प्रमाण मानना आवश्यक है ।

पुनश्च यदि तर्क को प्रमाण नहीं मानते हैं तो हमें यह मानना होगा कि व्याप्ति-ग्रहण तर्क से इतर अन्य किसी प्रमाण से होता है, किन्तु तर्केतर अन्य प्रमाण व्याप्ति ज्ञान ग्राहक नहीं हो सकते । सर्वप्रथम इस सम्बन्ध में प्रत्यक्ष और अनुमान प्रमाण की समीक्षा करके देखें कि क्या उनसे व्याप्ति ग्रहण सम्भव है । इस सम्बन्ध में जैन तार्किकों का उत्तर स्पष्ट है कि प्रत्यक्ष और अनुमान प्रमाणों के द्वारा व्याप्ति ग्रहण सम्भव नहीं है ।

लौकिक प्रत्यक्ष अर्थात् ऐन्द्रिक प्रत्यक्ष से व्याप्ति या अविनाभाव सम्बन्ध का निश्चय इसलिए नहीं हो सकता क्योंकि प्रथम तो प्रत्यक्ष का विषय विशेष होता है और विशेषों की कितने ही उदाहरणों के ज्ञान से सामान्य का ज्ञान सम्भव नहीं है । हम मोहन, सोहन आदि हजारों लाखों मनुष्यों को मरता हुआ देखकर भी उसके आधार पर यह दावा नहीं कर सकते कि सब मनुष्य मरणशील है । दूसरे विषयों के सभी उदाहरणों को जान पाना भी सम्भव नहीं है । पुनः प्रत्यक्ष वर्तमान काल को ही विषय बनाता है जबकि व्याप्ति का निश्चय तो त्रैकालिक ज्ञान के बिना सम्भव नहीं । भूतकाल के अनेकों उदाहरणों का प्रत्यक्ष भी यह गारन्टी नहीं देता है कि भविष्य में ऐसा होगा । भूतकाल के अनेकानेक (लगभग सभी) मनुष्य मर गये और वर्तमान में अनेक मर रहे हैं किन्तु इससे हम यहाँ कैसे कह सकते हैं कि भविष्य काल के सभी मनुष्य मरेंगे ही । हो सकता है कि भविष्य में कोई ऐसी औषधि निकल आवे कि मनुष्य अमर हो जावे । प्रत्यक्ष के विषय सदैव ही दैशिक और कालिक तथ्य होते हैं, अतः उससे सार्वभौमिक और सार्वकालिक व्याप्ति सम्बन्ध का ग्रहण नहीं हो सकता ।

प्रत्यक्ष अथवा प्रेक्षण पर आधारित व्याप्ति स्थापन की कई विधियाँ हैं, जैसे अन्वय, व्यतिरेक, भूयो दर्शन, नियत सहचार दर्शन, व्यभिचार अदर्शन और सामान्यलक्षणा प्रत्यासत्ति आदि । इनमें से सामान्यलक्षणा प्रत्यासत्ति के अतिरिक्त अन्य कोई भी विधि त्रैकालिक व्याप्ति सम्बन्ध को ग्रहण करने में समर्थ नहीं है । जहाँ तक सामान्य लक्षणा प्रत्यासत्ति का प्रश्न है उसे प्रत्यक्षात्मक कहना भी कठिन है । वह मूलतः जैन दर्शन के तर्क के प्रत्यय से भिन्न नहीं है,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्योंकि दोनों की मूल प्रकृति अन्तःप्रज्ञात्मक है, वे इन्द्रिय ज्ञान नहीं अपितु प्रातिभ ज्ञान है। यह सुनिश्चित सत्य है कि मात्र प्रत्यक्ष पर आधारित कोई भी विधि त्रैकालिक व्याप्ति सम्बन्ध या अविनाभाव सम्बन्ध का ज्ञान नहीं दे सकती है जब तक कि वह तर्क या प्रातिभज्ञान का सहारा नहीं लेती है।

ए पछी राजपुर, कुंडणी, गजपुर (हस्तिनापुर), पैंचवाडा (?), तलवाडा, देवराउर (?) इत्यादि उत्तरदेशनां; ने खंडिल, डिड्डुआणा, नराणा, हर्षपुर, खट्ट (खेटक, खेड), मेडता, नागपुर (नागोर), शुद्धदंति वगेरे संभरिदेश (सांभर)नां; पाली, संडेरव, नाणा, कोरटा, भिन्नमाल इत्यादि गूर्जरदेशनां; आघाटादि मेवाडनां; उरकेश (ओसियां), किराडू (किराटकूप), विजयपुर (विजयकोट), आदि मरुदेशनां; ने सांचोर (सत्यपुर), गुड्डर (?) वगेरे पश्चिमदेशनां, तीर्थोने वंदे छे. (२६–२९),

ते पछी थारापद्र (थराद), वायड, जालीघर (जालयोधर), नगर (वडनगर), खेड (खेटक), मोढेरा, अणहिलवाड (पाटण), चंद्रावती अने बंभाण (वम्माण–ब्रह्माण), ने त्यारबाद कलिकाल मळनो नाश करनार, सकल व्याधिने दूर करनार, अतिशययुक्त, स्थंभनपुरनिवासी (थांभणाना) पार्श्वनाथने भक्तिपूर्वक प्रणाम करे छे. (३०–३१).

---

१. आमानां शक्य तेटलां नामो "जैन-तीर्थ-सर्व-संग्रह" भा० १ थी ३, (प्रका० आणंदजी कल्याणजी, अमदाबाद,१९५३) ना आधारे आपेल छे.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

तत्पश्चात् कच्छ, भरुच, सोरठ, महाराष्ट्र, कोंकण, कलिकुंड, मानखेडा इत्यादि दक्षिण देशमां, मालवदेशस्थ धारानगरी, उज्जैन, अने छेवटे सर्व देशोमां रहेलां मनुष्यनिर्मित जिन-भवनोने वंदना दे छे (३२–३३).

आ रीते भरत, ऐरावत अने महाविदेह आदि क्षेत्रोमां रहेलां असंख्यात तीर्थोने वंदन करी कवि समापन करे छे. (३४–३६).

३५मी गाथामां 'साहारण' (साधारण) शब्दथी कवि पोतानुं उपनाम श्लेषद्वारा सूचवे छे; अने अंतिम कडीमां पोतानुं सिद्धसेनसूरि नाम स्पष्ट आपे छे. ए बे संकेत-सूचना द्वारा ए निश्चित थाय छे के स्तोत्रकर्ता कवि 'साधारण' उपनामथी प्रसिद्ध एवा 'विलासवई'कार सिद्धसेनसूरि ज छे.

सकल-तीर्थ–स्तोत्र

संसार-तारयाणं तियसासुर-खेयर-वंदिय-कमाणं ।
तित्थयराणं तिहुयण-चेइय-भवणे नमंसामि ॥१॥
बत्तीस-सय-सहस्सा जिणभवणाणं नमामि सोहम्मे ।
अट्ठावीसं लक्खा वंदे ईसाणकप्पम्मि ॥२॥
बारस सणंकुमारे लक्खा वंदामि अट्ठ माहिंदे ।
चत्तारि बंभलोए सासय-जिणनाह-भवणाइं ॥३॥
पण्णास-सहस्साइं लंतयकप्पम्मि भावओ वंदे ।
चत्तालीसं सुक्के छच्च सहस्सा सहस्सारे ॥४॥
आणय-पाणयकप्पे दोसु वि दो दो सयाइं वंदामि ।
आरण-अच्चुयकप्पे सयं दिवड्ढं दिवड्ढं तु ॥५॥
एगारसुत्तर-सयं हिट्ठिम-गेविज्जगेसु वंदामि ।
सत्तुत्तरं च मज्झे सयमेगं उवरिमे कप्पे ॥६॥
पंचेव अणुत्तराइं एवं वंदामि उड्ढ-लोगम्मि ।
तेवीस सत्तनउइ-सहसा चुलसी य लक्खाइं ॥७॥
भवणवईणं मज्झे असुरकुमारेसु लक्ख चउसट्ठी ।
चुलसीइ सय-सहस्सा वाउकुमारेसु वंदामि ॥८॥
बावत्तरि च लक्खा जिण-भवणाणं सुवण्ण-भवणेसु ।
छण्णवइ-सय-सहस्सा नागकुमारेसु वंदामि ॥९॥
दीव-दिसा-उदहीणं विज्जुकुमारिंद-थणिय-अग्गीणं ।
बावत्तरि बावत्तरि लक्खा छण्णं पि वंदामि ॥१०॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

एवमहोलोए य भवणिंद-नमंसियाइं भावेणं ।
बावत्तरि-लक्ख-जुआ कोडीओ सत्त वंदामि ॥११॥
सासय-जिण-भवणाइं वंदे नंदीसरम्मि दीवम्मि ।
बावन्न मणहराइं तियसासुर-खयर-नमियाइं ॥१२॥
जोयण-सय-दीहाइं पण्णासं विच्छडाइं विउलाइं ।
बावत्तरि-उच्चाइं वंदामि जिणिंद-भवणाइं ॥१३॥
पंच धणुस्स य कंचण परमट्ठसएहिं परम-रम्माइं ।
पत्तेयं वंदामि बत्तीस सुरिंद-महियाइं ॥१४॥
चउरो कुंडल-वलए चउरो वंदामि रुयग-वलयम्मि ।
चत्तारि माणुसोत्तर-वलए वंदामि जिण-भवणे ॥१५॥
इसुयार-पव्वएसु वंदे चत्तारि चेइयहराइं ।
मेरुसिहरेसु पंचसु असीइं वंदामि भावेणं ॥१६॥
जिण-निलयाणं वीसं वंदे गयदंतसेल-सिहरेसु ।
दुसु कुरुदुमेसु वंदे तीसं वा सेल-सिहरेसु ॥१७॥
वंदे असीइ-जिण-मंदिराइं वक्खार-पव्वय-वरेसु ।
सत्तरि-सयं च पुण्णं वेयड्ढ-नगेसु वंदामि ॥१८॥
एवं च तिरिय-मज्झे अट्ठावन्नं सयाइं चत्तारि ।
जोइस-वंतरियाणं संखाइयाइं य वंदामि ॥१९॥
सत्ताणवइ सहस्सा लक्ख छप्पन्न य अट्ठ कोडीओ ।
चउ-सय-छियासि एत्तिय लोए चेइयं वंदे ॥२०॥
सिरि-भरह-चक्कवइणा अट्ठावय-पव्वयस्स सिहरम्मि ।
कारवियं अइ-रम्मं चउविस-जिणालयं वंदे ॥२१॥
सम्मेयसेल-सेतुञ्ज-उज्जिले अब्बुयम्मि चित्तउडे ।
जालउरे रणथंभे गोवालगिरिम्मि वंदामि ॥२२॥
सिरि-पासणाह-सहियं रम्मं सिरि-निम्मियं महाथूभं ।
कलिकाले वि सुतित्थं महुरानयरीसु वंदामि ॥२३॥
रायगिह-चंप-पावा-अवज्झ-कंपिल्ल-हत्थिणपुरेसु ।
भद्दिलपुर-सोरीपुर-अंगइया-कण्णउज्जेसु ॥२४॥
सावत्थि-दुग्गमाइसु वाणारसि-पमुह-पुव्व-देसेसु ।
कम्मग-सिरोहमाईसु भेयाण-देसम्मि वंदामि ॥२५॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

[10]रज्जउर-कुंडणीसु य वंदे गज्जउर-[11]पंचवाडेसु ।
तलवाड-देव[12]राउर उत्तर-देसम्मि वंदामि ॥२६॥
खंडिल्ल[13]-डिड्डआणय-नराण-हरसउर[14]-खट्ट-मेडत्ते ।
नागउर-सुद्धदंतिसु संभरि-देसम्मि वंदामि ॥२७॥
पल्लि-संडेरय-नाणएसु कोरंट-भिन्नमालेसु ।
वंदे गुज्जर-देसे आहाडाईसु मेवाडे ॥२८॥
उवएस-किराडउए[15] विजयपुराईसु[16] मरुम्मि देसम्मि ।
सच्चउर-गुड्डराईसु[17] पच्छिम-देसम्मि वंदामि ॥२९॥
थरावद्दय-वायड-जालीहर[18]-नगर-खेड-मोढेरे ।
अणहिल्लवाडनयरे[19] चड्डावल्लीसु बंभाणे ॥३०॥
निहय-कलिकाल-मल्लं[20] साइसयं सयल-[21]वाहि-थंभणयं ।
थंभणयपुर-निवासं पासं वंदामि भत्तीए ॥३१॥
कच्छे भरुयच्छम्मि य सोरट्ठ-मरहट्ठ-कुंकण[22]थलीसु ।
कलिकुंड-माणखेडे दक्खिण[23]-देसेसु वंदामि ॥३२॥
धारा-उज्जेणीसु य मालवदेसम्मि [24]पारियत्ते य ।
वंदामि मणुअ-विहिए जिण-भवणे सव्व-देसेसु ॥३३॥
इय पंचसु भरहेसु एरवएसु महाविदेहेसु ।
संखिज्ज-जिणहराइं मणुएहिं कियाहिं य वंदामि ॥३४॥
कित्तिम-अकित्तिमा वि य तित्थयरा वंदिया मए सव्वे ।
जिण-भवण-सन्निविट्ठा साहारण-भत्तिराएणं ॥३५॥
भरहम्मि मणुअ-विहिया [25]महिया मोहारि-दप्प-माहप्पा ।
सिरि-सिद्धसेणसूरिहिं संथुआ सिव-सुहं दिंतु ॥३६॥

–पाठांतर–

१. पा०-मणुय २. पु० वंदे ३. पु० नागकुमारेसु ४. पु० वाउकुमारेसु ५. पु० पणसी ६. पु० चउसयछियासी ७. पु०सिरिनम्मीयं, सा० सिरिं नमिं महा० ८. सा० सिरोमाइसु ९. सा० सुआणदेसम्मि १०. पा० राजउर; पु० रज्जउर कुडीणीयसु ११. पा० पंच य सयाइं, पु० गोविज्जयर पंचवारेसु १२. पा० देवराउरुत्त(० १३. पु० सा० खंडिल्ल १४. पु० हरसुर खट्टऊरसु, पा० हरसउर खट्टऊदेसे ।१५. सा० पु० किराड्डर १६. पु० विजयपराए मुरुम्मि १७. पा० गुड्डरायसु, पु०गड्डराउर पश्चिम देस० १८. सा० जालउर पु० जालहर १९. सा० अणहिलवाडदेसे २०. पा० महियं २१. पा० वाह २२. पु० कुंकणथलेसु, सा० कंकणथलीसु २३. सा० पा० दक्षिणदेसेसु, पु० दक्षणदेसम्मि २४. पु० पालयंतंनि २५. सा० महिय मोहा. पु० महिया मोहप्प माहप्पा ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सा० प्रतिमां १४मी गाथा नथी, ज्यारे २८ मी अने ३२मीना स्थाने सा० प्रतमां नीचेनी बे गाथाओ मळे छे :—

> भृगुकच्छनयरे जोजाउरम्मि आसल्लपुरम्मि नड्डूले ।
> गंदउ च्च परिवड्डीए वीरं वंदामि वेसाडे ॥२८॥
> धवलक्के धंधूके खंभाइत्ते तह य वडवद्दे ।
> अस्साउल्लीनयरे कप्पडवाणिज्जे वंदामि ॥३२॥

आ बन्ने गाथाओ क्षेपक होवानुं समजी शकाय तेम छे.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्राचीन जन आगमों में जैनदर्शनकी भूमिका

दलसुख मालवणिया

(१) जैनागम

डो. उपाध्ये की स्मृतिमें यह व्याख्यानका आयोजन किया गया है और डो. उपाध्येने अपने जीवन में संस्कृत विषयमें संशोधन किया ही है। किन्तु उनका मुख्य संशोधन प्राकृत-अपभ्रंशको लेकर हुआ है। षट्खंडागमके सोलह भागों के संपादन में उनका पूरा सहयोग डो. हीरालालजी को मिला था और षट्खंडागम दिगंबर संप्रदायकी दृष्टिसे आगमस्थानीय है और जैनों की दृष्टि से आगम ही समग्र जैन साहित्यका जा प्राकृत-संस्कृत-अपभ्रंश और आधुनिक भाषाओं में लिखा गया है--स्रोत है। अतएव मैंने 'जैनागम' इस विषयमें प्रथम व्याख्यान देनेका सोचा। और आज आप सबके समक्ष उसी विषयमें अपने विचार रखने जा रहा हूँ। यह अवसर देने के लिए मैं शिवाजी युनिवर्सिटी के कुलपति श्रीपाटिल का आभारी हूँ।

जैनागम और वेद

वेदकी सुरक्षा शब्दत: की गई है। अर्थकी परंपरा प्राय: लुप्त हो गई थी। जैनागम के विषयमें जानना जरूरी है कि परंपराके अनुसार अर्थका उपदेश अर्हत् करते हैं और उस को शब्दमें बद्ध करते हैं उनके प्रमुख गणधर[२]। अर्थात् जैन परंपराके अनुसार प्रधानरूपसे आगम तो तीर्थंकर का उपदेश है किन्तु हमें जो प्राप्त है वह तदनुसारी शब्दबद्ध आगम है। अर्थका ही महत्त्व होने से शब्द पर विशेष ध्यान दिया नहीं जा सकता था। अतएव शब्द की एकरूपता हो नहीं सकती है। तात्पर्य में भेद नहीं होना चाहिए – शब्द का रूप जो भी हो। अतएव परिणाम यह हुआ कि जिस भाषामें भगवान द्वारा उपदिष्ट अर्थ शब्दबद्ध किया गया वह भाषा प्राकृत होने से, लोकभाषा होने से वैदिक भाषाकी तरह उसका एकरूप सतत सुरक्षित नहीं रह सकता था। अतएव परंपरा के अनुसार भगवान महावीरका उपदेश अर्धमागधी भाषामें होता था[३] ऐसा मान कर भी श्वेताम्बर जैनों के आगम अर्धमागधी में सुरक्षित न रहकर महाराष्ट्रीप्राकृतप्रधान हो गये हैं। और प्राकृतभाषा की प्रकृतिके अनुसार शब्दों के रूपों में भी संस्कृत के समान एकरूपता देखी नहीं जाती। दिगंबरों के मान्य सिद्धान्त भी अर्धमागधी में न होकर शौरसेनीप्रधान हो गये हैं। ऐसा होते हुए भी प्राचीन आगमों की अर्थपरंपरा या तात्पर्य परंपरा एक ही थी यह भी निश्चितरूपसे कहा जा सकता है। बादके कालमें सांप्रदायिक रूप दिया जाने लगा तब अर्थपरंपरामें भी भेद दृष्टिगत होने लगा[४]।

आगमो की सुरक्षामें एक दूसरी भी बाधा थी। ब्राह्मणोंमें वेद की सुरक्षा पितापुत्र की परंपरामें होती थी और जैनों में गुरुशिष्य परंपरामें। यह आवश्यक नहीं कि पिताको जैसा योग्य पुत्र मिलता है वैसा ही योग्य शिष्य गुरुको मिले। ऐसी स्थिति में आगमकी सुरक्षा

---

१ डो. आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्ये की स्मृतिमें शिवाजी युनिवर्सिटी में ता० ७-१०-७७ को दिया गया प्रथम व्याख्यान।

२ आव. नि. १९२; आगमयुगका जैनदर्शन, पृ. ७। मुनि श्रीजम्बूविजयजी की सूत्रकृतांग की प्रस्तावना पृ० २८ से 'वाचना' प्रकरण देखें।

३ समवाय-३४, भगवई में उल्लेख है कि देवों की भाषा अर्धमागधी है ५.४.१९०

४ देखें, धवलाटीका। 'संयत' पदको लेकर जो विवाद हुआ वह सुप्रसिद्ध हैं।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कठिन थी। आगमकी सुरक्षा श्रमणों के अधीन थी और श्रमणों में प्रायः विद्याग्रहण की योग्य आयुवाले शिष्य श्रमणाचार्य को मिले यह संभव नहीं होता था। पिता अपने पुत्र को बाल्यकालसे वह पढाता था किन्तु श्रमणोंमें यह व्यवस्था संभव नहीं थी। यह भी कारण है कि आगमों की शब्दपरंपरा और अर्थपरंपरा भी खंडितरूपमें भी प्राप्त होती है। फिर भी जो कुछ सुरक्षित रह सका है उससे हम भगवान महावीरके मौलिक उपदेश को आंशिकरूपमें हो सही प्राप्त कर सकते हैं। प्रस्तुत व्याख्यान में उस मौलिक उपदेश को ही ध्यान में रख कर मैंने जैनागमके विषयमें चर्चा करना चाहा है।

वेद और जैनागमके प्रतिपाद्य विषयको देखा जाय तो कहना होगा कि दोनों में अंतर अवश्य है किन्तु वह भारतीय समग्र धार्मिक परंपरा का उत्तरोत्तर जो विकास हुआ है उसीके कारण है। भारतीय धार्मिक परंपरा उत्तरोत्तर जो नया नया रूप लेती है उसी शृङ्खलामें एक कड़ी यह जैनागम भी है। उसे वैदिक धारासे सर्वथा पृथक् करके नहीं देखा जा सकता, उसे समग्ररूपसे भारतीय परंपरा में जो विकास हुआ है उसी परिप्रेक्ष्य में ही देखना होगा।

ब्राह्मण और श्रमण परंपरा में विरोध की बात कही जाती है किन्तु दोनों का जो विकास हम देखते हैं वह दोनो के पारस्परिक घातप्रत्याघात का ही फल है—ऐसा मानना आवश्यक है। अतएव दोनों का विकास स्वतन्त्र है—ऐसा नहीं किन्तु अन्योन्याश्रित है—यही मानना उचित है और ऐसा मानने पर यह भी मानना पड़ता है कि गंगा–जमुनाके संगम के बाद जैसे दोनों नदीयाँ एकरूप हो जाती हैं वैसे ही भारतीय धार्मिक परंपरा में भी दोनों परंपराएँ एकरूप हो जाती हैं और हमारे समक्ष हिन्दुधर्म के रूप में भारतीय धर्म परंपरा आती है। जब हम हिन्दुधर्म ऐसा नाम देते हैं तब ब्राह्मण और श्रमण का भेद गौण होकर दोनों का ऐक्य सिद्ध होता है। यही कारण है कि बाह्याचारकी दृष्टि से एक ब्राह्मणधर्मीको किसी जैनधर्मी से अलग करना कठिन हो जाता है। वैदिकों–ब्राह्मणों में नाना प्रकार के पूजाप्रतिष्ठान और बाह्याचार को लेकर नानाप्रकारके भेद होने पर भी सभी वेद को अपना धर्मग्रन्थ मानकर एकरूपता सिद्ध करते हैं वैसे ही जैनोंने भी अपने आगमको[1] वेद संज्ञा देकर उस एकता की पुष्टि की है। इतनाही नहीं तत्काल में प्रचलित विद्याओं के भी अपने आगमों में समाविष्ट करनेका जो प्रयत्न हुआ है वह भी इसी की ओर संकेत करता है कि भारतीयपरंपरा के विकास की एक कडीरूपमें ही हम जैनविद्याको देख सकते हैं सर्वथा स्वतंत्ररूपमें नहीं।

वेद से लेकर ब्राह्मण ग्रन्थों में जो भारतीयधर्म का रूप हमें मिलता है वह आध्यात्मिक नहीं किन्तु भौतिकवादी है, परिग्रहप्रधान है। उपनिषद में आकर अन्तर्निरीक्षण शुरू हुआ है यह स्पष्ट देखा जा सकता है। अर्थात् ही बाह्यदृष्टि को छोड़ कर अब अन्तर्मुख होकर चिंतन शुरू हुआ। यही कारण है कि उपनिषदोंमें यज्ञीय कर्मकांड का निराकरण करके आत्म-खोज की तत्परता दिखाई देती है। इसी आत्मखोज की परंपरा को कुछ श्रमणों ने अपनाया है ओर बाह्यसे अंतर्मुख होने का आह्वान विशेष रूपने किया। सब श्रमणों ने ऐसा नहीं किया यह तो अक्रियावदी आदि की मान्यताओं को ध्यानमें लें तो मानना ही पडेगा। भगवान

१. आचा. १०७; 'दुवालसंगं वा प्रवचनं वा वेदो तं जे वेदयति स वेदवी" आचा. चू. पृ. १८५; विन्टरनित्झ: हिस्ट्री ओफ इंडियन लिटरेचर भाग २ पृ.४७४। जैनधर्म पृ. १०७।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

महावीर और बुद्धने इस अन्तर्मुखी प्रवृत्ति को प्रधान रूपसे अपनाया और इसी का प्रतिघोष हम उनके बादके वैदिक वाङ्मयमें भी देखते हैं। क्रमश: हिंसक यज्ञों की जो भौतिक संपत्ति के लिए कर्मकांडकी प्रवृत्ति चल रही थी उसका निराकरण हो कर आध्यात्मिक यज्ञों के अनुष्ठान की बात चल पड़ी थी–यह स्पष्ट होता है। और मानव मात्र का धार्मिक अधिकार समान है–यह भावना भी बढ रही थी।

इसी मानवमात्रकी एकता की भावना को भगवान महावीर ने और भी नया रूप दिया और कहा कि जीने का अधिकार केवल मानव को ही नहीं किन्तु जगत के सूक्ष्म–स्थूल सभी जीवों को है[1]। अतएव सामायिक व्रत की व्याप्ति केवल मानव तक नहीं किन्तु संसार के सभी जीवों तक है। अतएव किसी की भी हिंसा नहीं करनी चाहिए। उपनिषदों में ब्रह्म की कल्पना है, आत्माद्वैत की कल्पना है–किन्तु अहिंसा और अपरिग्रह आदि को उतना महत्त्व नहीं जितना कि भगवान महावीर ने अपने उपदेश में दिया। उनके मत में ब्रह्म का नहीं किन्तु समका महत्त्व है। उनका तो कहना था कि परिग्रह ही हमारे लिए बन्धन है और परिग्रह के लिए ही जीव सब प्रकार के पापाचार–हिंसा, चोरी, झूठ आदि का आश्रय लेता है। अतएव समका प्रचार करके परिग्रह के पाप से मुक्ति दिलाना ही जैनागमका ध्येय हो गया[2]।

भगवान् महावीर का यह सम या सामयिक का उपदेश जानने का हमारे पास एक ही साधन है और वह है जैनागम।

किन्तु जैनागम क्या है, और कितने हैं और किसने कब लिखा या ग्रथित किये-इस विषय में जैनों में ही काफी मतभेद है। अतएव उस आगम के विषय में इस व्याख्यान में कुछ चर्चा करना मैने उचित माना है। इतःपूर्व आगमों के विषयों में मैंने काफी लिखा है किन्तु यहाँ जो विचार मैं रख रहा हूँ यह भिन्न दृष्टि से है। अतएव पुराने विचारों का पुनरावर्तन मात्र नहीं है यह मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूँ। इतना ही नहीं किन्तु मेरे इतःपूर्व के विचारों में यहाँ संशोधन भी दिखाई देगा।

वर्तमान में जैनागम और तद्विषयक मतभेद

जैनागमके विषय में प्रथम यह जानना जरूरी है कि वर्तमानमें जैनागमान्तर्गत क्या समझा जाता है। जैनों के अनेक संप्रदाय हैं और इस विषयमें ऐक्य नहीं। दिगम्बरोंके मतसे तो मूल जिनागम आचारांग आदि द्वादशांग विच्छिन्न हो गये हैं और केवल दृष्टिवाद नामक बारहवें अंगके अंश पूर्वके आधार से रचे गये कसायपाहुड और षट्खंडागम आगमस्थानीय हैं। श्वेताम्बरों के मतसे ४५ ग्रन्थ जिनागममें शामिल है। उनके मतसे आचारांग आदि ११ अंग ग्रन्थ जिस रूपमें भी खंडित रूप में संभव था सुरक्षित कर लिया गया है और अन्य ग्रन्थ जो स्थविरोंने भगवान् महावीर के उपदेशका अनुकरण करके रचे थे भी आगमान्तर्गत कालक्रम से हो गये हैं। इतना ही नहीं, इन ग्रन्थों की टीकाएँ–निर्युक्ति, भाष्य, चूर्णि और टीका मिलकर पंचांगी जैनागमरूप से प्रमाणभूत है। स्थानकवासी और तेरापंथी केवल ३२ ग्रन्थों को ही मात्र मूलरूपमें जैनागमान्तर्गत गिनते हैं। उनके मतसे टीकाओं का आगमरूपसे प्रामाण्य नहीं।

---

१ आचा. १३८; सूत्रकृ. ५०३–५०८। २. सूत्रकृ. १–४.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आगमोंके विषयमें इस मतभेद का मूल आगमों की सुरक्षा के लिए जो वाचनाएं हुई उन्हींमें है। अतएव यहाँ संक्षेपमें उन वाचनाओंके विषयमें विचार कर लेना जरूरी है। इन वाचनाओंके विषयमें और श्रुतावतार के विषयमें अभी तक बहुत कुछ लिखा गया है। वाचना के विषयमें विस्तार से प्रयत्न मुनि श्री कल्याणविजयजी ने अपने 'वीरनिर्वाण संवत और जैन कालगणना' (सं० १९८७) में किया। तदनन्तर श्री पं० कैलाशचन्द्रजी ने 'जैन साहित्य का इतिहास-पूर्व पीठिका' (वी. नि. २४८९) में विस्तार से समालोचन किया है। श्रुतावतार के विषयमें षट्खंडागमको प्रथमभागकी प्रस्तावनामें विस्तारसे वर्णन है और उसीका विशेष विवेचन पं० कैलाशचन्द्रजी की उक्त पुस्तक में भी है। यहाँ तो मुझे इस विषयमें जो कुछ कहना है वह संक्षेपमें ही हो सकता है। और मैं जो कुछ कहना चाहता हूँ वह अब तक की इस विषयकी जो विचारणा हुई है उसीको लेकर ही होगा।

पाटलिपुत्रकी वाचना

इस वाचना को श्वेताम्बर संप्रदाय मानता है। इस वाचनाका कोई उल्लेख[1] से दिगम्बरों के प्राचीन साहित्यमें नहीं। श्वेताम्बरों में भी इसका सर्वप्रथम उल्लेख तित्थोगालीमें (गा० ७१४ से) है। यहाँ ध्यान देने की बात यह है कि उसमें केवल इसी वाचनाका उल्लेख है और उसके बाद होनेवाली वाचनाओं का उल्लेख नहीं है। किन्तु र्णिमें है। अतएव मानना पडता है कि मूलमें तित्थोगाली निर्युक्तिकालकी रचना है और चूर्णिपूर्व की रचना है[2]। इस पाटलिपुत्र की वाचना की खास बात यही है कि दुर्भिक्ष अकाल-अनावृष्टि के कारण जैन श्रमण संघ को मगध से बाहर जाना पडा और कई श्रमण मृत्युके शरण हो गये। सुकाल होने पर जो भी बचे थे वे पाटलिपुत्रमें एकत्र हुए और एक दूसरे से पूछ पूछकर ग्यारह अंग जिस रूप में उपलब्ध हो सका संकलित किया गया। किन्तु सिद्धान्तके सारभूत दृष्टिवाद किसी को याद नहीं था। अतः सोचा गया कि भद्रबाहु[3] जो योगसाधनामें लगे हैं उन्हीं से इसकी वाचना ली जाय। भद्रबाहु ने स्थूलभद्र[4] को वाचना दी किन्तु अपनी ऋद्धिके प्रदर्शनके कारण केवल दशपूर्वकी अनुज्ञा दी-अर्थात् १४ में से केवल दश ही वे दूसरों को पढा सकते हैं- एसा कहा। इस प्रकार स्थूलभद्रके बाद दशपूर्वका ही ज्ञान शेष रहा।

यहाँ तित्थोगालीमें भद्रबाहु कहाँ थे यह नहीं स्पष्ट होता। किन्तु वे पाटलिपुत्र से कहीं बहुत दूर तो हो नहीं सकते थे। इसका स्पष्टीकरण हमें आवश्यक चूर्णिसे प्राप्त होता है। उसमें उसी प्रसंगमें लिखा है-"नेपाल वत्तणीए य भद्दबाहुसामी अच्छंति चोद्दसपुव्वी" पृ० १८७। अतएव वे इस परंपराके अनुसार उज्जैनमें जैसी कि दिगम्बरों की मान्यता है, हो नहीं सकते। दूसरी बात आवश्यक चूर्णिसे यह भी स्पष्ट होता है कि भद्रबाहु स्वामी अपनी साधना पूरी करके स्थूलभद्र के साथ विहार कर के पाटलिपुत्र आये (पृ० १८८) और वहीं स्थूलभद्र के द्वारा ऋद्धिप्रदर्शन होने के कारण उन्होंने दशपूर्वके आगे वाचना देनेका निषेध किया। अत एव चतुर्दशपूर्वी भद्रबाहु अकालके कारण उज्जैनी गये और अकालके ही कारण शिथिलाचार

---

१ यहाँ मैंने केवल प्राचीनतम उल्लेखको प्राधान्य दिया है। अन्य उल्लेखों के लिए देखें सूत्रकृतांगकी मुनि श्री जंबूविजयजी की प्रस्तावना पृ० २८।

२ यहाँ तित्थोगाली मूलरूप में जैसा था उससे अभिप्राय है। उपलब्धमें तो शक १३२३ तक की भी चर्चा है-गा० ६२४।

३ मृत्यु वीर नि. १७०।

४ मृत्यु वीर नि० २१५ में।

बढ कर संघभेद हुआ यह जो दिगम्बर परंपरा का मान्यता है[1]—वह विचारणीय हो जाती है। तित्थोगालीमें तो स्पष्ट लिखा है कि कुछ मुनि अकाल के कारण मगध से बाहर गये और कुछने अनशन कर लिया और जो बाहर गये वे भी यतनासे जीवनयापन करते रहे[2]। सुकाल होने पर मगधमें जो वापस आये उनमें कोई मतभेद हुआ ऐसा कोई उल्लेख भी तित्थोगालीमें है नहीं। और दिगंबर परंपरा के लेखकों ने जो निश्चित रूप से तित्थोगाली के बाद के हैं, अकाल के कारण ही वस्त्रग्रहण होने लगा या उस अकालमें वस्त्रग्रहण की प्रथा चल पड़ी—यह जो लिखा है वह तो निराधार ही प्रतीत होता है क्यों कि जहाँ खाना मिलना ही दुष्कर हो वहाँ वस्त्र सुलभ कैसे होगा? वस्त्र की प्रथा चालू हुई इसका कारण अकाल तो नहीं हो सकता। यह बात दिगंबर लेखकों के भी ध्यानमें आई है अतएव अपनी परंपराको सिद्ध करने के लिए कथा भी गढ ली कि नग्नको देखकर श्राविका का गर्भपात हुआ और उसीके कारण आगे चलकर अर्धफालक संप्रदाय चला[3]—ऐसी कथाओं में सांप्रदायिक तथ्य हो सकता है, इतिहासका तथ्य नहीं। और इसी प्रसंगमें दिगंबर लेखकों द्वारा यह जो कहा जाता है कि अपने शिथिलाचारके अनुसार शास्त्र की रचना की यह भी निराधार है। विद्यमान शास्त्र को देखकर यदि यह आक्षेप किया जाय तो कुछ अंशमें औचित्य होगा। किन्तु उसे भद्रबाहु के कालके साथ जोड़ना तो असंगत ही है। क्यों कि विद्यमान श्वेताम्बर आगम पाटलिपुत्र की वाचना के अनुसार हैं यह तो श्वेताम्बर भी नहीं मानते। दूसरी बात यह भी है कि उज्जैन वाले भद्रबाहु और मगधके भद्रबाहु चतुर्दशपूर्वी का ऐक्य भी संदिग्ध है। दो भद्रबाहु हुए ऐसा दोनो परंपरा मानती है और कथाकारोंने दोनो की कथाओं का मिश्रण कर दिया है यह प्रतीत होता है।

पाटलिपुत्रकी वाचना में एकादश अंग स्थिर हुए और स्थूलभद्रने दशपूर्व की वाचना आगे बढाई-इतना स्पष्ट है, किन्तु श्वेताम्बरों के अनुसार जो दूसरी वाचना मथुरामें करनी पड़ी—यही सिद्ध करता है कि पुनः नवनिर्माणकी आवश्यकता आ पडी थी। अत एव विद्यमान श्वेताम्बर आगमों को पाटलिपुत्रकी वाचना से भिन्न ही मानना चाहिए। अर्थात् ही पाटलिपुत्रकी वाचना से बचे हुए आगमों में ही परिवर्तन-परिवर्धन-संशोधन कर माथुरी वाचना हुई।

तित्थोगाली केवल अंगकी वाचना का ही निर्देश करता है। वह अंगबाह्यकी वाचना के विषयमें मौन है। स्पष्ट है कि उस काल तक भगवान के उपदेश का संकलन श्रुतरूपसे अंगमें ही माना गया था[4]। इसका यह अर्थ तो नहीं कि उस काल तक अन्य ग्रन्थ नहीं बने थे। दशवैकालिक शय्यंभव[5] की रचना है। वह भद्रबाहु के पूर्वकी है और स्वयं भद्रबाहुने भी दशा-कल्प-व्यवहार की रचना[6] की थी ऐसी श्वेताम्बर मान्यता है। किन्तु इन

१ देखे जै.सा. इ. पूर्वपीठिका, संघभेद प्रकरण, पृ० ३७५ से।

२ यहाँ यह भी ध्यान देने की बात है कि 'दुभिक्खभत्त' का उपयोग जैन मुनि नहीं कर सकते—ज्ञाताधर्मकथागत मेघकथा सू० ३१ सुत्तागमे पृ. ९६२।

३ जै.सा. इ. पूर्वपीठिका पृ० ३७७।

४ देखें, समवाय१, २११-२२७। भगवती २५.३. ७३१।

५ तित्थोगाली गा० ७१२-७१४।

६ दशवैकालिक और कल्प-व्यवहार को तो दिगंबरों ने भी अपनी अंगबाह्यसूची में स्थान दिया है।-धवला पु.१, पृ० ९६। जयधवला पृ० २५।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

ग्रन्थों की वाचनाका कोई प्रश्न नहीं था। वाचना केवल अंगग्रन्थोंकी आवश्यक समझी गई थी। क्योंकि आगम या श्रुत अंगग्रन्थों तक सीमित था। आगे चलकर श्रुतविस्तार हुआ–अन्य आचार्यकृत ग्रन्थों को भी क्रमशः आगमकोटिमें लाया गया यह कहकर कि वे भी गणधर कृत हैं[1]।

माथुरी वाचना

माथुरी वाचना भी पाटलिपुत्र की वाचना की तरह केवल अंगसूत्रोंके लिए ही हुई थी। नंदी चूर्णि में अंग के लिए कालिक शब्द का प्रयोग है–पृ० ४६। उसमें भी अंगबाह्य वाचना या संकलनाका कोई उल्लेख नहीं है। माथुरी वाचना पाटलिपुत्रमें न होकर मथुरामें हुई यह सिद्ध करता है कि उस कालमें पाटलिपुत्र के स्थानमें मथुरा जैनों का विशिष्ट केन्द्र बन गया था। अर्थात् बिहार से हटकर अब जैनोंका प्रभाव उत्तर प्रदेशमें बढ गया था। यहीं से कुछ श्रमण दक्षिणकी ओर गये थे। जिसकी सूचना दक्षिणमें प्रसिद्ध माथुर संघ के अस्तित्व से मिलती है। यह भी एक कारण है कि दक्षिण के दिगंबरों के ग्रन्थ महाराष्ट्री प्राकृतमें न होकर भी शौरसेनी भाषाके प्रभाव से मुक्त नहीं है। माथुरी वाचनाके प्रधान थे [2]स्कंदिलाचार्य, वे परंपराके अनुसार वीरनि० ८२७ से ८४० तक युग प्रधान पद पर थे। इस काल तक अंगों के अलावा कई अंग बाह्य ग्रन्थ बन चुके थे किन्तु इसमें उनकी वाचना या संकलनाका प्रश्न नहीं था। इस अंगकी वाचना की आवश्यकता के विषय में दो मत हैं। एक यह कि कालिक श्रुत=अंग आगम अव्यवस्थित हो गया था। यह मत संभवतः दिगंबर परंपराके अनुकूल है। दूसरा यह कि उस काल में अनुयोगधरों का अभाव हो गया था, केवल स्कंदिल ही एक मात्र बचे थे[3]। स्पष्ट है कि दूसरे मतके उत्थान का प्रयोजन ही यह दीखता है कि जो कुछ उस वाचनामें किया गया वह नया नहीं किया गया, जो पुराना चला आ रहा था वही व्यवस्थित किया गया जिससे उसके प्रामाण्य में कोई कमी न हो। वास्तविक रूप से देखा जाय तो माथुरी वाचनामें ही परिवर्तन-परिवर्धन-संशोधन करके अंग सूत्रों को व्यवस्थित किया गया होगा। और इसी कारणसे उसके प्रामाण्यमें लोग शंका करने लगे होंगे। अतएव उसके निराकरणके लिए ही यह मत उत्थित हुआ कि सूत्रमें कुछ नया नहीं किया गया–सूत्र नष्ट ही नहीं हुए थे या अव्यवस्ति नहीं हुए थे। केवल उनके जानकारों और व्याख्याकारोंकी कमी हो गई थी। इस प्रकार नये निर्माणको प्रामाण्य देना उस दूसरे मत का प्रयोजन सिद्ध होता है। यदि पाटलिपुत्रकी वाचना ही व्यवस्थित की गई होती तो उसके प्रामाण्यके विषयमें कुछ प्रश्न ही नहीं उठता और न इस दूसरे मत के उत्थान की आवश्यकता ही होती।

श्वेताम्बरों द्वारा मान्य अंग ग्रन्थ जो विद्यमान हैं वे माथुरीवाचनानुसारी हैं[4] और उसमें जो परिवर्तन–परिवर्धन–संशोधन किया गया है–उसके विषयमें आगे चर्चा की जायेगी।

---

१ आगम संख्या किस प्रकार क्रमशः बढी इसके लिए देखें–आगम युग का जैन दर्शन, पृ०२७।

२ देखें नंदी कारिका ३२ और उसकी चूर्णि।

३ नंदी चूर्णि पृ० ९।

४ नंदी गा० ३३ (स्थविरावली)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

माथुरीवाचना के अलावा नागार्जुनीय वाचना भी वलभी में हुई ऐसा निर्देश सर्वप्रथम कहावली में ही मिलता है। कहावली भद्रेश्वरकी रचना है और वह आ. हरिभद्र के बाद की रचना है। अतएव उस निर्देशका कारण यही हो सकता है कि कुछ चूर्णिओंमें नागार्जुनीय के नाम से पाठांतर मिलते हैं और पन्नवणा जैसे अंगबाह्य ग्रन्थमें भी पाठांतर का निर्देश है अतएव अनुमान किया गया कि नागार्जुन ने भी वाचना की होगी। यह सत्य है या केवल कल्पना इस विषयमें कुछ नहीं कहा जा सकता किन्तु इतना तो निश्चित रूपसे कहा जा सकता है कि मौजुदा आगम (अंग-आगम) माथुरी वाचनानुसारी हैं। और उसमें तथ्य भी है। अन्यथा पाठांतरों में स्कंदिलके पाठांतरोंका भी निर्देश मिलता[1]। अंग और अन्य ग्रन्थो की ऐसी व्यक्तिगत कई वाचनाएँ हुई होंगी यह भी तथ्य है अन्यथा भगवतीआराधनाकी अपराजितकृत टीकामें आचारांगादि के जो पाठ उद्धृत किये हैं वे सभी उसी रूपमें विद्यमान आचारांग आदि में मिल जाते। किन्तु कुछ मिलते नहीं हैं-यह तथ्य है[2]। और यह भी तथ्य है कि आचारांगादि प्राचीन आगमों की चूर्णिमें जो पाठ स्वीकृत हैं उससे भिन्न पाठ टीकामें कई स्थानोंमें मिलता है। यह सिद्ध करता है कि अंग आगमों की वाचनाके एकाधिक प्रयत्न पाटलिपुत्रको वाचनाके बाद हुए हैं। इतना ही नहीं प्रश्नव्याकरण जैसे ग्रन्थ का तो संपूर्ण रूपसे परिवर्तन हो गया है और अंगों की कथाओं में भेद भी हो गया है[3]।

अतएव इतना तो निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि इन वाचनाओं द्वारा उपलब्ध मौलिक अंग आगम की सुरक्षाका प्रयत्न अवश्य हुआ है साथ ही इतना भी मानना पडेगा कि सांप्रदायिक आवश्यकतानुसार उसमें परिवर्तन, परिवर्धन और संशोधन भी किया गया है।

आ० देवर्धिका पुस्तकलेखन

आ० देवर्धिने आगमोंको पुस्तकारूढ किया यह परंपरा तो हमारे समक्ष है किन्तु किन किन ग्रन्थोंको पुस्तकारूढ किया इसका कोई उल्लेख मिलता नहीं। नंदी में जो श्रुतकी सूची दी गई है वह हमारे समक्ष है किन्तु नंदी देवर्धिकी रचना नहीं है। ऐसी स्थितिमें नंदी की सूचीगत सभी ग्रन्थ देवर्धि द्वारा पुस्तकारूढ हुए ये यह नहीं कहा जा सकता। अतएव इसका निर्णय कठिन है कि वे कौन ग्रन्थ थे जो पुस्तकारूढ हुए। सामान्यतः इतना कहा जा सकता है कि अंगग्रन्थोंको तो पुस्तकारूढ किया ही होगा। अंगबाह्यमें जितने ग्रन्थ पूर्ववर्ती होंगे वे तो पूर्वकालसे पुस्तकारूढ होंगे ही। किन्तु विद्यमान आगमसूचीमें ऐसे कई ग्रन्थ हैं जो देवर्धिके बादकी रचना है, जैसे कि कुछ प्रकीर्णक ग्रन्थ। अतएव यह मानना पडता है कि श्वेताम्बर परंपरामें आगम कोटिमें समय समय पर नये नये ग्रन्थ संमिलित किये जाते रहें हैं। यही प्रक्रिया दिगंबर परंपरा में भी देखी जाती है। अन्यथा दिगंबर परंपरामें मूलाचार से लेकर विद्यानन्द तकके ग्रन्थ आगम के प्रामाण्य को कैसे प्राप्त होते? पिछले वर्षोंमें षट्खंडागम और कषायपाहुड मिलने के बाद इस प्रक्रियामें परिवर्तन देखा जाता हैं और सिद्धान्त ग्रन्थोंके रूपमें इन्हीं दोको और उनकी टीकाओंको ही महत्त्व मिलने लगा है-जो उचित ही है।

श्रुतावतार

श्वेताम्बरोंमें आगमों, खासकर अंग आगमोंकी वाचना का जिक्र है जैसा कि हम ने इसके पूर्व कहा है। तो दिगंबरो में वाचनाका प्रश्न ही नहीं है क्योंकि उनके मतमें आगम-

---

१ विशेष के लिए देखें वीरनि० पृ० ११४।

२ जै. सा. इ. पूर्वपीठिका पृ० ५२५।

३ देखें स्थानांग समवायांग (गुजराती) पृ० २४५ टि० १, पृ० २५६ टि०१,२-१०, पृ० २५७ के टिप्पण।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

स्थानीय षट्खंडागम[1] है और वह भूतबलि–पुष्पदंतकी रचना मानी जाती है। फिर भी किस प्रकार उत्तरोत्तर अंग आगमों का विच्छेद होता गया और अंतमें किस प्रकार उक्त दो आचार्योंने षट्खंडगिम की रचना आ० धरसेन से उपदेश प्राप्तकर की उस विवरणको श्रुतावतारके रूपमें दिया जाता है। नंदी आम्नाय पट्टावलीमें इन दो आचार्योंको एक अंग(आचारांग)धर कहा है (धवला भाग २, प्रस्तावना पृ० २६) और उनका समय वीरनि० ६८३ के बाद कभी है।

धवला टीकामें तो यह स्पष्ट किया है कि लोहार्य के बाद–"ततो सव्वेसिमंगपुव्वाणमेगदेसो आइरियपरंपराए आगच्छमाणो धरसेणाइरियं संपत्तो"–स्पष्ट है कि धरसेन आचार्य तक संपूर्ण अंग और पूर्वका विच्छेद नहीं था, उनका एकदेश धरसेन तक तो सुरक्षित था। उसी शेष अंश के आधार पर वीरनि. ६८३के आसपास षट्खंडागम की रचना मानी जाती है।

दोनों की तुलना

खास ध्यान देनेकी बात तो यहाँ यह है कि आचार्य धरसेन भी सौराष्ट्र में ही गिरनार की गुफा में थे और सौराष्ट्रके ही वलभी नगरमें श्वेताम्बरों के मतसे आगमों का पुस्तकलेखन हुआ। दिगंबरों ने वीरनि. ६८३ के बाद[2] यह किया तो श्वेताम्बरों ने माथुरीवाचना जो वीरनि. ८२७–४० के बीच हुई उसका लेखन वीरनि. ९८० या ९९३ में पूर्ण किया[3]। स्पष्ट है कि दोनोंमें जो करीब ३०० वर्ष का अन्तर है उसीके कारण श्वेताम्बरोंमें आगमों की संख्या बढ़ गई इतना ही नहीं किन्तु उस संप्रदायकी मान्यताओं की पुष्टि का भी उन्हें अवसर मिला। इन्ही ३०० वर्षोंमें जो अन्य दिगम्बर ग्रन्थ बने उनमें भी यही प्रक्रिया अपनाई गई और दिगम्बर मान्यताओं को पुष्ट किया गया।

वीरनि० ६८३के बाद रचे गये षट्खंडागममें प्रतिपाद्य जो विषय है उसमें श्वेताम्बरोंका कोई मतभेद नहीं है। यही सिद्ध करता है कि उस समय तक जो श्रुत सिद्धान्त था उसमें श्वेतांबर दिगम्बरमें कोई भेद नहीं था। स्त्री-मुक्ति जैसे विषयमें जो श्वेताम्बर-दिगम्बरमें आज सैद्धान्तिक मतभेद हमारे समक्ष है–वह भी नहीं था। अर्थात् दोनों उस काल तक स्त्री-मुक्ति मानते थे। यह सिद्ध करता है कि पारंपरिक सिद्धान्त दोनोंमें सुरक्षित थे। उसके बाद ही वस्त्रके आचारको लेकर जो मतभेद दृढ़ होता गया उसी के फलस्वरूप स्त्री-मुक्ति का निषेध भी दिगम्बरों में दृढ़ होता गया। और स्त्रीमुक्तिकी स्थापना यापनीयों में और श्वेताम्बरोंमें दृढ़ होती गई।

आचार्य उमास्वातिका तत्त्वार्थसूत्र भी इस बात का साक्षी है कि वह दोनों संप्रदायों के द्वारा इसी लिए अपनाया गया है कि उसमें भी मौलिक जैनागमों के सिद्धान्तका निरूपण है। उसी की टीकाएँ जो लिखी गई उसमें दोनों संप्रदायों ने अपनी अपनी मान्यताओं का निरू-

---

१ वस्तुतः षट्खंडागम जैसा उपलब्ध है वह न तो एक काल की रचना है और न एक आचार्य की रचना है। कई प्रकरणों का उसमें समावेश है जो निश्चित रूपसे एक काल की रचना नहीं।

२ यहाँ यह ध्यान देनेकी बात है कि धरसेन को आचार्य परंपरासे प्राप्त था तो ६८३ के बाद कितने आचार्य समझे जाय ?

३ लेखनका यह काल कल्पसूत्रगत उल्लेखके आधार पर ही माना जाता है किन्तु यह भी विचारणीय है कि यह आगमलेखनकाल है या नहीं।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पण करनेका यत्र तत्र प्रयत्न किया है किन्तु मूल तत्त्वार्थसूत्र में दोनों सम्प्रदायों की मान्यता की एकरूपता स्पष्ट होती है।

दिगंबरों को मान्य मूलाचार[1] जो आ. वट्टकेर या कुन्दकुन्दकी कृतिरूप से माना जाता है उसमें भी स्त्रीमुक्तिका समर्थन देखा जाता है। यह भी सिद्ध करता है कि उस विषय में सैद्धांतिक मतभेद की जड़ उसके बाद ही कभी हुई है। उसमें लिखा है–

"एवंविधाणचरियं चरंति जे साधवो य अज्जाओ।
ते जगपुज्जं कित्तिं सुहं च लद्धूण सिज्झंति॥

मूलाचार ४. १९६, पृ० १६८।

मौलिक निर्युक्ति में भी स्त्री-मुक्ति का प्रश्न चर्चित नहीं है। मूलनिर्युक्तिमें बोटिक निह्नव का भी उल्लेख नहीं है जो बाद में उसमें जोड़ा गया यह इस लिए स्पष्ट है कि उतराध्ययनमें निह्नवों सम्बन्धी जो गाथा है, उसमें बोटिक निह्नव का उल्लेख नहीं है। यह उल्लेख बाद में आवश्यकनिर्युक्ति में जोडा गया है–इससे यह स्पष्ट है क्यों कि आवश्यकनिर्युक्ति के निर्माण के बाद ही उत्तराध्ययननिर्युक्ति का निर्माण हुआ है फिर भी उसमें यह निह्नव न पाया जाय तो स्पष्ट होता है कि आवश्यकनिर्युक्ति में ही यह बादमें जोड़ा गया। और ठाणांग में भी सात ही निह्नवों का उल्लेख है – ठाण ७४४। स्थानांग-समवायांग पृ.३२७-३३५। उत्तरा. नि० गा० १६४ से। आवश्यक नि० गा०७७८ से।

आगम कब कितने ?

अंग आगम बारह[2] हैं– इस मान्यता को स्थिर होनेमें भी समय गया होगा। इसके प्रमाण स्वयं श्वेताम्बरों के आगम ही दे रहे हैं। स्वयं प्रथम भद्रबाहु के समय तक बारह अंगों की स्थापना, प्रामाण्य और स्वाध्याय की प्रक्रिया शुरू हो गई थी–इसमें भी संदेह है। क्यों कि व्यवहारसूत्र[3] जो श्वेताम्बरके अनुसार स्वयं भद्रबाहु की रचना है उसमें जो स्वाध्याय-क्रम दिया है उसमें बारह अंगमें से कुछ ही हैं। लेकिन समय बीतने पर बारह अंग श्रुत है यह मान्यता स्थिर हो गई[4]। क्यों कि यह बात श्वेताम्बर और दिगंबर दोनों को मान्य है अतएव यह कहा जा सकता है कि सम्प्रदायभेद होने के पूर्व यह व्यवस्था हो गई थी। अंगके बाद अंगबाह्य आगमका प्रश्न है। उत्तराध्ययन में ग्यारह अंग, अंगबाह्य, प्रकीर्णक और दृष्टिवादका उल्लेख है–२८.२१,२३। आचार्य उमास्वातिके तत्त्वार्थभाष्यमें अंगबाह्य में सामायिक, चतुर्विंशतिस्तव, वन्दना, प्रतिक्रमण, कायोत्सर्ग, प्रत्याख्यान, दशवैकालिक, उत्तराध्ययन, दशा, कल्प, व्यवहार, निशीथ, ऋषि-भाषितादि–का

---

१ 'मूलाचार' में बादमें काफी वृद्धि हुई है यह भी ध्यानमें रखना आवश्यक है। पूरी की पूरी कृति न एक काल की है न एक कर्ता की। किन्तु संग्रहग्रंथ है।

२ बारह अंग की बौद्ध मान्यता के लिए देखें, श्री जंबूविजयजी संपादित आचारांग पृ० ४०२। वहां भी नव अंग में से बारह की कल्पना की है। नव का निर्देश स्थविरवाद में, बारह का निर्देश महायान में है।

३ व्य० उ० १० सू० २९७–३१२।

४ सूत्रकृतांग ६६१ में ईश्वरकारणिक की चर्चा के समय–"दुवालसंगं गणिपिडगं" का उल्लेख सर्व प्रथम आता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

उल्लेख है। नामतः १२ की गिनती की गई और 'आदि' से अन्य भी अभिप्रेत होंगे। यही सूची थोडे परिवर्तन के साथ धवलामें है जहाँ १४ अंगबाह्य नामतः गिनाये गये हैं। इससे इतना तो स्पष्ट होता है कि यह सूची सामायिक आदि पृथक् छः प्रकरण ग्रन्थों का समावेश 'आवश्यक' नाम से किया गया उसके पूर्वकी है। अतएव उत्कालिक अंगबाह्यके आवश्यक और तद्व्यतिरिक्त इस प्रकार का जो विभाजन श्वेताम्बरों में हुआ इसके भी पूर्वकी यह सूची है—ऐसा मानना चाहिए। इस प्रकार का विभाजन नंदी (सू०८०, पृ०३१) और अनुयोगद्वारसूत्र में (सू० ५, पृ० ६०) है।

स्थानांग-समवायांग में अंगबाह्य माने जाने वाले ग्रन्थो में से—केवल क्षुद्रिकाविमानविभक्ति, महाविमानविभक्ति, ऋषिभाषित, उत्तराध्ययन, दशा–कल्प व्यवहार, चन्द्रप्रज्ञप्ति, सूर्यप्रज्ञप्ति, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति और द्वीपसागरप्रज्ञप्ति का उल्लेख है।—(गुजराती अनु० पृ० २६२–२६३।) और इन चार दशाओं-बन्धदशा, द्विगृद्धिदशा, दीर्घदशा, संक्षेपित दशा (पृ०२५६) का भी उल्लेख हैं किन्तु टीकाकार का कहना है कि इनके विषय में हम कुछ नहीं जानते।

तित्थोगाली में जहाँ श्रुतविच्छेद की चर्चा है वहाँ बारह अंग के उपरांत निम्न श्रुत का उल्लेख है—कल्प-व्यवहार, दशा, निशीथ, उत्तराध्ययन, दशवैकालिक, अनुयोगद्वार और नंदी—इससे पता चलता है कि उसके काल तक इन ग्रंथों का आगम में समावेश होगा। इसमें चन्द्र आदि चार प्रज्ञप्तिओं का[1] उल्लेख नहीं यह सूचित करता है कि अब तक उनका आगमकी कोटि में समावेश नही था। अतएव स्थानांग-समवायांग में उनका उल्लेख जो मिलता है वह कालक्रम से आगमकोटि में उन्हें स्थान मिला यह सूचित करता है।

इसके बाद होनेवाली आगमों की सूची के विषय में मैने अन्यत्र चर्चा की है उसे यहाँ दोहराने की आवश्यकता नहीं है। [2]आगमकी संख्या क्रमशः बढी है इतना दिखाना ही यहाँ अभिप्रेत है।

आगमों के वर्गीकरण के विषय में भी मैंने अन्यत्र चर्चा की है अतएव उसे भी यहाँ दोहराना आवश्यक नहीं[3]।

आगमों में चर्चित विषयों का क्रमिक विकास

इसमें तो संदेह को कोई स्थान नहीं है कि आगमों में आचारांग का प्रथम श्रुतस्कंध सबसे प्राचीन स्तर है। उसके बाद क्रम में आता है सूत्रकृत का प्रथम श्रुतस्कंध। और वह भी आचारांग में प्रतिपादित विषयों का मानों विवरण हो ऐसा है। अतएव ये दोनों हमें भ. महावीर के मौलिक उपदेश की झलक देने में समर्थ हैं। उन दोनों में श्रमणधर्म को ही महत्त्व दिया गया है। गृहस्थधर्म की तो केवल निंदा ही है। आगमगत इसी प्राचीन मान्यता में क्रमशः जो परिवर्तन आया वह अन्य आगमों की तद्विषयक चर्चा से स्पष्ट होता है। आगे चलकर गृहस्थ या उपासक वर्ग का निर्माण हुआ और उनको भी जैन संघ में स्थान मिला। यह स्वाभाविक प्रक्रिया है।

---

१ चन्द्र, सूर्य और जंबूद्वीप इन तीन प्रज्ञप्तिओं का समावेश दिगंबर मतसे दृष्टिवाद में है। धवला पु.२, प्रस्तावना पृ० ४३।

२ जैन-साहित्य का बृहद् इतिहास प्रस्तावना पृ०३४ से।

३ वही पृ० ३३ से।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

श्रमणों के आचार का विवरण देखा जाय तो स्पष्ट होता है कि नियम रूप से पांच महाव्रतों के स्वीकार की कोई चर्चा आचारांग के प्रथम श्रुतस्कंध में नहीं है। सूत्रकृत प्रथमस्कंध की एक गाथा में प्राणातिपातादि पांच दोषों का उल्लेख एक साथ है और कहा गया है कि 'जिणसासण परंमुहा' जो हैं वे इन दोषों का पोषण स्त्री के वश होकर करते हैं (२३२-२३३) किन्तु इस प्रकार पांचों दोषों का कोई उल्लेख एक साथ आचारांग प्रथम श्रुतस्कंध में नहीं है। और नहीं एक साथ उनकी विरति की चर्चा आचारांग में है। इससे स्पष्ट होता है कि श्रमणों को पांच महाव्रत का स्वीकार करना चाहिए- यह प्रक्रिया कालक्रम से जैन संघ में आई है। श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों यह मानते हैं कि प्रारम्भ में श्रमण सामायिक व्रत का स्वीकार करते हैं[1] इससे भी सूचित होता है कि श्रमण बनने की यही प्रक्रिया थी और सूत्रकृत में तो स्पष्ट ही लिखा है कि भगवान महावीर ने ही सर्व प्रथम सामायिक का उपदेश दिया –

"ण हि णूण पुरा अणुस्सुयं अदुवा तं तह णो समुट्ठियं।
मुणिणा सामाइ आहियं णाएण जगसव्वदंसिणा ॥ सूत्रकृत–१४१.

आचारांग के उपदेश का सार देखना हो तो यही है कि संसार में षड्जीवनिकाय हैं। वे सभी सुख चाहते हैं दुःख कोई नहीं चाहता, मरना कोई नहीं चाहता, अतएव किसी भी प्राणी या जीव को पीड़ा देना नहीं चाहिए। जैसा मुझे सुख प्रिय है, सभी को सुख प्रिय है अतएव किसी को पीड़ा देना नहीं चाहिए–यही समताभाव है–जो सामायिक है। इसी प्रश्न को लेकर भगवान का उपदेश हुआ। इसी अहिंसा में से सत्यादिका स्वीकार हुआ। सूत्रकृतांग के प्रारम्भ में ही भगवान महावीर ने यह कहा है कि परिग्रह ही बन्धन है और उसी के कारण जीव हिंसा आदि का आचरण करता कराता है। इस दृष्टि से देखा जाय तो सब पापों का मूल भ. महावीर की दृष्टि में परिग्रह को ही माना गया। और यही कारण है कि उन्होंने अपने श्रमण जीवन में नग्नता का[2] स्वीकार किया और अचेलधर्म का प्रतिपादन किया। यह स्वाभाविक है कि यह कठोरतम धर्म था जिसकी निंदा भ. बुद्ध ने की है। जिस प्रकार अतिभोग एक एकांत है उसी प्रकार भोग का आत्यंतिक त्याग–आत्मा को अतिकष्ट देना–भी दूसरा एकान्त है। अतएव भ. बुद्ध ने तो दोनों अंतोको छोड़कर मध्यम मार्ग का स्वीकार किया। यही कारण है कि जैन श्रमण परम्परा में भी भ. महावीर का आत्यंतिक अचेलक मार्ग पनपा नहीं और श्वेताम्बर संप्रदाय या सचेलक सम्प्रदाय का उद्भव हुआ है। दिगम्बरों में भट्टारक सम्प्रदाय भी इसी बात की पुष्टि करता है कि आत्यंतिक कष्ट का मार्ग सबके लिए प्रशस्य नहीं है। हम भले ही मध्यममार्ग को शिथिलमार्ग कह करके उसकी निन्दा करें किन्तु सर्वजन सुलभ तो यही मार्ग हो सकता है। और जैन श्रमण परम्परा का इतिहास भी इसकी पुष्टि करता है कि अनेक बार अति उत्कट क्लेश के मार्ग को अपनाने का प्रयत्न हुआ किन्तु उसमें सफलता कुछ समय तक ही सीमित रही है। उस अन्तिम आदर्श की तारीफ अवश्य करें किन्तु मध्यममार्ग की निंदा तो न करें– यही उचित हो सकता है।

१ "सव्वं मे अकरणिज्जं पावकम्मं ति कट्टु सामाइयं चरित्तं पडिवज्जइ" आचारांग श्रु० २ अ० १५, सु० १०१३ (महावीरचरित)

२ सूत्रकृतांग में भी नग्नता की ही प्रतिष्ठा श्रमण के लिए निर्दिष्ट है–"जस्सठाए कीरइ नग्गभावे मुंडभावे" सु० ७१४, पृ०१८५।

षड्जीवनिकाय का उपदेश[1] भ. महावीर का प्रतिपाद्य रहा। उन्होंने कहा है कि ये जीव बन्धनों में पड़ कर नाना दिशाओं में जन्म ग्रहण करते हैं और पुनर्जन्म की परंपरा चलती है। इस पुनर्जन्म की परंपरा को निरस्त करना, मोक्ष प्राप्त करना-यही जीवन का उद्देश्य है। अतएव आगे चलकर जीवविद्या का विकास उक्त दोनों आगमों के बाद के आगमों में देखा जाता है। वह सारा का सारा विकास जो हम देखते हैं वह स्वयं भ. महावीर की देन है यह नहीं कहा जा सकता। आचार्यों ने उस विषय की व्याख्या की तब जीव का स्वरूप-उसकी नाना प्रकार की गति-उसकी स्थिति— उसके भेद इत्यादि विवरण हमें अन्य आगमों में क्रमशः विकसित रूप में मिलते हैं[2]। जीव की विविध गति के सन्दर्भ में ही भूगोल खगोल के विषय में भी आचार्यों ने सोचा और तत्काल में जो उस विषय की विचारणा आर्यों में चलती थी उसका अपनी दृष्टि से समावेश अपने शास्त्र में किया[3]। अतएव उसका भ. महावीरकी सर्वज्ञता से कोई संबध नहीं है।

इसी प्रकार काल का उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी आदि भेद और उनमें तीर्थंकरों के उद्भवकी चर्चा भी आगमों में कालक्रम से ही आई है[4]। वैदिकों के युगों की कल्पना को समक्ष रखकर यह व्यवस्था जैनाचार्यों ने सोची है। अतएव इसे भी भ. महावीर के मौलिक उपदेशके साथ जोड़ना जरूरी नहीं है।

जैनों की विस्तृत कर्मविचारणा और गुणस्थान की विचारणा भी क्रमशः ही विकसित हुई है। कर्मरज[5] है, कर्मशरीर[6] है और वह आत्मा का बन्धन है-इससे मुक्ति पाना ही मोक्ष या निर्वाण[7] है और यही जीव का ध्येय है—इतनी सामान्य बातका निर्देश तो मौलिक विचार के रूप में भ० महावीर का है। किंतु कर्म के प्रकार और उनके प्रदेश-स्थिति-अनुभाव आदि का जो विस्तृत निरूपण हम आगमों में देखते है वह मौलिक उपदेश का आचार्यों द्वारा किया गया विकास है और उन्हें भी क्रमशः आगम में स्थान मिला है। चौदह गुणस्थान की चर्चा तो उमास्वाति आचार्य तक भी विकसित नहीं हुई थी यह भी तत्त्वार्थसूत्र (९.४७) से स्पष्ट होता है। अतएव उन्हें भ. महावीर के मौलिक उपदेश में शामिल नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि आगे चलकर हम परम्परा में सैद्धांतिक और कार्मग्रन्थिक ऐसे भेदों को देखते हैं।

यहाँ तो मैंने स्थूलरूप से क्रमिक विकासका निर्देश किया है। इसका व्यवस्थित निरूपण तो पुस्तक का विषय हो सकता है-व्याख्यान का नहीं। जैनदर्शन के विकास की रूपरेखा में इसकी चर्चा संक्षेप में करूंगा।

भ. महावीर के मौलिक उपदेश का जो मैंने निर्देश किया और उसी का विकास जो आचार्यों ने किया उसका जो संक्षिप्त विवरण मैंने दिया है उसके आधार की चर्चा भी कर लेना उपयुक्त होगा।

---

१. आचा० अ०१।

२. विशेषतः देखें प्रज्ञापना-सूत्र।

३. जीवाजीवाभिगम, जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति, चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति, आदि।

४. जम्बूद्दीवपण्णत्ति व० २, जीवाजीवाभिगम सूत्र १७३, १७८

५. भ. महावीर को 'धूतरय' कहा है सूत्रकृ० २९९।

६. आचा० ९९।

७. सूत्रकृ० ३६६।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मैंने इतः पूर्व वाचनाओं का निर्देश किया है। माथुरीवाचनांतर्गत अंग ग्रन्थ जो हमें उपलब्ध हैं उसी के आधार पर मैं इस नतीजे पर पहुँचा हूँ। जितने भी अंगबाह्य ग्रन्थ हैं, खास कर उपांग, उन्हें यदि देखा जाय तो उनमें 'अंग आगम से हमने यह बात कही है और उसके लिए अमुक अंग आगम देखें' ऐसा निर्देश नहीं आता[1]। पन्नवणा के प्रारम्भ में उसे दृष्टिवाद का निस्यंद कहा है किन्तु तदतिरिक्त जो अंग आगम आचार आदि हैं उनका साक्षी के रूप में निर्देश नहीं आता। दृष्टिवाद से उद्धरण की बात की चर्चा एक अलग व्याख्यान का विषय हो सकता है—सामान्य रूप से मैं यहाँ इतना कह देना चाहता हूँ कि क्योंकि दृष्टिवाद का विच्छेद माना गया था किसी भी नयी बात को आचार्य को कहना हो तो दृष्टिवाद से मैंने यह बात कही है—यह कह देना आसान था। जैसे वैदिकों ने लुप्तश्रुति का आश्रय लेकर कई नई परम्परा को चलाया है—यही प्रक्रिया जैनों में भी देखी जाती है।

किन्तु माथुरीवाचनान्तर्गत अंग आगमों में जैसे कि भगवती—व्याख्याप्रज्ञप्ति जैसे बहुमान्य आगम में भी जहाँ भी विवरण की बात है—वहाँ अंगबाह्य उपांगों का—औपपातिक, पन्नवणा, जीवाजीवाभिगम आदि का आश्रय लिया गया है। यदि ये विषय मौलिक रूप से अंग के होते तो उन अंगबाह्यों में ही अंगनिर्देश आवश्यक था। ऐसा न करके अंग में उपांग का निर्देश वह सूचित करता है कि तद्विषयकी मौलिक विचारणा उपांगों में हुई है। और उपांगों से ही अंग में जोड़ी गई है।

यह भी कह देना आवश्यक है कि ऐसा क्यों किया गया। जैन परंपरा में यह एक धारणा पक्की हो गई है कि भगवान महावीर ने जो कुछ उपदेश दिया वह गणधरों ने अंग में ग्रथित किया। अर्थात् अंगग्रन्थ गणधरकृत हैं, और तदितर स्थविरकृत हैं। अतएव प्रामाण्य की दृष्टि से प्रथम स्थान अंग को ही मिला है। अतएव नयी बात को भी यदि प्रामाण्य अर्पित करना हो तो उसे भी गणधरकृत बताना आवश्यक था। इसी कारण से उपांग की चर्चा को भी अंगांतर्गत कर लिया गया। यह तो प्रथम भूमिका की बात हुई। किन्तु इतने से संतोष नहीं हुआ तो बाद में दूसरी भूमिका में यह परम्परा भी चलाई गई कि अंगबाह्य भी गणधरकृत है और उसे पुराण तक बढ़ाया गया। अर्थात् जो कुछ जैन नामसे चर्चा हो उस सबको भ० महावीर और उनके गणधर के साथ जोड़ने की यह प्रवृत्ति इसलिए आवश्यक थी कि यदि उसका सम्बन्ध भगवान और उनके गणधरों के साथ जोड़ा जाता है तो फिर उसके प्रामाण्य के विषय में किसी को संदेह करने का अवकाश मिलता नहीं है। इस प्रकार चारों अनुयोगों का मूल भ. महावीर के उपदेश में ही है यह एक मान्यता दृढ़ हुई। इसके कारण बीसवी सदी में लिखने वालों का भी यही आग्रह रहता है कि वह जो कुछ कह रहा है वह भ. महावीर के उपदेश का ही अंश है। नतीजा यह है कि साधारण मनुष्य विवेक नहीं कर सकता कि भ. महावीरने क्या कहा और क्या न कहा। यह विवेक मूलग्रन्थों के तटस्थ अभ्यास के द्वारा ही हो सकता है और इसी ओर ध्यान दिलाना ही मेरा प्रस्तुत व्याख्यान का उद्देश्य मैंने माना है। और संक्षेप में यह दिखाने का प्रयत्न किया है कि उनका मौलिक उपदेश क्या था। विद्वानों से मेरा निवेदन है कि वे इस दृष्टि से अपने संशोधन में आगे बढे।

---

१ अपवाद है जहाँ भगवती के पंचम शतक के दशवें उद्देश का उल्लेख है—जंबुद्दीवपण्णत्ति सु० १५०।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

बे अप्रसिद्ध ताम्रपत्रो

संपादक– लक्ष्मणभाई भोजक

[१] मैत्रक–ध्रुवसेन (बालादित्य)नुं एक अप्रसिद्ध दानपत्र

श्री ला० द० भा० सं० विद्यामन्दिर, अमदावादना हस्तलिखित ख. रजी. क्रमांक ८४२१ अने मू० क्र० ५५४ मां प्रस्तुत ताम्रपत्र छे.

आ ताम्रपत्रनां बे पतरां छे. पहेला पतरानी छेल्ली पंक्ति पासे अने बीजा पतरानी पहेली पंक्ति पासे छीद्र करी तेमां तांबानो जाडो सळीयो परोवी सळीयाना बंने छेडा भेगा करी तेना उपर सील करेलुं छे.

सील उपर लंबगोळ आकारमां राजमुद्रा छे. उपरना अर्धा भागमां बेठेलो नंदी छे अने नीचेना भागमां श्री "भटक्कः" अक्षरो उपसावेला छे.

बन्ने पतरां एक ज मापनां २४×३२ से० मी० छे अने तेनुं कडी साथे कुल वजन ३८८० ग्राम छे.

पहेला पतरामां २३ पंक्ति अने बीजा पतरामां २२ पंक्ति छे. एक पंक्तिमां आसरे ५० थी ५६ अक्षरो छे.

पतरानी चारे तरफनी कीनार उपसावेली होवाथी अक्षरोने घसारो पहोंच्यो नथी.

दानपत्रनी भाषा संस्कृत छे. लिपि मैत्रककालीन छे. अनुस्वारना स्थाने मोटाभागे अनुनासिक वापर्या छे. रेफवाळा अक्षरो बेवडा लख्या छे. अवग्रहनो उपयोग कर्यो नथी. 'क' अने 'ख' नी पहेला आवता विसर्गना जिह्वामूलीय तथा 'प' अने 'फ' नी पहेला आवता विसर्गना उपध्मानीय माटे विशिष्ट चिह्न वापर्यां छे.

मैत्रक संवत ३१९ [AD 638] मागसर सुद ३ ना दिवसे शिवभागपुर विजयस्कंधावारथी श्री ध्रुवसेन अपर नाम बालादित्ये माता-पिताना पुण्यार्थे आ दान आप्युं छे

राजाओनी वंशावली आ प्रमाणे छे. १-भट्टार्क, तेना वंशमां २ गुहसेन, तेनो पुत्र ३ धरसेन, तेनो पुत्र ४ धर्मादित्य अपर नाम शीलादित्य, तेनो अनुज ५ खरग्रह, तेनो पुत्र ६ धरसेन, तेनो अनुज ७ ध्रुवसेन अपर नाम बालादित्य ।

दशपुरथी आवीने वलभीमां वसेला चतुर्वेदी छागल गोत्रना ब्राह्मण षष्ठिदत्तना पुत्र मातृदत्तने वापी सहित क्षेत्रनुं दान कर्युं छे.

सुराष्ट्रमां वाटवानकस्थलीमां मण्डक्कणरक गामनी पूर्व सीमामां धारासियक प्रकृष्ट क्षेत्रमांथी १०० पादावर्त्त प्रमाण क्षेत्र तथा ते मध्ये ३० पादावर्त्त प्रमाण "कपित्थवापी" नुं दान कर्युं छे.

क्षेत्रना खुंट नीचे प्रमाणे छे :

१ सर्गपाटक गामनी सीमथी पश्चिम तरफ

२ रंककसत्क क्षेत्रथी उत्तर तरफ

३ धारासियक क्षेत्रमां ग्राम पणकूल कृत संकरिकानी पूर्व तरफ

४ महत्तर भोक्तु उवक क्षेत्रनी दक्षिण तरफ

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कपित्थवापीना चार खुंट नीचे प्रमाणे:

१ सर्गपाटक गामनी सीमथी पश्चिम तरफ

२ परटकपद्रभूमिनी उत्तर तरफ

३ ऐन्द्रक सिरीषवापीनी पूर्व तरफ

४ कलपुत्र कदद्भव पिप्पलवापीनी दक्षिण तरफ

दूतक सामंत शीलादित्य छे अने संधिविग्रहाधिकृत दिविरपति वत्रभट्टी पुत्र दिविरपति स्कन्दभट्टे लख्युं छे.

अंतमां "स्वहस्तो मम" छे. नाम नथी.

मैत्रककालीन घणां ताम्रपत्रो आ पूर्वे प्रसिद्ध थयेलां छे तेमां आ एकनो उमेरो थाय छे.

ॐ स्वस्त(स्ति) विजयस्कन्धावाराच्छिवभागपुरवासकात्प्रसभप्रणतामित्राणां मैत्रकाणामतुलबलसम्पन्नमण्डलाभोगसंसक्तप्रहारशतलब्धप्रतापं(पः) प्र[२]तापोपनतदानमानार्ज्जवा(वो)पार्ज्जितानुरागादनुरक्तमौलभृतश्रेणीबलावाप्तराज्यश्रियः परममाहेश्वरः श्रीभटार्क्कादव्यवच्छिन्नराजवंशान्मा[३]तापितृचरणारविन्दप्रणतिप्रविधौताश(शे)षकल्मषः शैशवात्प्रभृति खड्गद्वितीयबाहुरेव समदपरगजघटास्फोटनप्रकाशितसत्वनिकषः [४] तत्प्रभावप्रणताराति चूडारत्नप्रभासंसक्तपादनखरश्मिसंहतिस्सकलस्मृतिप्रणीतमार्ग्गस्सम्यक्परिपालनप्रजाहृदयरञ्जना[द]न्वर्त्थराजशब्दो रू[५]पकान्तिस्थैर्य्यगाम्भीर्य्यबुद्धिसम्पद्भिः स्मरशशाङ्काद्रिराजोदधित्रिदशगुरुधनेशानतिशयानः शरणागताभयप्रदानपरतया तृण[६]वदपास्ताशेषस्वकार्य्यफल[ः] प्रार्थनाधिकार्थप्रदानानन्दितविद्वत्सुहृत्प्रणयिहृद[य]ः,पादचारीव सकलभुवनमण्डलाभोगप्रमोदः प[७]रममाहेश्वरः श्रीगुहे(ह)सेनस्तस्य सुतस्तत्पादनखमयूखसंतानविसृतजाह्नवीजलौघप्रक्षालिताशेषकल्मशः(षः) प्रणयिशतसहस्रो[८]पजीव्यमानसम्पद्रूपलोभादिवाश्रितस्सरभसमाभिगा(गा)मिकैर्गुणैस्सहजशक्तिस(शि)क्षाविशेषविस्मापिताखिलधनुर्द्धरः प्रथमनरपति[९]समतिसृष्टानामनुपालयिता धर्म्मदायानाम् , अपाकर्त्ता प्रजोपघातकारिणामुपप्लवानां, दर्शयिता श्रीसरस्वत्योरेकाधिवासस्य, स[१०]ङ्हताराति पक्षलक्ष्मीपरिभोगदक्षविक्रमो विक्रमोपसंप्राप्तविमलपार्थिवश्रीः परममाहेश्वरः श्रीधरसेनस्तस्य सुतस्तत्पादानुद्ध्या[११]तस्सकलजगदानन्दनात्यद्भुतगुणसमुदयस्थगितसमग्रदिग्मण्डलस्समरशतविजयशोभासनाथमण्डलाग्रद्युतिभासुरतरान्सपी[१२]ठो- -दूढगुरुमनोरथमहाभारस्सर्व्वविद्यापरापरविभागाधिगमविमलमतिरपि सर्व्वतः सुभाषितलवेनापि सुखोपपादनीय[१३]परितोष(षः) समग्रलोकागाधगाम्भीर्य्यहृदयोपि सुचरितातिशयसुव्यक्तपरमकल्याणस्वभावः खिलीभूतकृतयुगनृपतिपथवि[१४]शोधनाधिगतोदग्रकीर्तिर्द्धर्म्मानुपरोधोज्व(ज्ज्व)लतरीकृतार्त्थसुखसम्पदुपसेवानिरूढ(ढो) धर्म्मा-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

दित्यद्वितीयनामा परममाहेश्वर[१५]श्रीशीलादित्यस्तस्यानुजस्तत्पादानुद्ध्यातः स्वयमुपेन्द्रगुरुणेव गुरुणात्यादरवता समभिलषणीयामपि राजलक्ष्मों स्कन्धासक्तां [१६] परमभद्र इव धुर्य्यस्तदाज्ञासम्पादनैकरसतयैवोद्वहन्खेदसुखरतिभ्यामनायासितसत्त्व-सम्पत्तिः प्रभावसम्पद्वशी[१७]नृपतिशतशिरोरत्नच्छायोपगूढपादपीठोपि परावज्ञा-भिमानरसानालिङ्गितमनोवृत्तिः प्रणतिम(मे)कां परित्यज्य प्रख्यातपौरु-[१८]-षाभिमानैरप्यरातिभिरनासादितप्रतिक्रियोपायः कृतनिखिलभुवनामोदविमलगुणसङ्हतिः प्रसभविघटितसकलकलि[१९]विलसितगतिर्न्नीचजनाधिरोहिभिरशेषैर्दोषैरनामृष्टात्युन्न-तहृदयः प्रख्यातपौरुष[: शा]स्त्रकौशलातिशयगणतिथविपक्ष[२०]क्षितिपतिलक्ष्मी-स्वयंग्र(ग्रा)हप्रकाशितप्रवीरपुरुषः(ष)प्रथमसंख्याधिगमः परममाहेश्वरः श्रीखरग्र-हस्तस्य तनयस्तत्पादानुद्ध्यातः सकलविद्याधिगमवि[२१]हितनिखिलविद्वज्जनमन-परितोषातिशयितसत्त्वसम्पदा त्यागौदार्य्येण च विगतानुसन्धानाश(स)माहितारातिपक्षमनो[रथ]रथाक्षभङ्गः [२२] सम्यगुपलक्षितानेकशास्त्रकलालोकचरितगह्वरविभागो-पि परमभद्रप्रकृतिरकृत्रिमप्र[२३]श्रयविनयशोभाविभूषणः समरशतजयपताकाहर-णप्रत्यलोदग्रबाहुदण्डविध्वंसित- [प्रथम ताम्रपत्र पूर्ण]

[ताम्रपत्र द्वितीय]

[१] निखिलप्रतिपक्षदर्प्पोदयः स्वधनुःप्रभावपरिभूतास्त्रकौशलाभिमानसकल-नृपतिमण्डलाभिनन्दित[२]शासनः परममाहेश्वरः श्रीधरसेनस्तस्यानुजस्तत्पादानु-द्ध्यातः सच्चरितातिशयितसकलपूर्वनरपतिर[३]तिदुस्साधानामपि प्रसाधयिता वि-षयाणां, मूर्त्तिमानिव पुरुषकारः परिवृध्धगुणानुरागनिर्भ्भरचित्तवृत्तिभिर्म्मनु[४]रिव स्वयमभ्युपपन्नः प्रकृतिभिरधिगतकलाकलापक्का(पः का)न्तिमानि(न्नि)र्वृतिहेतुरकलङ्कः कुमुदनाथः, प्राज्यप्रतापस्थगितदि[५]गन्तराल[:] प्रध्वंसितध्वान्तराशिस्स-[स्त]तोदितस्सविता प्रकृतिभ्यः परं प्रत्ययमर्थवन्तमतिबहुतिथप्रयोजनानु-बध्ध(न्ध)मागमपरि[६]पूर्णं विदधानस्सन्धिविग्रहसमासनिश्चयनिपुणः स्थानेऽनु-रूपमादेशं ददद्गुणवृद्धिविधानजनितसंस्कारः साधूनां राज्यशाला[७]तुरीयतन्त्रयो-रुभयोरपि निष्णातः प्रकृष्टविक्रमोपि करुणमृदुहृदय[:], श्रुतवानप्यगर्वितः कान्तोपि प्रशमी स्थिरसौहृदय्योपि निर[७]सिता दोषवतामुदयसमयसमुपजनितजनतानुराग-परिपिहितभुवनसमर्थितप्रथितबालादित्यद्वितीयनामा परममाहेश्वरः [९] श्रीध्रुवसेनः कुशली सर्वानेव यथा सम्बध्यमानकान्समाज्ञापयत्यस्तु वस्संविदितं यथा मया माता-पित्रोः पुण्याप्यायनाय दशपु[१०]रविनिर्गतवलभीवास्तव्यवलभीचातुर्विद्यसामा-

न्यस्कालोदायनसगोत्रच्छागलेयसब्रह्मचारिब्राह्मणषष्ठिदत्तपुत्रब्राह्मणमातृ[११]दत्ताय सुराष्ट्रेषु वादवानकस्थल्यां मण्डकसरकग्रामे पूर्वसीम्नि धारासियकप्रकृष्टक्षेत्रामध्याद्भूपादावर्त्तशतं यस्याघाटनानि [१२] सर्ग्गपाटक ग्राम सीमातोऽपरतः रङ्कसत्कक्षेत्रादुत्तरतः धारासियकप्रकृष्टक्षेत्रमध्ये ग्रामपणकूल्कुतसङ्करिकानां पूर्वतः म[१३]हत्तरभोक्त्यु(? क्तु)रुवकप्रकृष्टक्षेत्राद्दक्षिणतः तथास्मिन्नेव ग्रामे पूर्वसीम्न्येव धारासियकप्रकृष्टकपित्थवापी त्रिंशत्पादावर्त्तपरि[१४]परा यस्याः आघाटनानि सर्ग्गपाटकग्रामसीमातो(ऽ)परतः परटकपद्रभूमेरुत्तरतः ऐन्द्रकप्रकृष्टसोरीषवाप्या पूर्वतः क(कु)ञ्पु·[१५]कद्ध्रवप्रकृष्टपिप्पलवाप्याः दक्षिणतः लवमेतद्वापी पाद-वर्त्तशतं चतुराघाटनविशुद्धं सोद्रङ्गं सोपरिकरं सभूतवातप्र[१६]त्यायं सधान्यहिरण्यादेयं सदशापराधं सोत्पद्यमानविष्टी(ष्टि)कं सर्वराजकीयानामहस्तप्रक्षेपणीयं पूर्वप्रत्तदेवब्रह्मदेयरहितं [१७] भूमिच्छिद्रन्यायेनाचन्द्रार्कार्ण्णवक्षितिसरित्पर्वतसमकालीनं पुत्रपौत्रान्वयभोग्यमुदकातिसर्गेण ब्रह्मदायो निसृष्टः यतो(ऽ)स्योचित[१८]या ब्रह्मदेयस्थित्या भुञ्जतः कृषतः कर्षयतः प्रदिशतो वा न कैश्चिद्व्यासेधे वर्तितव्यमागामिभद्रनृपतिभिरप्यस्मद्वंशजैरन्यैर्वा [१९] अनित्यान्यैश्वर्याण्यस्थिरं मानुष्यं सामान्येन भूमिदानफलमवगच्छद्भिरयमस्मद्दायो[ऽ]नुमंतव्यः परिपालयितव्यश्चेत्युक्तञ्च

बहुभिर्व[२०]सुधा भुक्ता राजभिस्सगरादिभिः ।
यस्य यस्य यदा भूमिस्तस्य तस्य तदा फलं ॥

यानीह दारिद्र्यभयान्नरेन्द्रैर्द्धनानि धर्म्मायतनीकृतानि ।
निर्भुक्तमाल्यप्रतिमानि तानि [२१] को नाम साधु पुनराददित:(त) ॥

षष्ठिवर्षसहस्राणि स्वर्गे तिष्ठति भूमिद[ः] ।
आच्छेत्ता चानुमन्ता च तान्येव नरके वसेत् ॥

दूतकोत्र सामन्तशीलादित्यः लिखितमिद(दं) स[२२]न्धिविग्रहाधिकृतादिविरपतिवत्रभट्टिपुत्रदिविरपतिस्कन्दभटेन ॥ सं ३१९ मार्ग्गशिर शुद्ध ३ स्वहस्तो मम ॥

[२] ताम्रपत्र–विक्रमसंवत : ११६० [११०३A.D.]

श्री ला० द० भा० सं० विद्यामन्दिर अमदावादना हस्तलिखित भेट रजी० क्रमांक ३१६८१ (मू० नं०५३७) मां प्रस्तुत ताम्रपत्र नोंधायेलुं छे.

पूज्य पन्यासजी श्री कल्याणविजयजी महाराज साहेब पासेथी मु० जालोरथी (राजस्थान) ता. ४-९-७२ ना रोज मल्युं छे.

ताम्रपत्रनां बे पतरां छे. तेने कडी के सोल नथी. बंने पतरां छुटां छे. तेनुं माप १०.५ ×२१.५ से. मी. छे अने वजन ७३२ ग्राम छे.

महाराजाधिराज श्रीविजयराजनी कृपाथी मळेला वाघणवाडा गामना शासक, परमार जातिना राजपुत्र मियणपालना सुत राजपुत्र पूर्णराजे दान कर्युं छे.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वि० सं० ११६० चैत्र सुद १५ सोमवारे, चन्द्रग्रहण पर्व निमित्ते स्नान करीने माता-पिता तथा आप्त जनोना श्रेयनी वृद्धि माटे दान आप्युं छे.

